सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 04 अक्टूबर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 86, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



वैश्विक अनिश्चितता अब स्थायी चुनौती : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता अब स्थायी स्थिति बन गई है और ऐसी नीतियां बनाने की जरूरत है, जो आर्थिक मजबूती बढ़ाएं। } 10

अब सिर्फ तीन साल में मिल जायेगा न्याय : शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक तीन साल में न्याय दिलाने का पूरा काम हो जायेगा। } 12

राष्ट्र निर्माण में प्रशासनिक सेवा की अहम भूमिका

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी के शताब्दी समारोह को किया संबोधित



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की स्वतंत्रता से पहले की प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े एक ऐतिहासिक तथ्य का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान भी सिविल सेवा परीक्षा में संस्कृत का एक प्रश्नपत्र होता था। उन्होंने कहा प्रशासनिक विभाग

राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई अभिलेखीय प्रदर्शनी के एक विवरण का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1920 में अपनी परीक्षा के दौरान संस्कृत विषय की परीक्षा दी थी। मोदी ने कहा गैलरी को देखते हुए मैंने ध्यान दिया कि इसमें यह जानकारी भी दी गई है कि सुभाष चंद्र बोस ने 1920 में इसी प्रक्रिया से गुजरते हुए परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान इस बात ने खींचा कि उस समय भारत ब्रिटिश शासन होने के बावजूद परीक्षा में संस्कृत एक प्रश्नपत्र हुआ करता था, जिसे सुभाष बाबू ने भी दिया था। प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

एशियन गेम्स : पाकिस्तान को हराकर क्रिकेट में भारत ने जीता गोल्ड

हॉकी व तीरंदाजी में कुमकुम-प्रणवी ने रचा इतिहास, पदक तालिका में चौथे स्थान पर भारत







एजेंसी

नागोया। स्टार खिलाड़ियों से सजी क्रिकेट और हॉकी टीम ने उम्मीद के मुताबिक अपने खिताब बरकरार रखे, लेकिन 17 वर्षीय तीरंदाज कुमकुम मोहाद और गोल्फर प्रणवी उर्स ने अप्रत्याशित रूप से इतिहास रचते हुए भारत के लिए अंत में आई स्वर्णिम लहर में अहम योगदान दिया जिसने शनिवार को यहां एशियाई खेलों में देश को सम्मानजनक चौथे स्थान पर पहुंचाया। भारत हालांकि पिछले चरण में जीते गए 106 पदकों की बराबरी या उससे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सका, लेकिन 85 पदकों की कुल संख्या भी काफी अच्छा प्रदर्शन है। हालांकि उम्मीद इससे बेहतर की थी, खासकर निशानेबाजों व बैडमिंटन खिलाड़ियों से। अंत में भारत ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक हासिल किए। दिलचस्प रहा कि इन 21 स्वर्ण में से 11 पदक पिछले दो दिनों में आए और अंतिम स्थानों में अभी थोड़ा बदलाव हो सकता है क्योंकि रविवार को घुड़सवारी की कुछ प्रतियोगिताएं निर्धारित हैं जिनमें भारत का निकटतम प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान (21 स्वर्ण, 25 रजत और 24 कांस्य से कुल 70 पदक) भी मुकाबले में है। लेकिन शनिवार देश के लिए जश्न से भरा दिन रहा क्योंकि क्रिकेट और हॉकी के जाने-पहचाने सितारों ने शानदार प्रदर्शन किया। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने निशिन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 19 रन से जीत दर्ज की, वहीं हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में हॉकी खिलाड़ियों ने भी काकामिगाहारा में मलेशिया के खिलाफ शानदार ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

होमगार्ड्स के 41,424 पदों का परिणाम जारी

लखनऊ। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में होमगार्ड बल को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूरी हुई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरबी) ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 41,424 पदों पर एनरोलमेंट-2025 का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया है। चयनित अभ्यर्थियों की जनपदवार सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। होमगार्ड्स के इन पदों के लिए बोर्ड ने 18 नवंबर 2025 को विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए निकाली गई इन रिक्तियों के सापेक्ष कुल 25,32,196 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 की यह प्रक्रिया आवेदन, लिखित परीक्षा, दस्तावेजों की जांच, शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षा के विभिन्न चरणों से गुजरने के बाद अंतिम चयन तक पहुंची है। इससे प्रदेश के विभिन्न जिलों में होमगार्ड बल के लिए निर्धारित रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

एटीएस ने प्रदेश के 15 जिलों में मारा छापा

लखनऊ। पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद भट्टी के यूपी नेटवर्क पर एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस की टीमों ने प्रदेश के 15 जिलों में एक साथ छापेमारी की। पश्चिमी यूपी के साथ इंडो-नेपाल बॉर्डर से लगे जिलों में भी कार्रवाई चल रही है। अब तक नेटवर्क से जुड़े करीब आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। एटीएस की टीमें भट्टी के स्थानीय मददगारों और संदिग्ध सहयोगियों के ठिकानों की तलाशी ले रही हैं। कार्रवाई का मुख्य फोकस नेटवर्क को फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और अन्य मदद पहुंचाने वाले लोगों की पहचान करना है। छापेमारी के दौरान डिजिटल डिवाइस, दस्तावेज और अन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

छात्रवृत्ति तक का पैसा खा गयी थी सपा : योगी

4.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों के खाते में हस्तांतरित की 148 करोड़ रुपये से अधिक छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति की छात्रवृत्ति भेजी ही नहीं गई। तत्कालीन सरकार यह छात्रवृत्ति खा गई। 2017 में हमारी सरकार बनी तो हमने 2016-17 व 2017-18 की छात्रवृत्ति एक साथ भेजी। पहले केवल 2900 करोड़ रुपये ही छात्रवृत्ति दी जाती थी। आज हमारी सरकार 6200 करोड़ रुपये (दोगुने से अधिक) छात्रवृत्ति देती है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में चालू वित्त वर्ष के लिए पूर्वदशम (9-10) तथा दशमोत्तर कक्षाओं के 4.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों के खाते में 148 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हस्तांतरित की और 11 विद्यार्थियों को अपने हाथ से छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र भी सौंपे। सीएम ने आश्वस्त किया कि छात्रों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। हर पात्र बच्चे को छात्रवृत्ति मिलेगी, छूटे हुए बच्चे भी जल्द आवेदन करें। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति की राशि को खान-पान के बजाय शिक्षा पर ही खर्च कीजिए। इससे अच्छी पाठ्य पुस्तकें, रेफरेंस बुक खरीदिए। पाठ्यक्रम के साथ ही महापुरुषों की आत्मकथा, ज्ञानवर्धक व धार्मिक पुस्तकों को पढ़िए, अपना बुक बैंक बढ़ाइए। सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट दे रही है, 60 लाख को मिल चुका है। शेष को भी जल्द दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि पहले 100 में से 60-70 बच्चों को ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलता था। बाबू और अन्य लोग इस पर डाका डालते थे, छात्र ठगा रहता था। छात्रवृत्ति के लिए चक्कर लगाने में उससे ज्यादा तो युवाओं का किराया लग जाता था। लेकिन, आज खाता खोलकर छात्रों का पैसा सीधे उसमें भेजा जाता है। हमारे समय यह व्यवस्था नहीं थी, लेकिन मोदी जी ने जीरो अकाउंट पर बैंक खाते खुलवा दिए। सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष 69 लाख बच्चों को 6200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। 9 वर्ष में 4 करोड़ से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति मिली ...शेष पृष्ठ 10 पर

काशी के आसमान में गूंजेगा वायुसेना का शौर्य



विशेष संवाददाता

लखनऊ। देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी अक्टूबर में भारतीय वायुसेना के शौर्य और सामर्थ्य की साक्षी बनेगी। वाराणसी के नमो घाट पर 24 से 26 अक्टूबर तक भव्य एयर शो प्रस्तावित है। 25 अक्टूबर को मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की संभावना है।

एयर शो की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। भारतीय वायुसेना, जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान दर्शक दीर्घा, ग्रैंड स्टैंड, वीवीआईपी और वीआईपी क्षेत्र, मीडिया एरिया, प्रवेश-निकास मार्ग और सुरक्षा जांच केंद्र समेत विभिन्न व्यवस्थाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

चुनौतियों से निपटने के लिए बढ़ रही वायुसेना की शक्ति

एजेंसी



नयी दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने शनिवार को कहा कि तेजस लड़ाकू विमानों को वायुसेना में शामिल करने में हो रही अत्यधिक देरी भारतीय वायुसेना के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन की संख्या लगातार घट रही है और वह भी ऐसे समय में जब सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए वायु शक्ति का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। वायुसेना दिवस से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल सिंह ने यह भी कहा कि अगले कुछ वर्षों तक भारतीय वायुसेना को हर साल कम से कम 36-40 लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वदेशी रूप से निर्मित तेजस मार्क-1ए विमानों के साथ-साथ बहु-उद्देश्यीय लड़ाकू विमान (एमआरएफए) कार्यक्रम के तहत खरीदे जाने वाले राफेल लड़ाकू विमानों को शामिल किए जाने से स्थिति में सुधार होगा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि भारत की ...शेष पृष्ठ 10 पर

अतिथि देवो भवः उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत

युवाओं के आपसी संवाद से राज्यों के बीच बढ़ता है अनुभव : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड की यात्रा पर पहुंचे हरियाणा के युवाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर अपने तीन दिवसीय प्रवास की जानकारी साझा की। युवाओं ने बताया कि इस दौरान उन्हें उत्तराखण्ड की प्राकृतिक विशेषताओं, सांस्कृतिक परंपराओं और स्थानीय जीवन को नजदीक से समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान उन्होंने पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं, सड़क व डिजिटल नेटवर्क, होम-स्टे, सौर ऊर्जा तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का भी देखा।

युवाओं से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में बाहर से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के स्वागत और सम्मान को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अतिथि देवो भवः की परंपरा प्रदेश की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, अलग-अलग राज्यों के युवाओं का एक-दूसरे के प्रदेश में जाकर वहां की परिस्थितियों को देखना आपसी समझ विकसित करने का अवसर देता है। इससे देश की विविध संस्कृति को जानने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास प्रयासों की जानकारी भी मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ...शेष पृष्ठ 10 पर

उप्र विधान परिषद चुनाव : स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन तेज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनावों के तहत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार शनिवार तक कुल 38 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इस चुनाव में सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा के उम्मीदवारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों ने मुकाबले को बेहद दिलचस्प और कड़ा बना दिया है। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में दाखिल किए गए नामांकनों में राजनीतिक दलों के साथ-साथ सभी निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी किस्मत अजमा रहे है। इसमें आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा से मनवेंद्र प्रताप सिंह गुरु जी व निर्दलीय रुमा कुमारी, इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सपा मानसिंह, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रमेश चंद्र दुबे, विष्णु कुमार है। वहीं, लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीयः सुनील कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन भरा। इसी प्रकार मेरठ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से कुल 1 नामांकन, जिसमें निर्दलीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

भाजपा-सपा व सभी निर्दलीय प्रत्याशियों के नाम आए सामने, 38 नामांकन पत्र हुए दाखिल



आज का मौसम
अधिकतम : 30.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- युवाओं के भविष्य पर हो राजनीति (पृष्ठ-02)
- यूपी में तेजी से बढ़ेगा ई-वाहनों का चार्जिंग नेटवर्क(पृष्ठ-02)
- वैश्विक अनिश्चितता अब स्थायी चुनौती (पृष्ठ-10)
- गंडक नदी के जलस्तर में अभूतपूर्व बढ़ोतरी (पृष्ठ-10)
- गोयल ने अमेरिकी कंपनियों संग की बैठक (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — अस्पतालों की फार्मेसियों में दवाओं की कीमतों का खेल, खरीद और बिक्री मूल्य के अंतर की होगी जांच

17 जिलों के 52 अस्पतालों का औचक निरीक्षण

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की फार्मेसियों में दवाओं की खरीद-बिक्री व्यवस्था की जांच तेज कर दी है। प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत 17 जिलों में 9 राजकीय मेडिकल कॉलेज, 11 निजी मेडिकल कॉलेज और 32 निजी अस्पतालों की फार्मेसियों का औचक निरीक्षण किया गया।

जांच में कई जगह दवाओं के प्रिंटेड एमआरपी, खरीद मूल्य और मरीजों से लिए जा रहे बिक्री मूल्य के बीच बड़ा अंतर सामने आया। विभाग के अनुसार कुछ मामलों में निमार्ता कंपनियों ने दवाओं पर काफी अधिक एमआरपी अंकित की थी, जबकि अस्पतालों की फार्मेसियों को वही दवाएं काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराई गई थीं। इसके बावजूद मरीजों को उचित छूट दिए बिना लगभग पूरी एमआरपी पर दवाएं बेचे जाने के मामले मिले। एफएसडीए ने खरीद मूल्य और मरीजों से वसूले जा रहे बिक्री मूल्य के अंतर को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अस्पतालों, सप्लायर्स और निमार्ता फर्मों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग यह भी जांच रहा है कि दवाओं के खरीद और बिक्री मूल्य में अंतर का आधार क्या था और संबंधित मामलों में औषधि मूल्य नियंत्रण से जुड़े प्रावधानों का पालन किया गया या नहीं। अभियान के दौरान फार्मेसियों के बिक्री बिल, स्टॉक रजिस्टर, खरीद संबंधी अभिलेख और मूल्य निर्धारण से जुड़े दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया। एफएसडीए के अनुसार फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा में दवाओं के मूल्य निर्धारण से संबंधित विसंगतियां सामने आईं। यहां ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर, 2013 (डीपीसीओ) के प्रावधानों के अनुपालन की भी जांच की गई। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मूल्य संबंधी जांच के अलावा फार्मेसियों के लाइसेंस और खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज भी जांचे गए। टेंडर पाल्म, लखनऊ, टीएस मेडिकल कॉलेज, लखनऊ, वाराणसी हॉस्पिटल, वाराणसी, एपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वाराणसी, ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में बड़ा फेरबदल, 15 आईएएस व 23 पीसीएस अफसरों के तबादले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 15 आईएएस और 23 पीसीएस अधिकारियों समेत कुल 38 अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। इसमें उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अपर आयुक्त नीरज शुक्ला का तबादला प्रमुख है।

नीरज शुक्ला बने पीसीके एमडी, राकेश कुमार सिंह को आवास विकास परिषद का अपर आयुक्त बनाया गया

उन्हें प्रबंध निदेशक, पीसीएफ बनाया गया है। वहीं लखनऊ के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का अपर आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा जौनपुर, मऊ और लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। पंचायती राज, चिकित्सा शिक्षा, भूतत्व एवं खनिकर्म, कृषि उत्पादन मंडी परिषद और चिकित्सा आपूर्ति निगम से जुड़े पदों पर भी नई तैनाती की गई है। राकेश कुमार सिंह को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), लखनऊ से अपर आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद बनाया गया है। नीरज शुक्ला, जो आवास एवं विकास परिषद के अपर ...शेष पृष्ठ 10 पर

छात्रवृत्ति से खुले सपनों के पंख

4.60 लाख से अधिक छात्राओं के खातों में 148 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

विशेष संवाददाता (vol)



योगी सरकार ने आसान की पढ़ाई की राह

लखनऊ। आर्थिक परिस्थितियां पढ़ाई में बाधा न बनें, इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजना के तहत शनिवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) और दशमोत्तर कक्षाओं की 4.60 लाख से अधिक छात्राओं के खातों में 148 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि हस्तांतरित की।

छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि आर्थिक सहायता से परिवार पर पढ़ाई का बोझ कम होगा। इससे किताबें, फीस और अन्य शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। कई विद्यार्थियों ने इसे अपने भविष्य के लक्ष्यों की तैयारी में सहायक बताया।

गोसाईंगंज के सत्यम ने बताया कि छात्रवृत्ति की राशि से पढ़ाई से जुड़े खर्च में परिवार को राहत मिलेगी। वह इससे किताबें और जरूरी शैक्षणिक सामग्री खरीदेंगे। सुरियामऊ के विवेक कनौजिया ने कहा कि छात्रवृत्ति से फीस और किताबों का खर्च पूरा करने में मदद मिलेगी, जिससे आगे की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आसान होगा। रकीबखेड़ा के अमन कुमार और गोसाईंगंज के मयंक रावत ने भी कहा कि छात्रवृत्ति से शिक्षा संबंधी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी।

विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों स्वीकृति पत्र मिलने को अपने लिए गौरव का क्षण बताया। इटौंजा की साक्षी ने कहा कि छात्रवृत्ति मिलने से आगे पढ़ाई करने का हौसला बढ़ा है। वहीं डॉक्टर बनने का सपना देख रहे सत्येंद्र रावत ने कहा कि आर्थिक सहायता से परिवार को पढ़ाई का खर्च संभालने में सहूलियत होगी। इससे वह अपने लक्ष्य की तैयारी पर बेहतर ध्यान दे सकेंगे।

पुलिस विभाग में सेवा देने का लक्ष्य रखने वाले एक छात्र ने कहा कि छात्रवृत्ति से परिवार पर आर्थिक बोझ कम होगा और भविष्य की तैयारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इटौंजा की आकांक्षा गौतम ने कहा कि छात्रवृत्ति से किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने में मदद मिलेगी। इससे परिवार पर पढ़ाई का आर्थिक दबाव कम होगा। अर्चना ने भी आर्थिक सहयोग को आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यार्थियों का कहना है कि छात्रवृत्ति जैसी सहायता से आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका कम होगी और वे अपने शैक्षणिक लक्ष्यों पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

कक्षा 12 के छात्र रणवीर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों छात्रवृत्ति का स्वीकृति पत्र मिलना उनके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि उनके पिता मजदूरी करते हैं। ऐसे में छात्रवृत्ति मिलने से परिवार पर आर्थिक बोझ कम होगा और पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। रणवीर ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों स्वीकृति पत्र मिलने का पल वह लंबे समय तक याद रखेंगे। हिमांशु वर्मा ने भी छात्रवृत्ति मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकार की सहायता से उन्हें पढ़ाई जारी रखने और भविष्य के लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वर्गवार आंकड़ों के अनुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग के 2,23,615 विद्यार्थियों के खातों में 60.01 करोड़ रुपये भेजे गए। अनुसूचित जाति के 1,59,959 विद्यार्थियों को 64.54 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति मिली। इसी तरह सामान्य वर्ग के 38,084 विद्यार्थियों के खातों में 11.43 करोड़ रुपये, जबकि अल्पसंख्यक वर्ग के 38,901 विद्यार्थियों के खातों में 12.06 करोड़ रुपये भेजे गए।

यूपी में तेजी से बढ़ेगा ई-वाहनों का चार्जिंग नेटवर्क

1,500 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य, 240 स्थान चिह्नित

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार की तैयारी तेज कर दी गई है। योगी सरकार ने प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के दूसरे चरण में प्रदेश में 1,500 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 240 स्थान चिह्नित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 1,260 स्थानों की पहचान की जानी है।

वहीं, योजना के मौजूदा चरण में एनसीआर और गैर-एनसीआर क्षेत्रों के 20 समूहों में 238 स्थान स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 99 स्थानों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि 139 स्थानों के एमओयू लंबित हैं। पहले चरण के प्रस्तावित चार्जिंग नेटवर्क में एनसीआर क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर में 39, मेरठ में 35 और गाजियाबाद में छह स्थान शामिल हैं। गैर-एनसीआर क्षेत्र में लखनऊ के 36, गोरखपुर के 32, वाराणसी के 28, आगरा के 21, मथुरा के 14, प्रयागराज के 13, कानपुर के 12 और कानपुर देहात के दो स्थान शामिल हैं। कुल 238 स्वीकृत स्थानों में से 99 पर एमओयू हो चुके हैं। शेष स्थानों पर भी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के दूसरे चरण में एनसीआर के आठ जिलों और माल परिवहन गलियारे को ध्यान में रखते हुए 1,500 स्थानों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए नगर निगमों, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, परिवहन विभाग, बिजली वितरण कंपनियों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, गन्ना संस्थानों और मंडी समितियों समेत विभिन्न विभागों के परिसरों को संभावित स्थल के रूप में शामिल किया गया है। नगर निगम क्षेत्रों में अब तक 129 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनमें अलीगढ़ के 22, अयोध्या के 13, बरेली के 16, फिरोजाबाद के 15, झांसी के 16, मुरादाबाद के सात, सहारनपुर के पांच, शाहजहांपुर के 10, आगरा के आठ, कानपुर नगर के 11, मेरठ के पांच और कानपुर देहात का एक स्थान शामिल है। इसके अलावा यूपी रोडवेज के लिए 74, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए 10 और विद्युत वितरण कंपनियों के लिए 26 स्थान चिह्नित किए गए हैं। चार्जिंग स्टेशन के लिए मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक पार्क, विश्वविद्यालय, गन्ना संस्थान, मंडी समितियां, जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन और तहसील कार्यालय जैसे स्थान भी चिह्नित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बस स्टेशन, मॉल, पार्किंग स्थल, ढाबे और अन्य सार्वजनिक स्थानों को भी उपयुक्त स्थल के तौर पर शामिल किया जा रहा है। प्रस्तावित सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन में 60 किलोवाट क्षमता के दो डीसी चार्जर और 12 किलोवाट क्षमता का एक एसी/डीसी चार्जर लगाने का प्रावधान है। इससे लंबी दूरी के साथ-साथ शहरों के भीतर इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को भी सुविधा मिलेगी। हाल में मुख्य सचिव की बैठक में 238 चिन्हित स्थानों में से 99 के एमओयू पूरे होने और 139 के लंबित होने की जानकारी दी गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में सार्वजनिक स्थलों, बड़े सरकारी कार्यालयों, बस स्टेशनों, औद्योगिक पार्कों, शिक्षण संस्थानों, मॉल, ढाबों और पार्किंग स्थलों समेत अन्य उपयुक्त स्थानों का चिन्हीकरण कर संबंधित विभाग को प्रस्ताव जल्द भेजें।

युवाओं के भविष्य पर हो राजनीति : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

- सरोजनी नगर विधायक बोले, एआई से अंतरिक्ष तक बढ़ रहा भारत, राजनीति भी युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप हो

लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा और विपक्षी राजनीति में जातीय समीकरणों के बढ़ते संदर्भों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत की राजनीतिक बहस युवाओं के भविष्य, तकनीकी प्रगति, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के ठोस एजेंडे पर केंद्रित होनी चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा कि जब दुनिया एआई, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर्स, क्वंटम कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है, तब राजनीति का विमर्श भी भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाओं को केवल जातीय पहचान और चुनावी समीकरणों तक सीमित करना उनके भविष्य के साथ न्याय नहीं है।

सपा और अखिलेश यादव की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि राजनीतिक दलों को युवाओं के सामने अपनी आर्थिक दृष्टि, शिक्षा नीति, रोजगार सृजन, कौशल विकास, निवेश, उद्योग और सामाजिक न्याय की ठोस नीतियां रखनी चाहिए। चुनावी बहस इस बात पर होनी चाहिए कि उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मजबूत होगी, युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण कैसे मिलेगा, रोजगार के नए अवसर कैसे पैदा होंगे, निवेश और उद्योग कैसे आएंगे तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक कैसे ले जाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का वास्तविक अर्थ प्रत्येक युवा को सम्मान, अवसर और आगे बढ़ने का समान अधिकार देना है। युवाओं की पहचान को केवल चुनावी गणित तक सीमित करने के बजाय उन्हें डिजिटल शिक्षा, आधुनिक कौशल, उद्यमिता, रोजगार और नवाचार के अवसरों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत का युवा आज एआई से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता रखता है। देश के युवा नई तकनीक विकसित करें, वैश्विक स्तर पर नवाचार करें, अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयां छूएं और भारत को ज्ञान एवं तकनीक की महाशक्ति बनाने में योगदान दें, यही 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को जातीय खांचों में बांधने वाली राजनीति नहीं, बल्कि उन्हें अवसरों और आकांक्षाओं के नए क्षितिज से जोड़ने वाली राजनीति चाहिए। राजनीतिक दलों को जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे शिक्षा, रोजगार, निवेश, उद्योग और आर्थिक विकास के क्षेत्र में क्या ठोस कार्ययोजना लेकर आ रहे हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने विपक्षी दलों से आह्वान किया कि वे जातीय समीकरणों से आगे बढ़कर अपनी नीतियों, विकास दृष्टि और युवाओं के भविष्य की स्पष्ट कार्ययोजना पर चुनावी बहस करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विचारों और नीतियों के आधार पर होनी चाहिए, ताकि उत्तर प्रदेश का युवा जातीय राजनीति में उलझने के बजाय विकास, अवसर और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ सके।

नवरात्र-दिवाली में भारत टैक्सी आसान करेगी यूपी का सफर

लखनऊ। नवरात्र और दिवाली के त्योहारों से पहले उत्तर प्रदेश में ऐप आधारित टैक्सी सेवा का दायरा तेजी से बढ़ाने की तैयारी है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज के बाद अब भारत टैक्सी को छोटे और मध्यम शहरों तक पहुंचाया जाएगा। एक माह के भीतर प्रदेश के 12 और शहरों में सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें अयोध्या, आगरा और मेरठ को नवरात्र से पहले नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी है। इससे श्रद्धालुओं, स्थानीय यात्रियों और पर्यटकों को मोबाइल से टैक्सी बुक करने की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजार और प्रमुख धार्मिक स्थलों तक आने-जाने के लिए लोगों को स्थानीय स्तर पर ऐप आधारित परिवहन का विकल्प मिलेगा। भारत टैक्सी के अगले विस्तार में मथुरा, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़, सीतापुर, हाथरस, इटावा, मिजार्पुर और रायबरेली को शामिल करने की तैयारी है। इन शहरों में वाहनों और चालकों को प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए ग्राउंड ऑनबोर्डिंग और पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अयोध्या और मथुरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि आगरा देश-विदेश के पर्यटकों का प्रमुख केंद्र है। वाराणसी और प्रयागराज के बाद इन शहरों को जोड़ने से धार्मिक और पर्यटन क्षेत्रों में स्थानीय परिवहन का नेटवर्क और व्यापक होगा। भारत टैक्सी के विस्तार में केवल कार और टैक्सी तक सीमित नहीं रहने की योजना है। टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर चालकों को भी नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। इससे छोटी दूरी की यात्राओं के लिए यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे। साथ ही बाइक, ऑटो और टैक्सी चालकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये सीधे यात्रियों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

भारी बारिश से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे और तारों की तत्काल हो मरम्मत : मुख्यमंत्री

बारिश से बिगड़ी बिजली-सड़क व्यवस्था जल्द होगी दुरुस्त

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारी बारिश के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में प्रभावित हुई बिजली और सड़क व्यवस्था को जल्द सामान्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम ने बारिश से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों और तारों को जल्द दुरुस्त कराने के साथ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के कारण लोगों को लंबे समय तक बिजली संकट का सामना न करना पड़े और मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए।

मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त विद्युत ढांचे की स्थिति का आकलन करने और आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए।

साथ ही बिजली के खंभों, तारों और अन्य उपकरणों को दुरुस्त कर आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सामान्य करने को कहा गया है। सीएम ने स्थानीय स्तर पर टीमों को सक्रिय रखते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से खराब हुई सड़कों की भी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। जलभराव और बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को चिह्नित कर आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने को कहा गया है, ताकि लोगों के आवागमन में किसी तरह की बाधा न हो। सीएम ने अधिकारियों को बिजली और सड़क जैसी जरूरी जनसुविधाओं को जल्द सामान्य स्थिति में लाने के लिए समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और व्यवस्थाओं की बहाली के कार्यों में किसी तरह की देरी न होने पर जोर देते हुए कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संबंधित अधिकारी प्राथमिकता तय करें और प्रभावित लोगों को जल्द राहत पहुंचाए।

आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में गूंजा सेवा संकल्प



लखनऊ। गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा का शनिवार को लखनऊ आगमन पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यात्रा के स्वागत के लिए लखनऊ महानगर के उत्तर, पूरब और मध्य विधानसभा क्षेत्रों में तीन प्रमुख पड़ाव निर्धारित स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। तीनों स्थानों पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सेवा यात्रियों का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के संदर्भ में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत यह यात्रा वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता, वृक्षारोपण, जनसंवाद, वरिष्ठ नागरिकों की सेवा सहित सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सेवा हॉस्पिटल पर हुआ पहला स्वागत : लखनऊ में यात्रा का पहला पड़ाव सेवा हॉस्पिटल, सीतापुर रोड रहा। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में विधायक डॉ. नीरज बोरा, महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला, युवा मोर्चा नगर महामंत्री अमित त्रिपाठी तथा आईटी विभाग के सह संयोजक संतोष सिंह सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। दूसरा स्वागत यात्रा का दूसरा प्रमुख पड़ाव पॉलिटेक्निक चौराहे के निकट रहा। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी यहां पूरब विधानसभा क्षेत्र में मंत्री पंकज सक्सेना, चन्द्र प्रकाश अवस्थी, उपाध्यक्ष सीता नेगी, सोशल मीडिया सह संयोजक मणिकान्त शुक्ला, सोशल मीडिया संयोजक टीआर जोशी, कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय डब्बू तथा शक्तिकेंद्र संयोजक संत शरण वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद यात्रा वीवीआईपी गेस्ट हाउस पहुंची। मध्य विधानसभा क्षेत्र में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति उपविजेता रजनीश गुप्ता, महानगर महामंत्री टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, महानगर मंत्री आनंद पाण्डेय, राजेश चौधरी, सचिन वैश्य, अर्चना साहू, अपूर्व भार्गव तथा उपाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल सहित कार्यकर्ताओं ने सेवा यात्रियों का अभिनंदन किया। सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश लेकर वाराणसी की ओर यात्रा बढ़ी।

साइबर ठगों पर यूपी पुलिस का डिजिटल शिकंजा

विशेष संवाददाता (vol)

- ठगी की रकम रोकने में राष्ट्रीय औसत से आगे यूपी
- सितंबर में 34% फ्रीज दर



लखनऊ। साइबर ठगी के खिलाफ उत्तर प्रदेश में तकनीक आधारित कार्रवाई को मजबूत किया जा रहा है। ठगी के बाद रकम रोकने के मामले में प्रदेश ने सितंबर में 34 प्रतिशत फ्रीज दर दर्ज की, जो राष्ट्रीय औसत 31 प्रतिशत से अधिक है। साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर के जरिए रियल टाइम रूटिंग और बैंकों के साथ समन्वय कर ठगी की रकम को दूसरे खातों में जाने से रोकने और रिकवरी की कार्रवाई की जा रही है।

शिकायत मिलते ही संबंधित बैंक को सूचना भेजकर रकम होल्ड या फ्रीज कराने का प्रयास किया जाता है। कई मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी रकम की रिकवरी भी दर्ज की गई है। प्रदेश में साइबर अपराध से बचाव के लिए अब तक 84 हजार साइबर अवेयरनेस ड्राइव चलाए गए हैं।

सिनेमा हॉल, रेलवे स्टेशन समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर चलाए गए इन अभियानों में लोगों को फिशिंग, फर्जी वेबसाइट, डेटा चोरी, फर्जी अप्रूवल और ऑनलाइन ठगी के अन्य तरीकों से बचने की जानकारी दी गई। लोगों से डिजिटल लेनदेन से पहले वेबसाइट और प्लेटफॉर्म की प्रामाणिकता जांचने तथा संदिग्ध लिंक से बचने की अपील की जा रही है। डीजी साइबर क्राइम विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध की नई तकनीकों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एआई-डीपफेक, म्यूल अकाउंट और बदलते डिजिटल फ्रॉड के तरीकों की पहचान और कार्रवाई के लिए पुलिस की तकनीकी क्षमता बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के थानों में साइबर हेल्प डेस्क के साथ लखनऊ में 1930 हेल्पलाइन और साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर संचालित है।

एसपी साइबर क्राइम राजेश यादव के अनुसार साइबर ठगी में शुरूआती समय बेहद महत्वपूर्ण है। पहले एक घंटे में शिकायत मिलने पर रकम को होल्ड या फ्रीज कराने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए ठगी का पता चलते ही 1930 पर शिकायत करने और बैंक को तत्काल सूचना देने की जरूरत है।

साइबर अपराध से निपटने में पुलिस के साथ बैंक, शिक्षण संस्थान, ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय संगठनों की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जागरूकता और समय पर शिकायत से ठगी से होने वाले वित्तीय नुकसान को कम किया जा सकता है।

आकाश व संजयन सपा में शामिल मिला एमएलसी का टिकट



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में शनिवार को आगरा शिक्षक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल और गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक क्षेत्र से विधान परिषद के प्रत्याशी रहे डॉ. संजयन त्रिपाठी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

अखिलेश यादव ने दोनों नेताओं तथा उनके साथ आए समर्थकों का भी स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ. संजयन त्रिपाठी को पार्टी में शामिल करने के बाद अखिलेश यादव ने डॉ. आकाश अग्रवाल को प्रकाश चंद्र गुप्ता की जगह आगरा शिक्षक क्षेत्र से और डॉ. संजयन त्रिपाठी को कमलेश यादव की जगह गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी के पूर्व में घोषित दोनों प्रत्याशियों प्रकाश चंद्र गुप्ता और कमलेश यादव की सहमति से आज शामिल होने वाले नेताओं को प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सपा के सभी कार्यकर्ता नेता इस चुनाव को अपना चुनाव मानकर लड़ेंगे। डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ. संजयन त्रिपाठी के साथ सपा के शिक्षक, स्नातक क्षेत्र के घोषित सभी प्रत्याशियों को पूरी मेहनत से जिताने का काम करेंगे।

घोषणा पत्र में हर वर्ग का रखा जायेगा ध्यान

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा विभाग में गिरोह बन गये हैं। भाजपा सरकार ने शिक्षकों के साथ भेदभाव किया है। शोषण किया है। सपा वित्तविहीन, शिक्षकों, शिक्षामित्रों की मांगों और पुरानी पेंशन को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। आने वाले समय में भी किसानों के हित में काम होंगे। पार्टी के घोषणा पत्र में किसानों, नौजवानों, शिक्षकों, महिलाओं और अन्य वर्गों से जुड़ी बहुत सी बातें आएंगी। जब बड़े-बड़े पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों को राहत क्यों नहीं मिल सकती है? उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के नौजवानों की सोच नई है। वे पॉजिटिव है। विकास चाहते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अण्डरग्राउण्ड सुरंगवादी लोग अंदर-अंदर समाज में जहर घोलते हैं।

आराधना मिश्रा 'मोना' के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने से गठबंधन को मिली संजीवनी

प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रही वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधानमंडल दल की नेता के रूप में निभायी अहम भूमिका

शैलेन्द्र श्रीवास्तव



- इमरान मसूद की पश्चिमी यूपी में मजबूत पकड़ से सपा-कांग्रेस गठबंधन को स्थानीय स्तर पर मिलेगी जबरदस्त मजबूती

लखनऊ। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता आराधना मिश्रा 'मोना' के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से इंडिया गठबंधन को संजीवनी मिल गयी। यह माना जा रहा है कि लम्बे समय से उन्होंने विधानमंडल की नेता और प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही है। साथ ही उनके सपा अध्यक्ष से रिश्ते भी अच्छे माने जाते है। इससे प्रदेश अध्यक्ष के रूप में 'मोना' जब गठबंधन की टेबल पर सीट को लेकर निर्णय लेगी तो कांग्रेस को फायदा मिलेगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एक दूरगामी राजनीतिक और सांगठनिक फेरबदल किया गया है। पार्टी ने ब्राह्मण समुदाय से ताल्लुक रखने वाली तेज-तर्रार विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, पश्चिमी यूपी के कद्दावर नेता इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष और देवेंद्र निषाद व आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही चौधरी वीरेंद्र सिंह को सीएलपी (कांग्रेस विधायक दल) का नेता बनाया गया है। इस पूरी नियुक्ति को उत्तर प्रदेश में 'सोशल इंजीनियरिंग' को धार देने, सपा के साथ 'इंडिया' गठबंधन के सीटों के तालमेल को मजबूत करने और राज्य की मुख्यधारा की राजनीति में कांग्रेस की खोई हुई जमीन वापस पाने के एक सोची-समझी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आराधना मिश्रा 'मोना' की ताजपोशी के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपनी आगामी चुनावी रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इस सांगठनिक फेरबदल के पीछे का मुख्य उद्देश्य न केवल पार्टी के पुराने जनाधार को वापस पाना है, बल्कि राज्य के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों (पूर्वांचल, पश्चिमी यूपी और मध्य उत्तर प्रदेश) में अपनी पकड़ को मजबूत करना है।

क्षेत्रीय संतुलन, जमीनी स्तर पर कैडर का पुनरुद्धार और इंडिया गठबंधन के तहत सीटों के सामंजस्य को लेकर कांग्रेस की यह रणनीति 2027 के विधानसभा चुनाव के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

क्षेत्रीय संतुलन और भौगोलिक पकड़ कांग्रेस के इस नए नेतृत्व की सबसे बड़ी खूबी इसका भौगोलिक रूप से संतुलित होना है। पूर्वांचल और मध्य यूपी में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' का ताल्लुक प्रतापगढ़ से है, जो मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण बहुल और ग्रामीण इलाकों में पार्टी को एक मजबूत वैचारिक और सामाजिक चेहरा देता है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये इमरान मसूद की पश्चिमी यूपी में मजबूत पकड़ है। गन्ना बहुल और अल्पसंख्यक बहुल इस बेल्ट में उनके सक्रिय होने से सपा-कांग्रेस गठबंधन को स्थानीय स्तर पर जबरदस्त मजबूती मिलेगी।

गठबंधन में अनुभवी नेताओं को मिलेगा लाभ

आगामी चुनावों में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सपा और कांग्रेस मिलकर किस प्रकार रणनीति बनाते हैं। आराधना मिश्रा और विधानमंडल नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह जैसे अनुभवी नेता जब सपा के साथ सीटों के बटवारे पर चर्चा करेंगे, तो वे कांग्रेस के मजबूत और पारंपरिक गढ़ों (जैसे रायबरेली, अमेठी और आसपास के जिले) पर अधिक प्रभावी तरीके से दावा पेश कर सकेंगे।

वोट पूलिंग : 2024 के लोकसभा परिणामों ने साबित कर दिया था कि जब सपा और कांग्रेस के कैडर जमीन पर एक साथ काम करते हैं, तो चुनावी नतीजे अनुकूल आते हैं। इस नई टीम का मुख्य लक्ष्य इसी तालमेल को बूथ स्तर तक जीवित रखना होगा।

आगामी चुनावी चुनौतियां और कांग्रेस का रोडमैप

इस नई कार्यकारिणी के सामने कुछ बड़ी चुनौतियां भी हैं, जिन्हें पार किए बिना बेहतर परिणाम पाना कठिन होगा। पिछले कुछ वर्षों में यूपी में कांग्रेस के जमीनी संगठन में जो सुस्ती आई है, उसे दूर करने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का पुनर्गठन करना पहली प्राथमिकता होगी। 'आधी आबादी' को साधने के लिए प्रियंका गांधी के पिछले अभियानों से जुड़ी ऊर्जा को दोबारा धरातल पर उतारना होगा।

संगठनात्मक कमान की बात की जायें तो वरिष्ठ उपाध्यक्षों (देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद) के माध्यम से पार्टी ने यह सुनिश्चित किया है कि जमीनी स्तर पर कैडर मैनेजमेंट और पिछड़ों की भागीदारी में कोई कमी न आए।

आराधना मिश्रा ने नेताओं की जमानत को बताया न्याय की जीत

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने वोट चोरी के विरोध प्रदर्शन में भाजपा सरकार द्वारा जेल भेजे गये नि. प्रदेश महासचिव अनिल यादव, जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर, राजेश कुमार, मनोज गौड़, राजेश गौतम उर्फ राजा गौतम और पंकज चौधरी की जमानत को न्याय की जीत बताया है और जमानत में प्रयास और सहयोग कांग्रेस विधि विभाग और स्थानीय संगठन के साथ सभी पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा द्वारा की जा रही देश के लोगों की वोट चोरी उजागर हो चुकी है, राहुल गांधी ने बहुत पहले ही इसका पदार्फाश किया था और जनता को यह बात समझ में आ चुकी है कि भाजपा अब जनता के वोट से चुनाव नहीं जीत रही, बल्कि देश के लोगों की वोट चोरी करके चुनाव जीत रही है। ज्ञानेश कुमार ने संवैधानिक पद पर बैठकर देश के लोगों से धोखा दिया है, हम वोटचोरी के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे।

संक्षेप

मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर निवासी अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते बुधवार को पड़ोस के अयोध्या प्रसाद तिवारी की मिट्टी की दीवार व पेड़ की डाल उसके दरवाजे पर गिर गयी। आरोप है कि पीड़ित ने उसे हटाने के लिए बोला तो आरोपी ने अपने पुत्र शिव कुमार तिवारी व आनन्द तिवारी तथा पौत्र अंकित व सुभाष के साथ मिलकर पीड़ित को मारापीटा और जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आर्म्स एक्ट का केस समाप्त

सुलतानपुर। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने अवैध तमंचा बरामद होने के मामले में 6माह में जांच पूरी नहीं होने पर मुकदमा समाप्त कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि यह मामला थाना दोस्तपुर थाना में 2023 में दर्ज हुआ था। किशोर अपचारी छह नवंबर 2025 को बोर्ड के सामने पेश हुआ था और 19 अगस्त 2026 को उसे किशोर घोषित किया गया। उस पर लगा आरोप लघु अपराध की श्रेणी में आता है। बोर्ड के आदेश के बावजूद पुलिस ने छह माह में भी जांच पूरी नहीं कर पाई। इस पर बोर्ड ने मामला समाप्त करने का आदेश दिया है।

मोहाना थाने में पीस कमेटी की बैठक

मोहाना, सिद्धार्थनगर। आगामी दुर्गापूजा एवं दशहरा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर 2026 को थाना मोहाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, एसडीएम सदर निखिल व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, डीजे संचालकों, पत्रकारों एवं ग्राम प्रहरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी से त्योहार के दौरान प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने तथा डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन न्यायालय के निदेर्शों के अनुरूप करने की अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह सहित थाने के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

4.60 लाख छात्र-छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति, प्रमाण-पत्र भी वितरित

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ से प्रदेश के अल्प आय वर्ग के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षाओं के 4.60 लाख छात्र-छात्राओं को 148 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी। इसका लाइव प्रसारण राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में देखा गया। कार्यक्रम में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही और सांसद डुमरियागंज के प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए। विधायक श्यामधनी राही ने छात्राओं से छात्रवृत्ति की धनराशि का उपयोग पुस्तकों की खरीद और शिक्षा में करने तथा गुरुजनों का सम्मान करने का आह्वान किया। एसपी अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दूसरे दिन भी रामपुर खास में जश्न का माहौल





प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की सौगात को लेकर दूसरे दिन भी रामपुर खास में जश्न का माहौल उत्साह मय देखा गया। तहसील से लेकर चौक तिराहे पर समर्थक अधिवक्ताओं व कार्यकताओं तथा प्रशंसकों ने आतिशबाजी के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। लालगंज कैम्प कार्यालय से बड़ी संख्या में जुटे कार्यकताओं का जत्था बाजेगाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते इन्दिरा चौक पहुंचा। सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में कार्यकताओं ने चौक पर इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। झण्डे बैनर के साथ खुशी से झूमते कार्यकताओं ने चौक पर व्यापारियों समेत आम लोगों का भी मुंह मीठा कराकर मोना की ताजपोशी का जश्न साझा किया। इसके पहले कैम्प कार्यालय पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने आमसभा के जरिये शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार भी जताया। वहीं तहसील परिसर में भी बड़ी संख्या में जुटे अधिवक्ताओं ने मुख्य गेट के सामने इकट्ठा होकर विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने की खुशी का इजहार किया। यहां साथियों ने रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में परिसर में लोगों का मुंह भी मीठा कराया। इस मौके पर अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, सिंटू



मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, अबरार खां, नामवर सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी आदि रहे। वहीं सांगीपुर में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, पूर्व प्रमुख दगपाल यादव, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, डा. अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, रोहित सिंह आदि की अगुवाई में कार्यकताओं ने जश्न का इजहार किया। रामपुर बावली में पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, डा. चन्द्रेश सिंह, माताफेर पाल, शीतला प्रसाद दुबे, राजू सिंह, लालजी यादव, राकेश चतुर्वेदी, मो. असलम खां, जर्रार अहमद, कमल सिंह, निसार अहमद आदि ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जतायी।

सीडीओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

प्रतापगढ़। सीडीओ ने सीएमओ के साथ शनिवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी देख सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जतायी। सीडीओ राममोहन मीना, सीएमओ डा. अच्युत्य प्रसाद के साथ शनिवार की दोपहर औचक निरीक्षण को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे। सीएचसी परिसर में गंदगी व्याप्त देख सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुये अधीक्षक से साफ सफाई दुरूस्त रखने की हिदायत दी। वहीं सीडीओ ने वार्ड में पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों का हाल जाना और अस्पताल में मिल रही दवाओं, भोजन आदि के बाबत जानकारी हासिल की। सीडीओ ने महिला वार्ड को महिला अस्पताल के अंदर शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को और बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश भी दिये। सीएचसी अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने वांछित सूचनाएं प्रदान की। इस मौके पर डीपीएम रंजीत यादव, मो. नाजिम आदि मौजूद रहे।



शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन करेंगे मंथन



अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह रविवार को अयोध्या पहुंचेंगे। दर्शन नगर स्थित एचआर पैलेस में वह पार्टी के आठ जिलों के पदाधिकारियों के साथ शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों और संगठन की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक को आगामी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धर्मपाल सिंह आठ जिलों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। इसमें संबंधित जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे। इसके अलावा शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ भी बैठक कर चुनावी तैयारियों की जानकारी ली जाएगी। बैठकों में पार्टी के अभियानों की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों की प्रगति तथा चुनाव को लेकर जिला और मंडल स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। पदाधिकारियों से अब तक की तैयारियों और सामने आ रही चुनौतियों के संबंध में जानकारी ली जाएगी। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा होगी।

संग्रह अमीन हत्याकांड में सफाई साक्ष्य पेश करने का आदेश, छह को होगी अगली सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। संग्रह अमीन हत्याकांड के चर्चित मामले में शनिवार को बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य पेश नहीं किया गया।बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने मामले में सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए छह अक्टूबर की तिथि तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के भद्दौर गांव निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में जलालुद्दीन समेत कई अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के तहत जागरूकता अभियान आयोजित

रायबरेली। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित ह्लमिशन शक्ति फेज-05ह्व के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित वातावरण, उनके अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित महिला कल्याण एवं सुरक्षा संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीमों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित स्वास्थ्य सेवा 102 एवं एम्बुलेंस सेवा 108 के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्प डेस्क, जनसुनवाई पोर्टल, जिला संरक्षण अधिकारी, महिला आयोग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध सहायता एवं विधिक अधिकारों के संबंध में भी बताया गया।

मानदेय वृद्धि को लेकर आशा बहुओं ने सौंपा ज्ञापन



प्रतापगढ़। मानदेय में वृद्धि को लेकर शनिवार को आशा बहुओं एवं आशा संगिनियों ने जमकर सीएचसी परिसर में जमकर नारेबाजी की। मानदेय वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक को सौंपा। आल इण्डिया आशा बहु कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति की जिला अध्यक्ष सुमन मिश्रा की अगुवाई में आशा बहुओं ने आशा संगिनियों के साथ शनिवार को सीएचसी परिसर में मानदेय वृद्धि को लेकर जमकर नारेबाजी की। उनका कहना रहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा फरवरी माह में मानदेय में वृद्धि किये जाने की घोषणा की गयी थी लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका। आशा बहुओं एवं आशा संगिनियों ने मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता को सौंपा। मांग पूरी न होने पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर मिथिलेश तिवारी, आशा देवी गौड़, केश कुमारी, मनीषा आदि मौजूद रही।

रामपुर खास को सौगात मिलने पर प्रमोद ने टेका बाबा का मत्था

प्रतापगढ़। विधायक बेटी आराधना मिश्रा मोना के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की रामपुर खास को सौगात मिलने पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को सीधे बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर मत्था टेका। सांसद प्रमोद तिवारी अपरान्ह बाद बाबा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने विधि विधान से बाबा का दर्शनपूजन कर रामपुर खास के लोकमंगल की कामना की। राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद भी सांसद प्रमोद तिवारी अधिकारिक दौरे से पहले सीधे बाबा धाम पहुंचे थे। इधर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के बाबा धाम में होने की जानकारी होते ही कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में वहां इकट्ठा हो गये। लालगंज कैम्प कार्यालय पर भी कार्यकताओं ने सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत करते हुए विधायक मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने की खुशी जाहिर की। यहां उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने की इस बड़ी जिम्मेदारी को पूरा करने में वह विधायक मोना का मजबूती के साथ सहयोग व समर्थन जारी रखें। उन्होंने कहा कि रामपुर खास ने ही आराधना मिश्रा को ब्लाक प्रमुख तथा तीन तीन बार विधायक बनाकर प्रदेश अध्यक्ष होने की काबलियत सौंपी है।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं को आगामी बारह अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद



आराधना मिश्रा मोना के प्रथम लखनऊ आगमन की सांकेतिक जानकारी भी दी है। सांसद प्रमोद तिवारी के साथ प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल भी मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से होता है पापों का नाश : डा. राघवाचार्य



अयोध्या। पूराबाजार के कृष्णा पुर गांव में पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से डा. राघवाचार्य महाराज ने कथा का महात्म्य राजा परीक्षित का जन्म और श्राप, शुकदेव जी का आगमन भीष्म स्तुति तथा ध्रुव चरित्र के प्रसंग सुनाया। उन्होंने सुनाया कि श्रीमद्भागवत ग्रंथ की महिमा और इसके श्रवण से मनुष्य के पापों का नाश एवं मोक्ष प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि पाण्डव वंश के राजा परीक्षित तथा ऋषि शमीक के अपमान के कारण ऋषि के पुत्र ऋंगी द्वारा तक्षक नाग द्वारा डसने का पूरा प्रसंग सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास राघवाचार्य जी ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंगों को जिस अद्भुत अंदाज में प्रस्तुत किया लोग भाव विभोर हो गए। उन्होंने ध्रुव चरित्र का वर्णन बहुत रोचक और अध्यात्मिक तरह से सुनाया। वातावरण में आध्यात्मिक कौतुक पैदा हो गया। लोगों ने करतल ध्वनि से इस प्रसंग के प्रस्तुति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस का वर्णन पद्मपुराण के उत्तराखंड से आता है। इसका वर्णन उन्होंने शिव, पार्वती और सनकादि ऋषि तथा नारद के संवाद की तरह किया। दूसरे दिन की कथा के पूर्व मुख्य यजमान राज भूषण पाण्डेय और पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने श्री राघवाचार्य की आरती पूजन किया। संगीत मयी कथा स्थल पर क्षेत्र के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित थे। जिसके माध्यम से पवन पाण्डेय ने अपनी लोकप्रियता को दर्ज कराने में सफलता प्राप्त किया। पंडाल में भारी संख्या में अयोध्या के संत महंत तथ बड़ी संख्या में संत मौजूद रहे। आध्यात्मिक आयोजन में सूर्य कांत पाण्डेय अजय पाण्डेय, अवनीश पाण्डेय, राजा पाण्डेय , लड्डू लाल यादव,रक्षा राम यादव,शिब्बू पाण्डेय,राजदेव यादव, रवीन्द्र वर्मा, चैधरी जगदीश यादव, देवकीनन्दन पाण्डेय, कथावाचक स्वर्णदीप तिवारी,मंगल शुक्ला, संजीत सिंह, मोनू पाण्डेय, पंकज शुक्ला, विकास पाण्डेय, मंजीत यादव, संजय पाण्डेय, दिलीप दास, सुरेश पाण्डेय आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय का केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने किया निरीक्षण

बांसी, सिद्धार्थनगर। मिठवल ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पंकज कुमार अचानक निरीक्षण करने पहुँचे। प्राप्त खबर के अनुसार पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के बावजूद निरीक्षण के दौरान विद्यालय में भारी कमियां और अव्यवस्थाएं उजागर हुईं। हद तो तब हो गई जब अपनी कमियों पर पर्दा डालने के लिए अधिकारी ने कवरेज कर रहे पत्रकारों को यह कहकर रोक दिया कि ₹यहाँ मीडिया की कोई आवश्यकता नहीं है।विद्यालय परिसर में प्रभारी अधिकारी के पहुँचने पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ)



बलराम सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने बुके देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात गार्द ऑफ ऑनर दिया गया।निरीक्षण के दौरान जब अधिकारी ने छात्राओं से संवाद किया, तो छात्राओं ने दर्द बयां करते हुए बताया कि काफी दिनों से विद्यालय में गणित के शिक्षक नहीं हैं, जिससे उन्हें गणित विषय का ज्ञान नहीं मिल पा रहा है और पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

इसके बाद जब संयुक्त सचिव ऊपर के कमरों का निरीक्षण करने जाने लगे, तो सीढ़ी के बगल में लगा विद्युत मीटर और तारों का जाल देखकर बिफर पड़े। उन्होंने जर्जर तारों को तुरंत सही कराने के सख्त निर्देश दिए। कमरों के अंदर पहुँचने पर छात्राओं के कपड़े रखने वाली अलमारियों के दरवाजे टूटे मिले और चारों तरफ कुप्रबंधन साफ नजर आया।तमाम कमियां उजागर होने पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए अधिकारी ने मीडिया कवरेज पर रोक लगा दी। स्थानीय लोगों और पत्रकारों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि जब यह निरीक्षण कार्यक्रम पहले से प्रस्तावित था, तब भी इतनी भारी लापरवाही और अव्यवस्था क्यों थी। पूर्व नियोजित दौरे के बावजूद ऐसी बदहाली विद्यालय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

चित्रकला प्रतियोगिता में रंजना प्रथम, राधा द्वितीय व रोशनी तृतीय

लोटन सिद्धार्थनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत लोटन ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पननी में ब्लाक स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित हुई। 24 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कम्पोजिट विद्यालय विजदेईया की रंजना प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय डिहुलिया की राधा द्वितीय और पीएम श्री विद्यालय धनधरा की रोशनी तृतीय रहीं। मुख्य अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। ग्राम प्रधान फूलचंद कन्नौजिया ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालन विकास चंद्र मिश्र ने किया।

कुत्ता काटने से किशोर की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। कुत्ता काटने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शनिवार को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। उदयपुर थानाक्षेत्र के पूरे विजयी राजापुर गांव निवासी संतोष गुप्ता का सात वर्षीय पुत्र अभी अपनी मां संगीता देवी के साथ सांगीपुर थाना क्षेत्र के सिंघनी पहाड़पुर गांव अपने ननिहाल गया था। वहां उसे कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया था। कुछ दिन बाद वहां से वह मां के साथ वापस अपने घर चला आया। परिजनों के अनुसार यहां गुरूवार को अचानक किशोर की हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए सांगीपुर प्राइवेट अस्पताल ले आये। यहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन शुक्रवार को इलाज के लिए लखनऊ ले गये लेकिन समुचित इलाज न मिलने पर उसे लेकर शुक्रवार की रात घर लौट रहे थे। इसी बीच रायबरेली के समीप रास्ते में किशोर की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी एक बड़ी बहन है। परिजनों ने शनिवार की सुबह मृतक के शव का घर के समीप बाग में दफन कर दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

आयीं एक सौ पांच शिकायतें, सात निस्तारित

प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उपजिलाधिकारी वाचस्पति सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस में कुल एक सौ पांच शिकायतें आयी जिनमें से अफसरों ने सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया। अफसरों ने मातहतों से शिकायतों के निस्तारण को लेकर पारदर्शिता से कार्य करने को कहा। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अनुज शुक्ल, वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचंद्र मिश्र, एसडीओ आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

छात्राओं को महिला व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

- मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों और नए कानूनों से कराया परिचित

बांसी, सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना बांसी की मिशन शक्ति टीम ने शनिवार को क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति टीम



विद्यालय पहुंची। टीम ने छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों से बचाव, साइबर अपराधों की पहचान और उनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को बताया गया कि उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याएं दर्ज करा सकती हैं तथा आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस, 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित नए कानूनों की भी जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम ने छात्राओं से कहा कि साइबर ठगी, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, धमकी अथवा किसी अन्य अपराध की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल परिजनों, विद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों अथवा पुलिस को सूचना दें। अभियान का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें अपने अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र की जानकारी देना रहा।

मिशन शक्ति टीम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में थाना बांसी की मिशन शक्ति टीम की म0उ0नि0 मीरा चौहान, का0 मनोज यादव, का0 राजेश मौर्या एवं म0का0 गीतांजलि कुशवाहा शामिल रहीं।

सम्मानित होंगे कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को भारतीय शैक्षणिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'माटी सम्मान-9' के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान पूर्वांचल की कला, संस्कृति एवं विकास के लिए समर्पित संस्था 'माटी' की ओर से आयोजित 'पूर्वांचल महोत्सव माटी-9' के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा। सम्मान समारोह 10 अक्टूबर 2026 को संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में आयोजित होगा। इस सम्मान के लिए चयनित किया जाना विवि के साथ-साथ पूर्वांचल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। शैक्षणिक क्षेत्र में उनके योगदान, उच्च शिक्षा एवं कृषि शिक्षा के विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। पूर्वांचल महोत्सव माटी-9 में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां, साहित्यिक संवाद तथा पूर्वांचली संस्कृति और खान-पान से जुड़े विविध कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के माध्यम से पूर्वांचल का गौरव बढ़ाने वाले सांसद एवं अभिनेता रवि किशन, अभिनेत्री शबाना आजमी, लोक गायिका मालिनी अवस्थी जैसी विभूतियों को सम्मानित किया जा चुका है। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को ह्यमाटी सम्मान-9ह्व के लिए चयनित किए जाने पर विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं प्रशन्नता व्यक्त की।

दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

फतेहपुर चौरासी। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जाजामऊ चिरंजुपुरवा मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। जिनमें दो घायलों को सी एच सी भेजा गया जबकि एक गम्भीर घायल को परिजन कानपुर लेकर चले गए।

सूचना

सूचित हो कि अभिलेखों में मेरा नाम भूलवश प्रतिभा मिश्रा अंकित हो गया था जब कि सही नाम प्रतिभा पाण्डेय है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रतिभा पाण्डेय पुत्री वेद प्रकाश पाण्डेय निवासी ग्राम व पोस्ट सुरहुरपुर जलालपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर।**

सूचना



सूचित किया जाता है कि हंसराज पुत्र चोखेलाल निवासी मो0-गायत्रीनगर बबेरू रोड, बांदा 21001 का नाम सभी अभिलेखों में दर्ज है अथवा इनकी पालिसी नं0-19438424 एचडीएफसी लाईफ में हंसराज राजपूत दर्ज है। लेकिन हंसराज और हंसराज राजपूत एक व्यक्ति के नाम है। जो हंसराज ही वास्तविक नाम है। **हंसराज पुत्र चोखेलाल निवासी-गायत्री नगर बबेरू रोड, बांदा-210001 मेबाइल-6306956136**

तहसील दिवस में 14 मामलों का मौके पर निस्तारण

त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई



गोला/बनवारपार,गोरखपुर। तहसील दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने तहसील गोला पहुंचकर दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुल 130 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 14 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

तहसील दिवस में बड़ी संख्या में लोग राजस्व, पुलिस, भूमि विवाद, रास्ते, कब्जे, पारिवारिक विवाद, विकास कार्यों तथा अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय सत्यापन कर नियमानुसार प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो शिकायतें मौके पर निस्तारित नहीं हो सकीं, उनका संबंधित अधिकारी गंभीरता से परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करें और निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवाद एवं अन्य मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा शिकायतों के निस्तारण के दौरान दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीएम और एसएसपी ने तहसील दिवस में अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। तहसील दिवस के दौरान मौके पर निस्तारित मामलों से फरियादियों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समयसीमा के भीतर कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की निगरानी करने और निर्धारित समय के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा।

प्रेस क्लब में थप्पड़ कांड पर राष्ट्रीय नेतृत्व की बड़ी कार्रवाई

गोरखपुर। प्रेस क्लब परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सपा नगीना सहानी के साथ हुई मारपीट की घटना को पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अनुशासनहीनता के मामले में अंशुमान सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक और पत्रकारिता जगत में घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इसी दौरान अंशुमान सिंह की मौजूदगी में उनके लड़के कमलेश सिंह और विमलेश सिंह द्वारा नगीना सहानी के साथ मारपीट की घटना सामने आई। घटना के दौरान नगीना सहानी को थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और पार्टी नेतृत्व तक भी इसकी जानकारी पहुंची।

वायरल वीडियो में प्रेस क्लब परिसर के भीतर हुए घटनाक्रम को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई थीं। घटना को लेकर पत्रकारों और प्रेस क्लब में मौजूद लोगों के बीच भी नाराजगी देखी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए संगठनात्मक स्तर पर कार्रवाई की। पार्टी नेतृत्व की ओर से अंशुमान सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई को अनुशासनहीनता से जोड़कर देखा जा रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने तत्काल प्रभाव से उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। कार्रवाई के बाद संगठन में भी इस घटना को लेकर संदेश गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी से जुड़े लोगों के आचरण को लेकर नेतृत्व गंभीर है।

प्रेस क्लब में हुई इस घटना को लेकर पत्रकारों के बीच भी चर्चा बनी हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों के मोबाइल कैमरों के साथ-साथ प्रेस क्लब परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी घटनाक्रम रिकॉर्ड हुआ है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद ही राष्ट्रीय नेतृत्व ने मामले का संज्ञान लिया और कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। घटना के बाद प्रेस क्लब परिसर में सुरक्षा, पत्रकारों की गरिमा और प्रेस वार्ता के दौरान अनुशासन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पत्रकारों का कहना है कि प्रेस वार्ता जैसे सार्वजनिक और महत्वपूर्ण मंच पर किसी भी विवाद का हिंसक रूप लेना गंभीर विषय है। वहीं, घटना का वीडियो वायरल होने के बाद संगठन स्तर पर हुई कार्रवाई ने मामले को और चर्चा में ला दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व की कार्रवाई के बाद अब इस पूरे प्रकरण में आगे की स्थिति पर नजर बनी हुई है। फिलहाल अंशुमान सिंह को पार्टी से निष्कासित किए जाने की कार्रवाई के बाद प्रेस क्लब में हुई घटना राजनीतिक और पत्रकारिता दोनों ही क्षेत्रों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

भाजपा से हरिकिशोर तिवारी ने नामांकन किया

यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चैधरी मौजूद रहे



इटावा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगरा खंड शिक्षक सदस्य विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र से हरिकिशोर तिवारी द्वारा आगरा कमिश्नरी में नामांकन किया गया उससे पहले एक बैठक रमाना ग्राउंड पर हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पंकज चैधरी, रामप्रताप, क्षेत्रीय अध्यक्ष पुरन पाल, क्षेत्र प्रभारी गीता शाक्य, एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय, बेबीरानी मौर्य, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह तथा वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक वर्तमान सांसद और पूर्व सांसद महापौर 12 जिलों के जिलाध्यक्ष सहित उनके पदाधिकारीगढ़ सम्मिलित हुए हरिकिशोर तिवारी का इटावा से संबंधित होने के कारण वहां से लगभग 500 गाड़ियों का काफिला वहां के अध्यक्ष, विधायक, सांसद पूर्व सांसद सभी के साथ उन्हें नामांकन करने के लिए आया उनके नामांकन में अन्नू गुप्ता जिलाध्यक्ष पर्यवेक्षक के रूप में सम्मिलित हुए।

मामूली कहासुनी के बाद घर से निकले बुजुर्ग, 48 घंटे बाद भी नहीं लौटे

इटावा। घर में हुई मामूली कहासुनी के बाद नाराज होकर 65 वर्षीय बुजुर्ग बिना बताए घर से चले गए। करीब 48 घंटे बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटे। हालांकि स्वजन ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुत्र ने थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराकर पिता को तलाशने की गुहार लगाई है। शहर के मुहल्ला धोकरन टोला निवासी राहुल कुमार के अनुसार उनके पिता रवींद्र कुमार उम्र 65 वर्ष एक अक्टूबर को घर में हुई मामूली कहासुनी के बाद नाराज हो गए थे। वह दिन में करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चले गए। रवींद्र कुमार अपना मोबाइल फोन और चश्मा भी घर पर ही छोड़ गए हैं। घर से निकलते समय उन्होंने काले रंग की लोअर और हरे रंग की टीशर्ट पहन रखी थी। पिता के काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिवारीजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और मिलने-जुलने वालों के यहां भी जानकारी की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। करीब 48 घंटे बीतने के बाद भी पता न चलने पर राहुल कुमार ने थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस से पिता की तलाश कराने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

गोलीकांड के आरोपी की निशानदेही पर तमंचा और कारतूस बरामद

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला कोठी कैस्त में 22 अगस्त को दो पक्षों के बीच हुए विवाद में गोली चलने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि बरामद तमंचे का इस्तेमाल घटना में गोली चलाने के लिए किया गया था। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मामले में आरोपी सुमित उर्फ लाख पुत्र अशोक कुमार ने पूर्व में न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। पुलिस ने न्यायालय से रिमांड लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक हेमंत कुमार की टीम ने कचैरा रोड स्थित झाड़ियों से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। बताया गया कि 22 अगस्त को कोठी कैस्त में दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान गोली चलने से शिवम पुत्र राजेश कुमार के हाथ में गोली लग गई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी अभिषेक उर्फ बंजारा पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वह वर्तमान में जेल में है। पुलिस बरामद तमंचे को घटना में प्रयुक्त हथियार मानकर मामले की विवेचना आगे बढ़ा रही है।

व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर की न्यूनतम सीमा और मासिक अधिकतम सीमा में संशोधन की मांग की है शनिवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर को सौंपा ज्ञापन में कहा। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान का एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक माध्यम बन चुका है। विशेष रूप से लघु एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों, उद्यमियों तथा उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई ने भुगतान प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं सुविधाजनक बनाया है। एमडीआर लागू होने की न्यूनतम लेनदेन सीमा 2,000 से बढ़ाकर 10,000 की जाए। मासिक अधिकतम एमडीआर सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाए। इस प्रकार की व्यवस्था से लघु एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों तथा उद्यमियों पर अनावश्यक वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और वे बिना किसी अतिरिक्त दबाव के यूपीआई एवं डिजिटल भुगतान को अपनाते रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह कुशवाहा, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, लल्लू वारसी, महिला जिलासंरक्षक मीरा तिवारी, महिला जिलामंत्री रंजना सोनी, युवा जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष विकास शाक्य, जिलाउपाध्यक्ष मुस्तकीम राईन, जिलामंत्री यामीन रिंकू चैधरी, वसीम राईन, इंतखाब आलम, जैनुल आब्दीन, नगरमंत्री मोहम्मद उवैस, आकाश वर्मा सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

युवक के मिले शव की हुई शिनाख्त

भरथना, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक अन्तर्गत भरथना-साम्हों रेलवे स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शनिवार सुबह उसके पिता ने शिनाख्त अपने बेटे के रूप में की। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर बुधवार देर रात करीब सवा दस बजे ट्रेन संख्या 12988 की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसका शव रेलवे किलोमीटर के बीच पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। शुरूआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए थे। इसी बीच भरथना के नगला सुजीपुर निवासी अमन 20 के लापता होने की जानकारी पुलिस को मिली। अमन के पिता अशोक ने थाना भरथना में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया था कि उनका बेटा एक अक्टूबर की रात करीब दस बजे खाना खाने के बाद घर से बिना बताए निकल गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने की जानकारी होने पर अमन के पिता शनिवार सुबह भरथना कस्बा चैकी पहुंचे। वहां उन्होंने शव की शिनाख्त अपने बेटे अमन के रूप में की। मृतक के पिता ने बताया कि अमन की मां का बचपन में ही निधन हो गया था। परिवार में अमन और उसकी तीन बहनें थीं, जिनकी शादी हो चुकी है। अमन अपने पिता के साथ मेहनत-मजदूरी कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। एक अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद वह घर से निकला था,इसके बाद वापस नहीं लौटा।

कार्यालय ग्राम पंचायत जंगलवाली विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2026-27 **दिनांक 03.10.2026**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर-खीरी के पत्रांक 3331/पं0/डी0पी0एम0/2026-2027 दिनॉक 29.09.2026 पत्र के क्रम में जिला अधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जंगलवाली में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 04.10.2026 से 10.10.2025 को अपरान्ह 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12.10.2026 को 2 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम व मात्रा
		इण्टरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम.
1	बिन्द्रा के घर से गोपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य।	10500

नियम व शर्तेः-

1. निविदा फर्म व उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत जंगलवाली के कार्यालय में 04.10.2026 से 10.10.2026 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 04 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है ं।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत जंगलवाली के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 04.10.2026 से 10.10.2026 को समय 04 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर ग्राम पंचायत जंगलवाली के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 12.10.2026 को समय 12 बजे दिन में सार्वजनिक रुप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरुप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

फूलमती
ग्राम प्रशासक
ग्राम पंचायत-जंगलवाली

निधि देवी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-जंगलवाली

कार्यालय ग्राम पंचायत खरवहिया नं.1 विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2026-27 **दिनांक 03.10.2026**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर-खीरी के पत्रांक 3331/पं./डी.पी.एम./ 2026-2027 दिनॉक 29.09.2026 पत्र के क्रम में जिला अधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरवहिया नं.1 में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 04.10.2026 से 10.10.2025 को अपरान्ह 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12.10.2026 को 11 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम व मात्रा		
		प्रथम श्रेणी ईंट	टाइल्स	इण्टरलाकिंग टाइल्स 80 एम.एम.
01	बेलवा में उ.प्रा.वि. मरम्मत कार्य।	-	163.92 स्कवायर मी.	-
02	संविलियन वि. का मरम्मत कार्य।	-	163.92 स्कवायर मी.	-
03	संविलियन वि. खरवहिया नं. 1 में बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य।	15976 नग	-	-
04	पेन्टेड रोड से बाना के घर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य।	-	-	12260 नग

नियम व शर्तेः-

1. निविदा फर्म व उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खरवहिया नं. 1 के कार्यालय में 04.10.2026 से 10.10.2026 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 04 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है ं।
2. निविदा प्राप्त कर ग्रम पंचायत खरवहिया नं.1 के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 04.10.2026 से 10.10.2026 को समय 04 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर ग्राम पंचायत खरवहिया नं. 1 के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 12.10.2026 को समय 12 बजे दिन में सार्वजनिक रुप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरुप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

रामरानी
ग्राम प्रशासक
ग्राम पंचायत-खरवहिया नं.1

निधि देवी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-खरवहिया नं.1

ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

भरथना, इटावा। बर्तन कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चैकी साम्हों अन्तर्गत दवा लेने के लिए घर से निकले 66 वर्षीय वृद्ध की रेलवे ट्रैक पार करते समय चपेट में आने से ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शनिवार सुबह करीब 11.40 बजे अप लाइन पर खंभा के पास हुआ। मृतक की पहचान दलवीर सिंह 66 वर्ष पुत्र स्व.रामस्वरूप, निवासी ग्राम नगला विधि, साम्हों के रूप में हुई है। बताया गया कि दलवीर सिंह दवा लेने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान वह रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन संख्या 12323 बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। बीते चार दिन पूर्व दलवीर सिंह की 95 वर्षीय बुजुर्ग मां का निधन हो गया था, जिसका परिवार अभी ठीक से शोक भी नहीं मना पाए थे कि परिवार के मुखिया की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत की सूचना परिजनों को मिल गई।

एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने गोला व उरुवा बाजार थाने का किया औचक निरीक्षण



गोरखपुर। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को थाना गोला और थाना उरुवा बाजार का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था, जनसुनवाई और थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक हुए निरीक्षण से थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों में सक्रियता बढ़ गई। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने दोनों थानों में बने जनसुनवाई डेस्क, महिला हेल्प डेस्क और सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने पर अपनी शिकायत अथवा समस्या लेकर आने वाले आवेदकों के लिए उपलब्ध बैठने की व्यवस्था तथा पेयजल की सुविधा का भी जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाने में आने वाले फरियादियों के साथ उचित व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसएसपी ने थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न अभिलेखों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि थाने के सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन और व्यवस्थित रखे जाएं। लंबित प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी गई। एसएसपी ने थाना परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखने के साथ ही कार्यालय और अन्य स्थानों पर बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। थाने पर खड़े वाहनों के रखरखाव और उनके व्यवस्थित रखे जाने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महीनों से चक्कर लगा रहे ग्रामीण, नहीं बदला टूटा विद्युत पोल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गाँव राजेपुर में टूटे बिजली के खम्भों को बदलवाने के लिए ग्रामीण महीनों से बिजली विभाग से गुहार लगा रहे हैं लेकिन विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रहा है। ग्रामीणों को कभी भी अनहोनी की आशंका सताती रहती है। शनिवार को तहसील बांगरमऊ में आयोजित तहसील दिवस में फिर प्रार्थना पत्र देकर खम्भा बदलवाने की माँग की गई है। गाँव निवासी कमल कांत तिवारी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक टूटा खंभा उसके खेत के पास और एक घर के पास लगा है जिसमें कई लोगों के कनेक्शन हैं। इन्हें हटवाने के लिए अप्रैल महीने में प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसलिए तहसील दिवस में फिर प्रार्थना पत्र दिया गया है। जिससे टूटे पोल हटवाकर नए पोल लगवाए जाएं और अनहोनी से बचा जा सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत समरदा बदाल विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2026-27 **दिनांक 03.10.2026**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर-खीरी के पत्रांक 3331/पं0/डी.पी.एम./2026-2027 दिनॉक 29.09.2026 पत्र के क्रम में जिला अधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत समरदा बदाल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा 04.10.2026 से 10.10.2025 को अपरान्ह 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12.10.2026 को अपरान्ह 04 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम व मात्रा	
		टाइल्स	इण्टरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम.
01	संविलियन वि0 का मरम्मत कार्य	162.60 स्कवायर मी.	-
02	कुलदीप शुक्ला के घर से रोहित चौहान के घर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य	-	9765 नग

नियम शर्तें:-

1. निविदा फर्म व उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत समरदा बदाल के कार्यालय में 04.10.2026 से 10.10.2026 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 04 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्राप्त कर ग्रम पंचायत समरदा बदाल के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 04.10.2026 से 10.10.2026 को समय 04 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर ग्राम पंचायत समरदा बदाल के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 12.10.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रुप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरुप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

तौफीक अली
ग्राम प्रशासक
ग्राम पंचायत-समरदाबदाल
विकास खण्ड-धौरहरा-खीरी

निधि देवी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- समरदाबदाल
विकास खण्ड-धौरहरा-खीरी

बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने दिये बीज विक्रेताओ को कड़े निर्देश

बांगरमऊ, उन्नाव। उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में जिला कृषि अधिकारी शशांक ने खाद व बीज विक्रेताओं को दिया कड़ा निर्देश और कहा अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही के लिए रहे तैयार। ब्लॉक सभागार में आयोजित तहसील स्तरीय उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की बैठक में जिला कृषि अधिकारी शशांक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी रबी फसल सीजन के पर्याप्त खाद एवं ब

संक्षेप

घर के आंगन में जाल से लटका मिला युवक का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर से सटे भुसौरिया गांव में शनिवार को घर के आंगन में एक युवक का शव जाल से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। भुसौरिया निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला के 30 वर्षीय पुत्र अनुराग शुक्ला अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पास ही स्थित दूसरे मकान में रहता था। परिजनों के अनुसार वह शुक्रवार को अपनी ससुराल भीरा गया था। पुलिस के मुताबिक उसकी पत्नी ने बताया कि अनुराग रात करीब दो बजे बिना बताए वहां से घर के लिए निकल गया था। सुबह फोन पर उसने खुद को घर पर बताया और वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी मौजूदगी भी दिखाई। शनिवार सुबह काफी देर तक अनुराग के घर का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों और आसपास के लोगों को चिंता हुई। मोहल्ले के लोगों की मदद से छत पर पहुंचकर आंगन में देखा गया तो अनुराग का शव जाल से लटका मिला। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही युवक की मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

महंत राजू दास के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

सीतापुर। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजू दास के नेतृत्व में शनिवार को सीतापुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत अभियान चलाया गया। महंत राजू दास ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और राहत सामग्री वितरित की। संगठन की टीम ने होली नगर, आलमनगर, गदियाना, आर्य समाज स्कूल, छोटे एचकेपी स्कूल, अग्रसेन भवन और नई धर्मशाला स्थित राहत शिविरों व बस्तियों में पहुंचकर बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को हलवा, केले व जरूरी सामग्री बांटी। प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने कहा कि आपदा की घड़ी में पीड़ितों की सेवा के लिए संगठन लगातार जुटा है। अभियान में राष्ट्रीय प्रभारी सरन चौहान, अवध क्षेत्र प्रभारी सचिन शुक्ला, लखनऊ मंडल प्रभारी शिवम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेलवे पटरी पर पड़ा मिला मजदूर का शव, मचा हड़कंप

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह मधवापुर और परागपुर के बीच रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। ट्रैक की निगरानी कर रहे रेलवे कर्मी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। रेलवे कर्मी कमलेश कुमार शनिवार सुबह ट्रैक की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर पटरी पर पड़े शव पर गई। सूचना मिलते ही करीब 9:50 बजे उपनिरीक्षक मनोज कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद सानू खान ने शव की पहचान मोहल्ला शंकरगंज निवासी राजेश कुमार वर्मा (पुत्र लालजी) के रूप में की। कुछ देर बाद जीआरपी टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

लेखपालों का धरना, समाधान दिवस का बहिष्कार

तहसील में अटके फरियादियों के काम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शनिवार को सिधौली तहसील मुख्यालय पर उस समय प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हुआ, जब उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा सिधौली ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार कर दिया। उपजिलाधिकारी कार्यालय के निकट तहसील अध्यक्ष ललित सिंह और महामंत्री पवन रॉय के नेतृत्व में लेखपालों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया।

लेखपालों ने 2800 ग्रेड-पे, वेतन विसंगति दूर करने, अंतरमंडलीय स्थानांतरण, पदोन्नति, नई भर्ती, तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने, कार्यस्थल पर जरूरी सुविधाएं और स्थायीकरण समेत विभिन्न मांगें उठाईं। लेखपालों के समाधान दिवस से दूर रहने के कारण तहसील पहुंचे फरियादियों को भी इसका असर झेलना पड़ा। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से मांगों को लेकर शासन स्तर पर आवाज उठाई जा रही है, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हुआ। चेतावनी दी गई कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। धरने में अनिल कुमार, अनूप कुमार, मनमोहन कटियार, शशांक मिश्रा, शरद कुमार, रवि मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, आनंद तिवारी, अमित गौर, सर्वेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, रविंद्र गुप्ता, उत्तम पाल, प्रमोद सिंह, प्रमोद यादव, उमेश कुमार, दीपिका सिंह चौहान, बरखा जायसवाल, ऋचा रस्तोगी, इरम खातून समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 483 शिकायतें आयीं, 55 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



सीतापुर। जिले की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। बिसवां तहसील में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल ने शिकायतें सुनीं। यहां 112 प्रार्थना पत्रों में 11 का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का समय से लाभ दिलाने पर जोर दिया। अन्य तहसीलों में सदर में 35 में चार, महोली में 28 में चार, मिश्रिख में 87 में 11, महमूदाबाद में 34 में आठ, लहरपुर में 41 में चार और सिधौली में 146 में 13 शिकायतों का निस्तारण हुआ। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए गए। बाद में डीएम ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की।

यूपी पुलिस में एएसआई लिपिक पद पर चयनित दीपक सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज निवासी दीपक वर्मा पुत्र रंजीत वर्मा का उत्तर प्रदेश पुलिस के एएसआई लिपिक वर्ग में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर सेवानिवृत्त फौजी अरविंद मिश्र ने अपने आवास पर दीपक वर्मा को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अरविंद मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा अपनी मेहनत और लगन के बल पर विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे युवाओं की सफलता अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों का भी उत्साह बढ़ाती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। दीपक वर्मा ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि परिवार और शुभचिंतकों के सहयोग से उन्हें यह सफलता मिली है। इस मौके पर युवा भाजपा नेता अमित मिश्र एडवोकेट भी मौजूद रहे।



छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2026-27 की पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। इस दौरान लखनऊ के लोक सचिवालय में मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कॉलेज के स्मार्ट टीवी के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिन विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत हुई है, उनके आधार सीडेड बैंक खातों में समाज कल्याण विभाग की ओर से 1400 रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। संबंधित विद्यार्थियों को विभाग से प्राप्त प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य लखपति भारती, डॉ. अनिल कुमार, क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह और लिपिक कृष्ण कुमार वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

सुलेख और इमला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



गोलागोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मन्नूगंज स्थित माया मेमोरियल सरस्वती शिक्षा मंदिर स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच सुलेख एवं इमला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी लेखन क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा एक की छात्रा आजलिन ने प्रथम और कक्षा आठ की रितिका चौहान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक राजेश कश्यप ने कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन ही सफलता की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से आलस्य छोड़कर नियमित पढ़ाई करने तथा समय का सदुपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुबह समय से उठने और रात में पर्याप्त समय पर सोने की आदत से पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं लक्ष्मी कश्यप, ममता मिश्रा, आराध्या, नेहा वर्मा और कल्पना गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग



लखीमपुर खीरी। क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई तेज बारिश और चक्रवाती हवाओं से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर मुआवजा दिलाने की मांग उठाई गई है। इसी क्रम में कन्हैयालाल बाजपेई ने तहसील दिवस में शनिवार को तहसील धौरहरा पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी विभिन्न फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है। कई स्थानों पर फसलें खेतों में गिर गई हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक नुकसान की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसानों के आगे भुखमरी का संकट उत्पन्न हो गया है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण हुई क्षति की भरपाई के लिए प्रशासन की ओर से नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कन्हैयालाल बाजपेई ने मांग की कि प्रभावित गांवों में राजस्व विभाग के लेखपालों एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से फसलों का सर्वेक्षण कराया जाए। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नुकसान का आकलन वास्तविक स्थिति के आधार पर किया जाए, ताकि किसी पात्र किसान का नाम सर्वेक्षण से छूट न जाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग की कि जिन किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदा से नुकसान हुआ है, उन्हें शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार जेउचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। सर्वेक्षण के दौरान खेत-खेत जाकर क्षति का जायजा लेने और प्रभावित किसानों की शिकायतों को भी दर्ज करने की मांग की गई। किसानों का कहना है कि तैयार फसल केला, धान, गन्ना उर्द आदि में अत्यधिक बारिश और आंधी के आने से हुई तेज बारिश और हवाओं से सारी फसलें जबर्दस्त तरीके से प्रभावित हुई है। ऐसे में समय से सर्वेक्षण और मुआवजा प्रक्रिया पूरी होने पर प्रभावित किसानों को राहत मिल सकती है।

यूडीसीए के प्रबंध निदेशक उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली में सम्मानित



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी के प्रबंध निदेशक को शिक्षा और युवाओं के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर दिल्ली की आई बी ए संस्था द्वारा पुरस्कृत किए जाने पर शिक्षा के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इससे पहले उन्हें टी ई डी एक्स के मंच पर बतौर वक्ता के रूप में भी आमंत्रित किया जा चुका है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सनी गुप्ता ने शैक्षणिक विकास के साथ व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता के साथ जीवन मूल्यों के विकास में उल्लेखनीय कार्य किया है। जिसमें शिक्षा के साथ मानवीय मूल्य की जिम्मेदारी पारस्परिकता संबंधों के समक्ष और अस्तित्व की भावना से जोड़ने का प्रयास किया है। जिसको लेकर नई दिल्ली में आई बी ए संस्था ने मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के द्वारा वर्ष 2026 का द मेटार आफ इमजिंग माइंड्स पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए कहा शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम रचनात्मक गतिविधियां नेतृत्व एवं संवाद और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किया गया है। प्रयासों से मिली पहचान आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उफनते छोहे में डूबी बच्चों से भरी बोलेरो

रामू ने बचायी पांच मासूमों की जान

- विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों का जाना हाल, ग्राम प्रधान ने साहसी रामू को स्मृति चिह्न व नकद धनराशि देकर किया सम्मानित



जिला संवाददाता(vol)

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के मुल्लापुर गांव के पास शनिवार सुबह उफनते छोहे (छोटी बरसाती नदी) के तेज बहाव में स्कूली बच्चों से भरी बोलेरो डूब गई। हादसे के दौरान वाहन में फंसे पांच बच्चों को बचाने में मुल्लापुर निवासी मछुआरे रामू कश्यप और छात्र प्रशांत ने साहस व सूझबूझ का परिचय दिया। ग्रामीणों के सहयोग से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

घटना की जानकारी पर मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और बच्चों व उनके परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। जानकारी के अनुसार मोहम्मदी स्थित यूडी चिल्ड्रेंस एकेडमी के बच्चों को लेकर बोलेरो स्कूल जा रही थी। मुल्लापुर के पास छोहे पर बने पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव हो रहा था प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक ने इसके बावजूद वाहन को पानी के बीच से निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान बोलेरो का संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में डूब गई। वाहन में पांच बच्चे और चालक सवार थे। बोलेरो के डूबते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर मुल्लापुर निवासी मछुआरे रामू कश्यप ने पानी में छलांग लगा दी। उन्होंने बोलेरो की खिड़की तोड़कर अंदर फंसे बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। वहीं, वाहन में सवार मुन्फरपुर निवासी छात्र प्रशांत ने भी अन्य बच्चों को सुरक्षित निकालने में सहयोग किया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

वहीं, बच्चों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले रामू कश्यप को ग्राम प्रधान मुल्लापुर सविता मिश्रा ने स्मृति चिह्न और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। हादसे की सूचना पर पहुंची पसगवां पुलिस ने क्रेन की मदद से पानी में डूबी बोलेरो को बाहर निकलवाया। एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में चालक की लापरवाही सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, स्कूल संचालक सनी गुप्ता ने बताया कि हादसे में शामिल बोलेरो स्कूल की नहीं थी, बल्कि अभिभावकों ने निजी तौर पर वाहन की व्यवस्था की थी।

दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। नगर में रामलीला मैदान पर दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कृष्णा राज और विशिष्ट अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद श्रीवास्तव ने किया है। आयोजित प्रतियोगिता में 1500 मी दौड़ सीनियर बालक वर्ग में प्रथम अंकित कुमार पीडी इंटर कॉलेज, द्वितीय अमरपाल चंदन लाल विद्या मंदिर और तीसरे स्थान पर अवनीश कुमार रामाश्रम इंटर कॉलेज रहे हैं। बालिका वर्ग में प्रथम तबस्सुम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय डोलवती पी डी इंटर कॉलेज, और तीसरे स्थान पर संध्या राज जेपी इंटर कॉलेज की रही है। जूनियर बालक वर्ग प्रथम स्थान फुजैल राधा कृष्ण इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान रमित संजय गांधी हायर सेकेंडरी, और तीसरे स्थान पर जितिन पी डी इंटर कॉलेज के रहे हैं। जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मीनाक्षी राधाकृष्णा इंटर कॉलेज, द्वितीय अभी कुशवाहा जेपी इंटर कॉलेज और तीसरे स्थान पर मधु नंदलाल इंटर कॉलेज भवानीपुर रही है। 600 मी दौड़ सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम रितिक सिंह पीडी इंटर कॉलेज, द्वितीय विकास कुमार कृष्ण इंटर कॉलेज और तीसरे स्थान पर कृष्णा कश्यप नंदलाल इंटर कॉलेज भवानीपुर रहे वहीं बालिका वर्ग में प्रथम अनामिका द्वितीय नैना पीडी इंटर कॉलेज और सीता देवी जेपी इंटर कॉलेज की रही है। संरक्षक जीआईसी शारदा नगर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार तिवारी, जेपी इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य मनोज खरे,,पी डी इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य श्याम नरायन वर्मा, अध्यापक मनोज वर्मा, सुनीता वर्मा, रामकुमार यादव, मनोज शुक्ला आदि रहे हैं।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बोले- भाजपा के इतिहास की सबसे बड़ी यात्रा



सीतापुर। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने शनिवार को गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता में कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही यात्रा भाजपा के इतिहास की सबसे बड़ी यात्रा है। करीब 40 हजार किलोमीटर की यात्रा दस राज्यों से होते हुए उत्तर प्रदेश पहुंचा है। प्रदेश से करीब 250 मोटरसाइकिल सवार कार्यकर्ता गुजरात के वडनगर जाएंगे और कालेश्वर महादेव पर जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान वृक्षारोपण, वृद्धजनों और अनाथ बच्चों से मुलाकात जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर को सभी सेवा यात्री काशी पहुंचेंगे, जहां बड़ी जनसभा होगी। करीब 500 से 650 यात्री काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विपुल प्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह व रामप्रताप सिंह मौजूद रहे।

चोरों का आतंक, पंचायत मित्र के घर पांच लाख की चोरी



सीतापुर। कोतवाली देहात की कचनार चैकी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। शुक्रवार रात पिपरी गांव में चोरों ने पंचायत मित्र कुलदीप के घर धावा बोलकर करीब पांच लाख रुपये का माल पार कर दिया। छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर जेवरात समेत कीमती सामान साफ कर दिया। बक्सा टूटने की आहट पर कुलदीप की मां की नींद खुल गई। कमरे में पहुंचीं तो उनकी आंखों के सामने तीन अज्ञात चोर सामान खंगाल रहे थे। मां के शोर मचाते ही तीनों बदमाश मौके से भाग निकले। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। पीड़ित की ओर से कचनार चौकी में तहरीर दी जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है।

एक सप्ताह में दूसरी चोरी ग्रामीणों में दहशत

सीतापुर। पिपरी गांव में इसी सप्ताह चोरी की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले चोरों ने मिथिलेश पुत्र राधेश्याम के घर को निशाना बनाया था। उस समय परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए थे। चोर घर से करीब दो लाख रुपये का सामान पार कर ले गए थे। लगातार दो घरों में चोरी के बाद ग्रामीणों में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

लेखपालों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



महोली/सीतापुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले एकत्रित हुए तहसील के लेखपालों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन विधायक शशांक त्रिवेदी को सौपा। ज्ञापन में बताया कि लेखपाल राजस्व प्रशासन की आधारशिला होते हुए भी निरंतर बढ़ते कार्य भार, संसाधनों के अभाव, लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति, अतिरिक्त कार्यभार, अवकाश के दिनों में भी शोषणकारी ड्यूटी समेत अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उप जिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम, तहसीलदार अंकुर यादव लेखपाल संदीप कुमार , सचिन,सिद्धार्थ पांडे, नीतू गुप्ता,उमेश कुमार, आनंद मोहन, प्रेमशंकर, अनुज कुमार,संजीव शुक्ला, सुशील गौड आदि मौजूद रहे।

स्कूटी चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी आग

महोली/सीतापुर। नगर के भट्ठा मोहल्ला में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग के दौरान आग लगने से दो स्कूटी व घरेलू सामान जलकर राख हो गया है। शनिवार को विनय वर्मा पुत्र बालक राम वर्मा निवासी भट्ठा मोहल्ला के मकान में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी थी उसके पास रिश्तेदार प्रमिला वर्मा की पेट्रोल स्कूटी भी खड़ी थी। अचानक इलेक्ट्रिक स्कूटी में सार्ट सर्किट से आग लग गई। इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी के साथ पेट्रोल स्कूटी भी जलकर राख हो गई वहीं आग की चपेट में आकर दो सोफे भी जल गए हैं। धुआं और धमाके की आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंच गए। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी मिलते ही विधायक शशांक त्रिवेदी मौके पर पहुंचे परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली।

चार वर्षीय स्नातक में मिलेगा रिसर्च और एंटरप्रेन्योरशिप का विकल्प



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। डॉ. भीमराव अंबेडकर पीजी कॉलेज, मुरादनगर पतरासी में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के दौरे के दौरान विद्यार्थियों को चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों और महाविद्यालयों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षक और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कुलपति ने बताया कि बीए, बीएससी और बीकॉम के विद्यार्थी तीन वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद चौथे वर्ष में भी प्रवेश ले सकेंगे। 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को डिग्री विद रिसर्च/ऑनर्स का विकल्प मिलेगा, जबकि एंटरप्रेन्योरशिप के चौथे वर्ष के लिए अंकों की बाध्यता नहीं होगी। चार वर्षीय स्नातक पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए परास्नातक की अवधि एक वर्ष होगी और वे आगे शोध के लिए भी सीधे पात्र हो सकेंगे। उन्होंने अंकतालिका में अनुपस्थित दर्ज होने की समस्या के समाधान, परीक्षा परिणाम का गजट महाविद्यालयों के लॉगिन पर उपलब्ध कराने तथा विश्वविद्यालय की ऑनलाइन प्रक्रियाओं को सरल बनाने संबंधी जानकारी भी दी। विद्यार्थियों को 10 अक्टूबर 2026 तक लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (रन्ल्छ) से जुड़ी ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। कुलपति के साथ परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, प्रवेश काउंसिल के चेयरमैन पंकज माथुर, प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव, संबद्धता समन्वयक आनंद कुमार विश्वकर्मा, अपर कुलानुशासक प्रो. ओपी शुक्ला समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों और महाविद्यालय प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ शिक्षा पर ध्यान देने और ज्ञान व प्रतिभा के माध्यम से आगे बढ़ने का आह्वान किया।

आराधना मिश्रा मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसजनों ने दी बधाई

सीतापुर। श्रीमती आराधना मिश्रा मोना को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर सीतापुर के कांग्रेसजनों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। पूर्व विधायक हरीश बाजपेयी ने आराधना मिश्रा मोना को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों में रामाश्रय अवस्थी, श्याम सुंदर शुक्ला, सतीश अग्निहोत्री, सलाम अंसारी, कल्लन खान, जमुना शर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, संजय दीक्षित, चिरंजीवी मिश्रा, अनूप मिश्रा, तुफैल अहमद, एमएल पांडेय, आमोद मिश्रा, रमेश गौड़, राकेश अवस्थी, जेपी शुक्ला, प्रेमलता शुक्ला, गिरीश दीक्षित, पुरानी तिवारी, उत्तम शर्मा, वीरेंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्रा, मुनेन्द्र अवस्थी, किरण शुक्ला समेत वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल रहे।

संक्षेप

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराये अधिकारी : डीएम

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। एसपी रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम लालगंज राजेश श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक, डीआरडीए मुनेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी लालगंज सुजीत कुमार राय सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीलर्स मीट में नयी फुटवियर रेंज का हुआ प्रदर्शन

अयोध्या। होटल रॉयल हेरिटेज में शनिवार को कोलंबस शूज की डीलर्स मीट 2026 का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी की नई कार्बन प्लेटेड शूज तकनीक, किड्स एवं वुमेन फुटवियर रेंज और आकर्षक बुकिंग स्कीम पेश की गई। कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसडर केएसएम कृष संदीप मनोचा शामिल हुए। राम मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत की। डीलर्स मीट का आयोजन पायल फुटवियर एवं एक्टिव फुटवियर के वितरक दीपक सचदेवा, यश सचदेवा और हर्ष सचदेवा के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में कंपनी के कंट्री हेड पुनीत गर्ग, जीएम उमेश जोशी, मार्केटिंग हेड निधि भारद्वाज और यूपी सेल्स हेड सुमित सहित सेल्स टीम मौजूद रही। कंपनी की कार्बन रेंज 1,799 रुपये से शुरू होती है। कार्यक्रम में एनएक्सजी रेंज के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

कोछा बाजार में चोरों का आतंक

बीकापुर-अयोध्या। बीते रात कोछा बाजार पुलिस चैकी क्षेत्र में दिखा चोरों का आतंक। एक ही रात्रि में क्षेत्र के दो अलग अलग गांव से बकरी चोरी होने की घटना सामने आयी है। पशुपालक को असलहा दिखा कर बकरियों को चार पहिया वाहन से उठा ले जाने का मामला सामने आया है।सुबह घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में दहशत फैल गई।लोगो में सुरक्षा को लेकर तमाम तरीके के सवाल उठने लगे। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के कोछा बाजार पुलिस चैकी अंतर्गत ग्राम सभा कोंडरा मुसलमीन निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद वहीद ने शनिवार को पुलिस चैकी कोंछा बाजार में एक तहरीर दी है जिसमें उन्होंने बताया है कि शुक्रवार शनिवार की रात लगभग 12.30 बजे अचानक उनके घर के सामने बोलेरो जैसी एक चार पहिया अज्ञात वाहन रुकी। जिसमें से अज्ञात चार लोग बाहर निकले और निकलते ही मेरे पास पहुंच कर मेरे ऊपर असला लगा दिया और कहा कि आराम से लेट जाओ आवाज नहीं करना नहीं तो गोली मार दूंगा और अन्य तीन लोग बगल में बंधी आठ बकरियां को आनन फानन में लादने लगे।

लेखपालों ने संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार किया



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को जयसिंहपुर तहसील इकाई के लेखपालों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय के समीप धरना-प्रदर्शन किया।

तहसील अध्यक्ष लाल बहादुर श्रीवास्तव और तहसील मंत्री विपिन कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में लेखपालों ने सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस का बहिष्कार किया। इसके बाद लेखपालों ने एसडीएम संदीप कुमार यादव और तहसीलदार मयंक मिश्रा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। धरने के दौरान लेखपालों ने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों के निष्पादन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन लंबे समय से उनकी सेवा संबंधी कई समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। लेखपाल संघ ने वेतन विसंगति दूर करने, अंतर-मंडलीय स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने तथा लेखपालों के रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्यों से मुक्ति, लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित करने और विभिन्न भत्तों में वृद्धि की भी मांग की गई।

- मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा गया

आठ प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

तहसील अध्यक्ष लाल बहादुर श्रीवास्तव ने बताया कि लेखपालों की आठ प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति का निराकरण, अंतर-मंडलीय स्थानांतरण, लेखपालों की नियुक्ति, अतिरिक्त कार्यों से मुक्ति, पद को तकनीकी घोषित करना, भत्तों में वृद्धि तथा ग्राम सचिवालय एवं सेक्टर व्यवस्था से संबंधित मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान के लिए संघ लगातार शासन का ध्यान आकृष्ट करा रहा है। तहसील मंत्री विपिन कुमार यादव ने कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश संघ के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी तिथियों में कार्य बहिष्कार समेत आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। धरने में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, उपमंत्री सतीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष पूजा और ऑडिटर शिवकुमार समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

50 हजार लेकर दीवार तुड़वाने का आरोप

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उस समय मामला चर्चा में आ गया, जब जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के इसूर गांव की दलित महिला ने सेमरी चैकी पुलिस पर उसके पट्टीदार से कथित रूप से 50 हजार रुपये लेकर मकान की दीवार तुड़वाने और जबरन दरवाजा खुलवाने का आरोप लगाया। महिला ने एसआई सुबोध त्यागी और पूर्व चैकी प्रभारी अविनाश सोनकर के खिलाफ शिकायत देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। पुलिसकर्मी ने आरोपों को निराधार बताते हुए घटना में अपनी भूमिका से इनकार किया है। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर संदीप यादव ने की। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चार का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

पीड़िता बिलैता पत्नी आशाराम का आरोप है कि वह करीब 20 वर्षों से परिवार के साथ सरकारी आवास में रह रही है। उसके मुताबिक, 21 जून 2025 की रात करीब 12 बजे पट्टीदार रामजीत पुत्र निर्मल अन्य लोगों के साथ मकान के पीछे पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में दीवार तुड़वाकर दरवाजा खुलवा दिया गया। महिला ने मकान में रखा बर्तन व अन्य घरेलू सामान भी ले जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसने घटना के समय डायल-112 पर सूचना दी, लेकिन उसके पुत्र का ही शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया। इसके बाद उसने थाना और तहसील समाधान दिवस के साथ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उसने एसआई पर शिकायत के दौरान अभद्रता और धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

वहीं एसआई सुबोध त्यागी ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि दीवार तुड़वाकर दरवाजा पूर्व चैकी प्रभारी अविनाश सोनकर ने खुलवाया था और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला के मृतक जेठ द्वारा तीनों कमरों और चल-अचल संपत्ति के संबंध में रामजीत के नाम वसीयत किए जाने की बात सामने आई है। समाधान दिवस में अधिकारियों ने सभी शिकायतों के गंभीरता से निस्तारण के निर्देश दिए। अब मामले में निष्पक्ष जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



सुलतानपुर (वीओएल)। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंशुल हिंदल की उपस्थिति में तहसील लम्भुआ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण की कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय एवं नियमानुसार परीक्षण कराते हुए समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं प्रभावी समाधान किया जाए तथा उसे की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 297 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 35 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस परिसर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से स्टॉल पर उपलब्ध सेवाओं एवं जनसुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में जनपद की अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।

रेलिंग तोड़कर नदी में समायी चीनी लदी ट्रक, चालक ने कूदकर बचायी जान

परशदेपुर, रायबरेली। लखीमपुर से चीनी लोड कर प्रयागराज के फूलपुर जा रही तेज रफ्तार ट्रक सई नदी पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा समाई। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते ट्रक से छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।घटना डीह थाना क्षेत्र की परशदेपुर चौकी अंतर्गत केशवापुर गांव के पास स्थित सई नदी पुल की है। शनिवार भोर में तेज रफ़्तार अनियंत्रित ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में गिर गई। जलस्तर अधिक होने के कारण देखते ही देखते पूरा ट्रक नदी में समा गया। गनीमत यह रही कि वाहन चालक ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद चालक ने वाहन स्वामी को फोन कर घटना की जानकारी दी,इसके बाद वाहन चालक घर चला गया। वाहन स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक अंकित कुमार निवासी कोटवामऊ, थाना फुरसतगंज, जनपद अमेठी का निवासी है। वह लखीमपुर चीनी मिल से चीनी लोड कर प्रयागराज के फूलपुर जा रहा था,इसी दौरान यह घटना हुई। वाहन स्वामी प्रदीप कुमार ने बताया कि सई नदी में ट्रक गिरने की सूचना ड्राइवर ने दी है।पुलिस को इसकी सूचना दी गई है,चालक सुरक्षित है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है तथा सभी सुरक्षित हैं। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक नदी में समाई ट्रक का सुराग नहीं लग सका घटना को संदिग्ध बताया जा रहा है।

उप निर्वाचन के लिए मतदान व मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण निर्धारित

सलोन,रायबरेली। राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली सरनीत कौर ब्रोका द्वारा निर्गत सार्वजनिक नोटिस के क्रम में नगर पंचायत सलोन के रिक्त अध्यक्ष पद पर सविरोध उप निर्वाचन हेतु 13 अक्टूबर को निर्धारित मतदान केन्द्रों/स्थलों पर मतदान तथा 15 अक्टूबर को तहसील मुख्यालय सलोन में चिन्हित स्थान पर मतगणना कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम प्रशिक्षण 05 अक्टूबर को प्रातः 11बजे से अपराह्न 10 बजे तक महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन रायबरेली में आयोजित होगा। वही कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रथम पाली में 08 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 08 अक्टूबर को अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे तक महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन रायबरेली में आयोजित किया जाएगा। मतगणना पार्टी के समस्त कार्मिकों का प्रशिक्षण 14 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन रायबरेली में होगा।

अवध विवि के सेंटर फॉर लीगल स्टडीज में फ्रेशर पार्टी शुभारंभ का हुआ आयोजन



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर लीगल स्टडीज परिसर में विधि परास्नातक (एलएलएम) द्वितीय वर्ष (बैच 2025-27) के छात्र-छात्राओं द्वारा नवागत विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी शुभारंभ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नवागत छात्रों के आत्मीय स्वागत के साथ हुई। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागत साथियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। समारोह में सेंटर फॉर लीगल स्टडीज के निदेशक प्रो. अशोक कुमार राय, संकायाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार पांडे, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. वंदना गुप्ता तथा सहयोगी दिलीप शुक्ला सहित विभाग के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने नवागत छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विधि शिक्षा के महत्व और अनुशासन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन और संयोजन में मुख्य आयोजक छात्र-छात्राओं जय प्रकाश, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, दीक्षा गिरी और श्वेतामनी त्रिपाठी का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर एलएलएम 2025-27 बैच के समस्त विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

छह दिवसीय हार्डवेयर टेक्नोलॉजी कार्यशाला संपन्न

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग तथा डॉ. लोहिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला 'हार्डवेयर टेक्नोलॉजी' का शनिवार को समापन हो गया। 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चली इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को कंप्यूटर असेंबलिंग, मदरबोर्ड, प्रोसेसर, रैम व स्टोरेज डिवाइस जैसे प्रमुख घटकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि आज के तकनीकी दौर में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ प्रायोगिक व रोजगारपरक कौशल अनिवार्य है; ऐसी कार्यशालाएं युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए तैयार करती हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विभाग छात्रों को उद्योग की मांग के अनुरूप दक्ष बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

जयसिंहपुर बार एसो.चुनाव में अभयराज अध्यक्ष, प्रदीप सचिव निर्वाचित

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बार एसोसिएशन तहसील जयसिंहपुर के चुनाव में शनिवार को अभयराज यादव एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल कुमार शुक्ला को 11 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। सचिव पद पर प्रदीप कुमार शुक्ला एडवोकेट ने प्रेम शंकर पांडेय को एक मत से हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश वर्मा एडवोकेट ने राघवेंद्र दुबे को 36 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। शनिवार को बार एसोसिएशन सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। कुल 74 मतदाताओं ने अध्यक्ष, सचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए मतदान किया। मतदान के दौरान जयसिंहपुर पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी रही। तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतगणना शुरू कराई गई। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर अभयराज यादव को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल कुमार शुक्ला से 11 मत अधिक प्राप्त किए। सचिव पद पर प्रदीप कुमार शुक्ला ने प्रेम शंकर पांडेय को एक मत के मामूली अंतर से हराकर जीत हासिल की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश वर्मा ने राघवेंद्र दुबे को 36 मतों से पराजित किया। वहीं, अन्य पदों पर एकल नामांकन होने के कारण कोषाध्यक्ष पद पर शिव शंकर तिवारी और सहसचिव प्रशासक पद पर महेंद्र कुमार पांडेय को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के लिए वर्तमान अध्यक्ष रविशंकर मिश्र और सचिव बृजेंद्र कुमार वर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाया गया था। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्साह देखा गया। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर विजय शंकर शुक्ला, देवानंद पाण्डेय, संतोष कुमार मिश्र, बाबूलाल यादव, शंकर नाथ दुबे, श्याम लाल गुप्ता ,विवेक श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, मनोज सिंह, शिव नारायण पांडेय, रमेश कुमार यादव, संजय धुरिया मौजूद रहे।

अवैध नर्सिंग होम संचालित करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप



परसदेपुर, रायबरेली। सलोन कस्बे के परसदेपुर रोड स्थित बाईपास पर संचालित गीता नर्सिंग होम एक बार फिर विवादों में घिर गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कुछ नौसिखिया युवक कथित रूप से नवजात शिशु का इलाज करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और स्थानीय स्तर पर मामले की चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वीडियो वायरल होने से पहले भी उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) समेत अन्य अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर नर्सिंग होम की जांच कराने की मांग की थी। शिकायतकताओं का कहना है कि गीता नर्सिंग होम कथित रूप से बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जा रहा है और यहां मरीजों को बेहतर इलाज का झांसा देकर भर्ती किया जाता है।शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि कोई मरीज शिकायतकताओं का दावा है कि अस्पताल में कई बार उपचार के दौरान मरीजों की हालत बिगड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल संचालक के कुछ स्वास्थ्यकर्मियों और अधिकारियों से करीबी संबंध होने के कारण कार्रवाई नहीं की जाती। आरोप यह भी हैं कि नर्सिंग होम में नवजात शिशुओं के लिए एनआईसीयू जैसी सुविधाएं संचालित की जा रही हैं, जबकि इनके लिए आवश्यक मानकों और अनुमतियों का पालन नहीं किया गया है। इसके अलावा परिसर के भीतर बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलाए जाने तथा भवन मानकों की अनदेखी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की। जनपद स्तरीय टीम गठित कर गीता नर्सिंग होम की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से ग्रामीणों की शिकायत पर नर्सिंग होम को सील करने के कार्रवाई की है।

बीईओ की विदाई में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब

रायबरेली। करीब पांच साल तक राही ब्लॉक में खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे बृजलाल का गैरजनपद स्थानांतरण होने के बाद बीआरसी राही परिसर में शिक्षकों की तरफ से विदाई समारोह आयोजित किया गया। बीआरसी परिसर में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में उनकी विदाई देने के लिए शिक्षकों का समूह उमड़ पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 सत्य प्रकाश यादव, बी0ई0ओ0 मुख्यालय रहे। बता दें, राही ब्लॉक में कार्यरत रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा का मेरठ जिले में स्थानांतरण हो गया है। गैर जनपद स्थानांतरण होने के बाद राही ब्लॉक संसाधन केंद्र में उनके स्वागत में शिक्षकों की तरफ से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआरसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक व उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी का ऐसा व्यवहार था कि कोई भी उनसे नाराज नहीं हुआ। उन्होंने सभी शिक्षकों को एक सूत्र में बांधने का काम किया और उनको एक परिवार माना। अगर किसी भी शिक्षक को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत होती थी तो वह सीधे ही बीईओ से अपनी बात रख सकता था और उनकी समस्या का निराकरण भी किया जाता था। शिक्षकों ने कहा कि वे अजातशत्रु थे, उनका ऐसा व्यवहार था कि बीते करीब पांच में किसी भी प्रकार का कोई टकराव कभी भी शिक्षकों के बीच में नहीं हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि बृजलाल वर्मा ने एक अलग पथपाठी तैयार की है उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से भी हमें पूरा सहयोग मिला और प्राथमिक विद्यालय जमुनिहा, लोधवारी, सनही, बेलाभेला सहित अन्य विद्यालयों में पूरा विकास कराया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय भी राही ब्लॉक को दिलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अभिषेक द्विवेदी ने किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय, सराय मुगला के बच्चों ने अपने बैंड के साथ में स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत महामंत्री दिलीप गुप्ता ने व सबके प्रति आभार ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, महामंत्री दिलीप गुप्ता, जूनियर शिक्षक संघ से ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनकर, महामंत्री अवधेश यादव, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सरिता नागेंद्र, ब्लॉक अध्यक्ष मालती मौर्य, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष नवीन वर्मा, शिक्षामित्र एसोसिएशन से जिला महामंत्री पवन पाठक, गरिमा पांडेय, शालिनी पाण्डेय, संगीता अग्रहरि, सोसाइटी डायरेक्टर धीरज श्रीवास्तव, आशीष साहू, एआरपी स्वदेश रमण त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, अपरिजिता अवस्थी, दीपक गुप्ता, देवेंद्र सिंह, रेनू शुक्ला, निरूपमा बाजपेई, आशुतोष अरोड़ा, राहुल सिंह, विजय सिंह, हरिकेश सिंह, संजीव सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 275/राज सेक्टर-पेयजल/नि.कार्य/निविदा/2026-27 **दिनांकः 22 सितम्बर 2026**

अल्पकालिक निविदा सूचना

राज्य सेक्टर की ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना अंतर्गत पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से जीएसटी रहित ऑफलाइन सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित)	धरोहर राशि	निविदा शुल्क	अवधि
1	धनकुटीपुरा रिक्खी राम मंदिर सामने गली में जे.पी. तिवारी मकान तक 150 मी.	1,27,365	12,750	180	15 दिन
2	मोहल्ला घसियारीपुरा बी.पी. अवस्थी से आदित्य गुप्ता मकान तक 200 मी.	1,65,940	16,600	230	15 दिन
3	सूफीपुरा दिनेश कुमार वर्मा के मकान के बगल गली से मीना पाल के मकान आगे 150 मी.	1,27,365	12,750	180	15 दिन
4	सुनीपुरा वन विभाग आवासीय परिसर/ कार्यालय में 120 मी.	1,04,820	10,500	125	15 दिन

निविदा प्रपत्र बिक्री एवं जमाः जलकल कार्यालय, घंटाघर परिसर, बहराइच ।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथिः 06 अक्टूबर 2026, अपराह्न 03:00 बजे तक।

निविदा खुलने की तिथिः 06 अक्टूबर 2026, अपराह्न 04:00 बजे।

सशर्त निविदा अस्वीकार हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी जलकल कार्यालय, घंटाघर परिसर से प्राप्त करें।

अधिशासी अधिकारी **अध्यक्ष**

न.पा.परि., बहराइच **न.पा.परि., बहराइच**

विधायक ने निभाया अपनों का साथ, 35 गंभीर बीमार मरीजों को दिलायी 55 लाख की मदद

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने एक बार फिर अपने क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार है और हर परिस्थिति में अपनों का संबल बनना मेरा कर्तव्य है।



इसी संकल्प के साथ विधायक अदिति सिंह ने गरीब, असहाय और गंभीर बीमारियों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे लोगों के लिए मदद के हाथ बढ़ाए हैं। उनके अथक प्रयासों एवं संस्तुति से सितंबर 2026 में क्षेत्र के 35 जरूरतमंद परिवारों के सदस्यों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 55,49,896 की सहायता राशि स्वीकृत कराई गई है।विधायक अदिति सिंह ने सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से कामना की है। उन्होंने इस संवेदनशील सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है, जिनकी बदौलत गंभीर बीमारियों से त्रस्त आम जनमानस को यह महत्वपूर्ण लाभ मिल सका है। गौरतलब है कि विधायक अदिति सिंह लगातार अपने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं और मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

मिनी स्टेडियम में क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

सलोन,रायबरेली। मिनी स्टेडियम सलोन में माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य अमित भारती ने कहा कि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जूनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, करहिया बाजार के प्रमोद ने प्रथम तथा शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामसापुर के विपिन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, करहिया बाजार की मीनाक्षी प्रथम और इसी विद्यालय की रागनी द्वितीय स्थान पर रहीं।

संक्षेप

उत्कृष्ट सेवा के लिए आरक्षी अमन अग्रहरी सम्मानित

भटनी(देवरिया)।प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के दौरान उत्कृष्ट सेवा एवं दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए भटनी थाना में तैनात आरक्षी अमन अग्रहरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मान मिलने पर थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने उनका उत्साहवर्धन किया।बताया गया कि महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इसी दौरान अमन अग्रहरी की सेवा एवं कार्य के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर थाना प्रभारी पंकज गुप्ता ने कहा कि पुलिस सेवा में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी का विशेष महत्व है।महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में पूरी निष्ठा से ड्यूटी निभाना गौरव की बात है।

कृषि मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, राहत सामग्री बांटी

- बीजबाल सेवा योजना एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लाभार्थियों को किया लाभान्वित
- बिना भेदभाव सभी बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश
- बाढ़ प्रभावित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा

जिला संवाददाता

कुशीनगर। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को तहसील तमकुहीराज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रकवा जंगली पट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर बाढ़ की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण राहत सामग्री से वंचित न रहने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राशन कार्ड हो या न हो, सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष रूप से राहत सामग्री एवं आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए।निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि अचानक हुई भारी बारिश तथा नेपाल द्वारा छोड़े गए करीब साढ़े छह लाख क्यूसेक पानी के दबाव के कारण एपी तटबंध क्षतिग्रस्त हुआ, जिससे क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई।उन्होंने कहा कि घटना के 24 घंटे के भीतर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया।उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आपदा के बावजूद राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।कृषि मंत्री ने बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत देते हुए कहा कि किसान मसूर, राई, चना, मटर, गेहूं सहित अन्य फसलों के बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। किसानों को बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बाढ़ से फसलों एवं अन्य कृषि संसाधनों को हुए नुकसान का आकलन कराकर नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सांसद एवं विधायक लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद रहकर प्रभावित लोगों के भोजन एवं अन्य आवश्यक जरूरतों की व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं।जिला प्रशासन द्वारा भी प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके उपरांत कृषि मंत्री ने विकासखंड सेवरही के बाढ़ प्रभावित ग्राम सभा जंगली पट्टी पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों में राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन-प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों के बीच बाढ़ राहत किट का वितरण भी किया। ग्रामीणों ने बाढ़ के



कारण उत्पन्न समस्याओं एवं अपनी आवश्यकताओं से कृषि मंत्री को अवगत कराया।इसी क्रम में विकासखंड सेवरही की ग्राम सभा जमाई मलाही में बाल सेवा योजना/स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत चिन्हित तीन बच्चों–कुमारी सुहानी पुत्री स्वर्गीय सुग्रीव, कुमारी मुन्नी पुत्री स्वर्गीय भरत तथा कुमारी रूपा पुत्री अहिल्या देवी–को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा प्रमाण पत्र एवं फल की टोकरी भेंट कर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा चिन्हित लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। श्री जलेश्वर प्रसाद पुत्र दहारी को व्हीलचेयर तथा श्री संतोष कुमार पुत्र वशिष्ठ, श्री दिनेश पुत्र बांका यादव एवं श्रीमती सुनीता देवी पत्नी संतोष चौरसिया को ट्राई साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री एवं आवश्यक सहायता पहुंचाने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कराकर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर देवरिया-कुशीनगर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार राय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पवन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी तमकुहीराज, तहसीलदार तमकुहीराज, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी/प्रभारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, महिला कल्याण विभाग के नलिन सिंह सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और आमजन उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- प्राप्त 111 शिकायतों में से 15 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण
- अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तहसील सलेमपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने एक-एक फरियादी से रूबरू हुए।उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किए जाने के निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी ने निस्तारण योग्य 15 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया, वहीं ऐसे प्रकरण, जिनमें जांच या मौके पर निरीक्षण की आवश्यकता थी, उन प्रकरणों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को हस्तगत कराया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में जो भी आवेदन प्राप्त हों, उनका पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए। राजस्व कर्मी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल अपने कार्यों में पूरी तत्परता बरतें तथा धारा 34, 24 एवं 116 में जो भी वाद लंबित हों, उन्हें प्राथमिकता के साथ दर्ज कराते हुए निस्तारण कराएं।इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो, यह सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम तकिया धरहरा निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने धारा 24 के आदेश के उपरांत भी जमीन पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत रखी। ग्राम बलिया दक्षिण निवासी विजय कुमार यादव ने मकान बंटवारे संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किया। ग्राम परसिया भगौती निवासी निसार अहमद अंसारी ने बंटवारे के मामले में कोरा में जालसाजी किए जाने संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने इन सभी प्रकरणों में उप जिलाधिकारी सलेमपुर को आवश्यक कार्रवाई कर मामलों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम मझौली राज नगर निकाय निवासी राम सखी देवी ने चकमार्ग खाली कराए जाने संबंधी मामले को रखा। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय मझौली राज को नियमानुसार निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। नगर निकाय सलेमपुर निवासी राधिका देवी ने आयुष्मान कार्ड एवं पेंशन संबंधी शिकायती प्रकरण प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को तत्काल रूप से लाभार्थी को पात्रता के अनुसार लाभ उपलब्ध कराए जाने की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया।



आयोजित इस समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसके सिन्हा, उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार सुशील कुमार राजपूत, नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य, हरिप्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, उप संचालक चकबंदी पवन कुमार पांडेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

जांच में आरोप निराधार मिलने पर आवेदक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

देवरिया। उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में छठ्ठू कुमार यादव ने छठ्ठू बनाम अमरनाथ विवाद के लंबित होने और विपक्षी से जान-माल का खतरा होने की शिकायत की थी। तत्काल कराई गई जांच में आरोप निराधार पाए गए। इस पर शांति व्यवस्था भंग करने एवं गलत तथ्यों से गुमराह करने के मामले में आवेदक के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 126/135 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं

5279 विद्यार्थियों के खातों में पहुंची 1.42 करोड़ की छात्रवृत्ति

देवरिया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनांतर्गत कक्षा नौ से 12 तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की धनराशि उनके आधार सीडेड बैंक खातों में अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन सचिवालय में किया गया। कार्यक्रम का प्रदेशभर में हाईब्रिड मोड में आयोजन हुआ और जनपद के सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में इसका सजीव प्रसारण किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। बापू इंटर कॉलेज, सलेमपुर में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया।

लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न



देवरिया,। उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन, जनपद शाखा देवरिया की द्विवार्षिक जिला कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ। द्विवार्षिक चुनाव के लिए गोरखपुर-बस्ती मण्डल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (उपासा) श्री मोहन के प्रतिनिधि के रूप में श्री विवेक श्रीवास्तव एवं प्रभात रंजन पाण्डेय तथा जनपद गोरखपुर उपासा के सदस्य श्री शिवम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद देवरिया के लेखा एवं लेखा परीक्षा संघ द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से राजेश कुमार जायसवाल को अध्यक्ष, शिवम कुमार मिश्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जावेद अहमद को उपाध्यक्ष, आत्मा कुमार विश्वकर्मा को महासचिव, विनय यादव को संयुक्त सचिव तथा सर्वजीत यादव को कोषाध्यक्ष चुना गयानवनिर्वाचित पदाधिकारियों को क्षेत्रीय संगठन मंत्री (उपासा) विवेक श्रीवास्तव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों की सहमति से सेवानिवृत्त लेखाकार श्री ओमकार पाण्डेय को संगठन संरक्षक मनोनीत किया गया।चुनाव प्रक्रिया के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इस शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विकास भवन से सेवानिवृत्त लेखाकार जे.पी. यादव को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर भाजपा की बैठक में मंथन

देवरिया। भाजपा जिला कार्यालय औरा चौरी पर जिला पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दिनों में होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्धारित समय पर कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपादित करने की कार्ययोजना बनाई गई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता, अनुशासन और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है।

आगामी सभी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाए, ताकि संगठन के कार्यक्रमों का प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।उन्होंने कहा कि पांच सितंबर को नवनियुक्त जिला प्रभारी देवेंद्र यादव के देवरिया आगमन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नए जिला प्रभारी के मार्गदर्शन में संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे।

बैठक में सात सितंबर को होने वाले सेवा ज्योति यात्रा अभियान की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा और समाज के प्रति समर्पण भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सेवा ज्योति यात्रा को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अभियान के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुट जाएं।बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों से मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर के कार्यकताओं की मेहनत से मजबूत होता है। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व क्षेत्र में सक्रिय रहकर कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक कार्यकताओं और समाज के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिए।

जब आर्थिक स्थिति मजबूत तो अस्सी प्रतिशत राशन की लाइन में क्यों: पल्लवी

कुशीनगर। अपना दल कामेरवादी के हाटा विधानसभा 334 का कार्यकर्ता सम्मेलन सुकरौली स्थित अम्बे मैरेज हाल में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि पिछड़ों, दलितों और वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।शनिवार को आयोजित कार्यकर्ता बैठक का शुभारंभ डॉ पल्लवी ने दल के संस्थापक स्व. डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए नमन किया और आह्वान करते हुए कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल ने दलित, शोषित, अल्पसंख्यक और वंचित समाज के लिए जो मुहिम छेड़ी है। अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। शिक्षा, रोजगार, हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा। यह सरकार आर्थिक रूप से मजबूत होने का दावा करती है तो अस्सी प्रतिशत लोग राशन की लाइन में क्यों हैं, जनगणना क्यों नहीं हो रही।

जब स्कूल बंद करा रही है सरकार तो भारत विश्व गुरु कैसे बनेगा। महिलाओं को राजनैतिक मंचो पर भागीदारी की अपील की। कहा मिलकर लड़ेंगे तो निश्चित ही इतिहास बदलेगा। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव हीरा राम पटेल, प्रदेश विधि अध्यक्ष एड. राम शिला पटेल, प्रदेश महा सचिव व्यापार मंडल सीबी सिंह, सम्हारु सिंह पटेल ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीएल पटेल ने सामाजिक,



हक अधिकार के लिए लड़ने का समय आ गया है। केवल वोट देने की मशीन नहीं हैं। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बाबू सिंह औरब्लाक प्रमुख प्रमोद सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, राम नरेश पटेल, पूर्व प्रत्याशी हरिशंकर गौतम, राज कुमार पटेल, जिला मंत्री छेदी सिंह पटेल पदाधिकारियों ने डॉ पल्लवी सहित अतिथियों का माल्यार्पण किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित और स्वागत किया। काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। संचालन शिक्षक सुन्दर लाल पटेल ने किया। इस दौरान अल्प संख्यक जिलाध्यक्ष मंसूर अली, वीरेंद्र कुमार पटेल, बबलू गौतम, अशोक पटेल, धनंजय सिंह, एडवोके ओमप्रकाश, शशि प्रकाश, गुफरान अली, मसरूर अली, ब्रजेश, डॉ हीरालाल पटेल, अशोक सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, सोनू सिंह, बाला देवी, अमीना खातून सहित सैकड़ों महिला, पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम की मानवीय पहल से अनाथ बच्चे योजनाओं से हुए आच्छादित

देवरिया। ग्राम अहिरौली लाला निवासी अपने माता-पिता की मृत्यु उपरान्त अनाथ हो चुकी स्नेहा सिंघानिया अपने छोटे भाई आदित्य सिंघानिया के साथ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष सम्पूर्ण समाधान दिवस सलेमपुर में अपनी समस्याओं को रखा। फरियादिनी ने बताया कि मेरी मां बबिता देवी की मृत्यु माह जुलाई 2026 में दुर्घटना में हो गयी है तथा मेरे पिता विपिन बिहारी की मृत्यु अगस्त 2011 में हो चुकी है। माता-पिता के खोने से हम भाई बहन अनाथ हो गये है और गुजर बसर करने का कोई साधन नही है। मै गोरखपुर से बीसीए कर रही हूँ तथा आगे की पढाई भी जारी रखना चाहती हूँ। जिलाधिकारी ने फरियादिनी स्नेहा सिंघानिया की समस्याओं को अत्यन्त गंभीरता से सुनते हुए संजीदगी दिखाई तथा तात्कालिक रुप से इस बच्ची का हर संभव मदद किये जाने का जहां भरोसा दिलाया, वहीं उसका अन्त्योदय राशन कार्ड, दवा-इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड तथा गोरखपुर में अध्ययन के दौरान हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की पहल की तथा प्रोबेशन विभाग की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित संचालित विभिन्न योजनाओं से भी इस अनाथ बच्चों को आच्छादित किये जाने के भी निर्देश दिए। बच्ची द्वारा यह भी बताया गया कि माता बबिता देवी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर संचालित कृषक दुर्घटना बीमा योजना की 5 लाख की धनराशि अभी प्राप्त नही हुई है। जिलाधिकारी ने इस पर भी संवेदनशीलता दिखाते हुए इस योजना के तहत अनुमन्य धनराशि को भी प्राथमिकता के साथ दिलाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी द्वारा तात्कालिक रूप से दिए गए निर्देश के क्रम में राशन कार्ड, अंत्योदय कार्ड बनाए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से आच्छादित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी द्वारा अपने मां-बाप को खो चुके इन असहाय बच्चों पर की गयी मानवीय संवेदनशील पहल से फरियादिनी सहित उसके शुभचिंतक व अन्य उपस्थित जन काफी भावुक हुए व जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किये।उपस्थित लोगों द्वारा कहा गया कि जिलाधिकारी ने इन बच्चों का भविष्य संवार कर मानवता की मिसाल पेश की है।

बिना नंबर प्लेट के दौड़ रही नगर पालिका की गाड़ियों पर शिकंजा, खबर का असर

ट्रैफिक पुलिस ने नगर पालिका की बिना नम्बर प्लेट गाड़ी पर 5,000 रुपये का भारी-भरकम चालान ठोका

जिला संवाददाता

?कुशीनगर। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन की कार्यप्रणाली अक्सर सवालों के घेरे में रहती है, खासकर तब जब नियम तोड़ने वाले खुद सरकारी महकमे से जुड़े हों। बीते सप्ताह दैनिक ₹वॉयस ऑफ लखनऊ₹ समाचार पत्र ने ₹कुशीनगर में बिना नंबर प्लेट के फरार्टा भर रहीं नगर पालिका की गाड़ियां₹ शीर्षक प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें यह खुलासा किया गया था कि कुशीनगर नगर पालिका परिषद की दो दर्जन से अधिक चार पहिया गाड़ियां बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रही हैं इस खबर में मुख्य रूप से यह मुद्दा उठाया गया था कि शहर के व्यस्ततम गांधी चौक पर हर समय ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी तैनात रहते हैं, इसके बावजूद इन नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन की नींद टूटी और आखिरकार यातायात विभाग ने इस पर सख्त कदम उठाया है।

- बीते सप्ताह दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र ने प्रमुखता से खबर उठायी थी

कसया गांधी चौक पर हुई बड़ी कार्रवाइ

मीडिया में खबर आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। शनिवार को कुशीनगर के व्यस्तम कसया गांधी चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान मौके पर मौजूद ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर रमेश सिंह और हेड कांस्टेबल ट्रैफिक सुनील कुमार पाण्डेय ने नगर पालिका कुशीनगर की एक बिना नंबर प्लेट की ट्रक गाड़ी को रोका।

गाड़ी पर नंबर प्लेट न होने के कारण अधिकारियों ने तुरंत तकनीकी प्रक्रिया अपनाई और वाहन के चेचिस नंबर के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित की। नियमों की अनदेखी करने और बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने के जुर्म में ट्रैफिक पुलिस ने नगर पालिका की इस गाड़ी पर 5,000 रुपये का भारी -भरकम चालान ठोका है।



प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर उठ रहे थे सवाल

?यह पूरा मामला तब तूल पकड़ा जब आम जनता ने देखा कि जो प्रशासनिक अमला और ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों को जरा सी चूक पर भारी-भरकम जुमार्ने का पाठ पढ़ाती है, वही महकमा सरकारी गाड़ियों के मामले में आंखें मूंद कर बैठा रहता है। गांधी चौक पर पुलिस चौकियों और पिकेट्स की मौजूदगी के बावजूद नगर पालिका की गाड़ियां बेखौफ होकर गुजरती थीं। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का कहना था कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराने वाले अधिकारी इन गाड़ियों को देखकर भी अनदेखा कर देते थे, जिससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा था। बिना नंबर प्लेट के वाहनों के संचालन से सुरक्षा को लेकर भी गंभीर खतरे उत्पन्न होते हैं, क्योंकि किसी दुर्घटना या आपात स्थिति में ऐसे वाहनों की पहचान करना असंभव हो जाता है।

जनता में जगी उम्मीद, आगे भी जारी रहेगी सख्ती

मीडिया की इस पहल और ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में यह उम्मीद जगी है कि अब नियमों का पालन केवल आम जनता पर ही नहीं, बल्कि सरकारी विभागों और उनके वाहनों पर भी सख्ती से लागू होगा।

जानकारों का मानना है कि यदि प्रशासन इसी तरह बिना भेदभाव के हर नियम तोड़ने वाले वाहन पर शिकंजा कसे, तो सड़क हादसों और मनमानी पर काफी हद तक लगाम लग सकती है।

?फिलहाल, गांधी चौक पर नगर पालिका की गाड़ी का चालान काटे जाने के बाद से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है ।

और अन्य बिना नंबर प्लेट वाले सरकारी व गैर-सरकारी वाहनों के चालकों में भी हड़कंप की स्थिति है।

डीएम ने न्यायालय और भूलेख कार्यालय का किया निरीक्षण



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज तहसील सलेमपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में समय से पूर्व हीं पहुँच कर नायब तहसीलदार न्यायालय एवं भूलेख कार्यालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जिलाधिकारी तहसील सलेमपुर में लगभग पूर्वान्ह 9.45 पर हीं पहुँच गये। समाधान दिवस के आयोजन के पूर्व ही जिलाधिकारी ने न्यायालय तहसीदार प्रथम के धारा 34 के दो पत्रावलियों यथा ललनपति बनाम ध्रुवपति व अनिल बनाम देवपूजन तथा नायब तहसीलदार द्वितीय के भी इसी धारा अन्तर्गत के दो पत्रावली निर्मला देवी बनाम शीतल तिवारी व राजवंशी बनाम तुफानी के प्रकरण की कार्यवाही का निरीक्षण कर संबंधित नायब तहसीलदारो को मुकदमें की कार्यवाही त्वरित पारदर्शी निष्पक्षतापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये । उन्होने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर कोई आख्या लंबित न रहे इसका विशेष रुप से ध्यान रखा जाये इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील सलेमपुर के भूलेख कार्यालय का भी निरीक्षण किया। पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, सफाई व्यवस्था आदि सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर सहित पूरे कार्यालय में भी साफ सफाई रखे जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार सुशील कुमार राजपूत, नायब तहसीलदार सलेमपुर रविंद्र मौर्य, नायब तहसीलदार भटनी हरि प्रसाद सहित अन्य राजस्व कर्मी आदि उपस्थित रहे।

जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम



- भूमि विवादों के लिए पुलिस-राजस्व की संयुक्त टीमें गठित करने के निर्देश
- अराजक तत्वों पर होगी एफआईआर: डीएम

ललितपुर। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सदर तहसील में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। डीएम ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कई मामलों का तत्काल निस्तारण कराया। समाधान दिवस में अवैध कब्जे, भूमि पैमाइश और जमीनी विवादों से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने तथा विवादों का नियमानुसार स्थायी एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्य अथवा जनशिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में बाधा डालने वाले अराजक तत्वों और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी अधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में बिरधा ब्लॉक के मऊमाफी निवासी ने चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उनकी भूमि दूर स्थान पर दिए जाने की शिकायत की। इस पर एसओसी चकबंदी को मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। विघामहावत निवासी ने गांव में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की जांच की मांग की।

मामले में डीसी मनरेगा को जांच के आदेश दिए गए। वहीं जुगपुरा निवासी ने अपनी भूमि पर पीएम आवास निर्माण में विपक्षियों द्वारा बाधा डालने की शिकायत की, जिस पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक और कोतवाली थानाध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। परसई नाराहट निवासी ने अपनी भूमि को विपक्षियों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। इस पर एसडीएम महरौनी को नियमानुसार कार्रवाई कर प्रकरण का निस्तारण करने को कहा गया। मेलवाराकलां निवासी महिला ने भूमि पर अवैध कब्जा कर टपरा डालने की शिकायत की, जिस पर एसओसी चकबंदी को संयुक्त रूप से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार और भी अनेकों शिकायतों को सुनते हुये जिलाधिकारी ने निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिले की पांचों तहसीलों में कुल 194 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 26 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी संजीव कुमार बाजपेई, सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हेमन्त पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पेट्रोल पंप से 26.50 लाख का डीजल लेने के बाद भुगतान नहीं करने का आरोप

- पेट्रोल पंप में आग लगवाने की धमकी, न्यायालय के आदेश पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बम्हौरीसर स्थित एक पेट्रोल पंप से लाखों रुपये का डीजल लेने के बाद भुगतान नहीं करने और बकाया रकम मांगने पर पेट्रोल पंप प्रबंधक को धमकाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद न्यायालय की शरण ली गई। न्यायालय के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संचालक समेत दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत एवं न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार झांसी के नवाबाद वार्ड नं. 55 निवासी अनिल पुत्र नन्नेभाई वाल्मीकि ग्राम बम्हौरीसर स्थित यूनिवर्सल सर्विस स्टेशन (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन), एनएच-44 के प्रबंधक/मुख्तयार खास हैं। आरोप है कि ग्वालियर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शर्मा ट्रांसपोर्ट के प्रोपराइटर आकाश शर्मा पुत्र बलराम शर्मा तथा सोनू शर्मा उर्फ धीरेन्द्र पुत्र बलराम शर्मा उनके पेट्रोल पंप पर आए थे। दोनों आरोपियों ने झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले अपने ट्रकों में डीजल भरवाने तथा प्रत्येक सप्ताह बकाया रकम का भुगतान करने की बात कही थी। विश्वास के आधार पर पेट्रोल पंप से 13 जुलाई 2020 से 3 अगस्त 2025 के बीच उनके ट्रकों में कुल 26,50,787.78 रुपये का डीजल भरवाया गया। आरोप है कि निर्धारित समय पर भुगतान मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे और केवल 20 हजार रुपये का भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार शेष रकम का भुगतान नहीं किया गया। आरोप लगाया कि 11 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12 बजे जब उसने फोन और पेट्रोल पंप पर पहुंचकर बकाया रकम का तकादा किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने पेट्रोल पंप में आग लगवाने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस में शिकायत के बावजूद प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश के बाद थाना तालबेहट पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

इफको ने किसानों से नैनो उर्वरक प्रयोगों को सफल बनाने का किया आह्वान



बाराबंकी। कृषि फार्म शोध पल्हरी में क्षेत्र दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य कृषि अधिकारी इफको नई दिल्ली तरुणेंदु सिंह एंव विशिष्ट आतिथि उप महाप्रबंधक राज्य कार्यालय लखनऊ डॉ0 संतोष कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवजित कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सभी किसानों से इफको द्वारा संचालित नैनो उर्वरक प्रयोगों को सफल बनाने का आह्वान किया। तथा किसानों को बायो डीकंपोजर भी वितरित किया। इसके उपरान्त कृषि फार्म शोध पल्हरी पर लगे नैनो उर्बरक प्रक्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम मे उप महाप्रबंधक डॉ0 सिंह ने इफको के नैनो उर्वरकों नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी की प्रयोग विधि, कार्यप्रणाली एवं कृषि में उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये संभागीय कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र पल्हरी फार्म पर किए जा रहे नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रदर्शन के संदर्भ में किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर कृषि स्नातक प्रशिक्षु अधिकारी यज्ञत सिंह, वनस्पति विद राम अवतार सिंह, नोडल अधिकारी शोध डॉ0 प्रभात सिंह, सनीस कुमार आदि मौजूद रहे।

एलपीजीसीएल ने भेंट किए 10 एयर कूलर

ललितपुर। एलपीजीसीएल ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धावस्था आश्रम में निवासरत बुजुर्गों की सुविधा हेतु दस एयर कूलर प्रदान किये। इसी को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सिविल जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत रहे। इस दौरान ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) की ओर से सीएसआर के तहत करीब दो लाख रुपये की लागत के 10 एयर कूलर आश्रम को भेंट किए गए। एलपीजीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव ने वृद्धजनों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके सम्मान और सेवा का आह्वान किया। मुख्य अतिथि देवप्रिय सारस्वत ने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव समाज और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है तथा उनकी सेवा आत्मिक संतोष प्रदान करती है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन ने आश्रम से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया। अतिथियों ने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से संवाद कर उनका हालचाल जाना। संचालन वृद्धाश्रम प्रबंधक दामोदर शर्मा ने किया।

नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति और बेटियों की शिक्षा का संदेश

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता पर आधारित दो नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री एवं शिक्षकगण की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक सामाजिक जागरूकता का सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक विषयों को केंन्द्र में रखकर की गई ऐसी प्रस्तुतियां समाज में सकारात्मक चेतना उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रथम नुक्कड़ नाटक नशामुक्त युवा प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। वहीं दूसरे नुक्कड़ नाटक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के माध्यम से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, उन्हें समान अवसर देने तथा शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। दोनों नाटकों में सिद्धि, खुशबू, अदिति, शुभी, अनुष्का, सूरजभान, सृष्टि, वैशाली, अतुल, अभिषेक, सिद्धि चैरसिया, ऋतु, नितिन, आस्था, प्रतीक्षा, शिवानी एवं अमित आदि स्वयं सेवकों ने अभिनय किया। स्वयं सेवकों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के साथ सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा का प्रभावी संदेश दिया गया।

नौहझील पुलिस ने 4 वाहन चोर दबोचे

जिला संवाददाता(vol)



- 10 चोरी की बाईक, लोडर व कटे पार्ट्स बरामद, गैंग का भंडाफोड़

मथुरा। थाना नौहझील पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश कर चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिल, तीन फर्जी नंबर प्लेट, काटे गए वाहन पार्ट्स और एक लोडर बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे कनुआ बाबा मंदिर नौहझील रोड के पास कार्रवाई करते हुए चांद उर्फ आईया, सलमान, राजू भगत और इब्राहिम को गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय होकर बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों को काटकर उनके पार्ट्स बेच देते थे और नंबर प्लेट बदलकर अन्य वाहनों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 बाइक, तीन नंबर प्लेट और एक लोडर बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना नौहझील में संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य आरोपी चांद उर्फ आईया पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिससे उसके शातिर अपराधी होने की पुष्टि होती है। इस कार्रवाई में थाना नौहझील पुलिस के साथ सर्विलांस सेल और एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त भूमिका रही। नौहझील प्रभारी निरीक्षक अंजीश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने सटीक सूचना पर घेराबंदी कर गिरोह को दबोचा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्नातक निर्वाचन को लेकर भाजपा ने बनायी चुनावी रणनीति

मथुरा। विधान परिषद स्नातक निर्वाचन को लेकर भाजपा की बैठक अग्रसेन कोसीकलां नगर में आयोजित की गई। बैठक में चुनाव की तैयारियों, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा चुनाव से संबंधित जिम्मेदारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर वार्ष्णेय ने बताया कि स्नातक निर्वाचन के लिए छाता, कोसीकलां और चौमुहां में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इन मतदान केंद्रों पर क्षेत्र के कुल 1427 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 23 अक्टूबर को होगा। बैठक में मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा चुनावी तैयारियों को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों का धरना

टूंडला। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा टूंडला के बैनर तले लेखपालों ने विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। संघ की ओर से 3 अक्टूबर से क्रमबद्ध रूप से धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई है। धरने के दौरान लेखपालों ने अंतरमंडलीय स्थानांतरणए वर्ष 2025.26 की पदोन्नति सूची जारी करने भूलेख एवं अन्य सहायक पटलों से संबंधित कार्यों के संबंध में लेखपालों को अनुमन्य किए जाने ग्राम सचिवालय में सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा भत्ता बढ़ोतरी से संबंधित मांगों को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा प्रारंभिक वेतनमान 2800 ग्रेड.पे एवं वेतन विसंगति दूर किए जाने तथा टेक्निकल पद घोषित किए जाने की मांग भी की गई। लेखपाल संघ ने मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान होने तक संगठन की ओर से चरणबद्ध आंदोलन जारी रखा जाएगा। धरने में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंहए तहसील उपाध्यक्ष नरेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष शान्तिलाल सिंह तोमर तथा मीडिया प्रभारी हिमांशु गुप्ता सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करपिया मसौली का किया निरीक्षण



- स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन, बालिकाओं की प्रस्तुतियों से हुए मंत्रमुग्ध, खेल मैदान, मिट्टी पटाई और वाटर कूलर की मांग पर दिया आश्वासन

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करपिया मसौली का औचक निरीक्षण करते हुये विद्यालय में बालिकाओं के लिए उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था, आवासीय व्यवस्थाओं एवं विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया। तत्पश्चात उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध कराई गई स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यालय बालिकाओं ने रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित लघु नाटिका एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। जिस पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं को भारतखण्डे से डिप्लोमा करने की दिशा में भी प्रयास करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने विद्यालय की लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्षा एवं लर्निंग बाई डूइंग के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बालिकाओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और विद्यालय में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बालिकाओं ने जिलाधिकारी के समक्ष विद्यालय में खेल का मैदान विकसित कराने, परिसर में मिट्टी पटाई कराने तथा वाटर कूलर उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने बालिकाओं की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल करपिया का निरीक्षण करते हुये विद्यालय परिसर में विकसित नवग्रह वाटिका, पंच पल्लव वाटिका एवं औषधीय वाटिका का अवलोकन किया और इनके संरक्षण एवं बेहतर रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील गौड़, खण्ड विकास अधिकारी मसौली अवधेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

मोबाइल हैकिंग पर डीएम ने दिये बचाव के सुझाव

ललितपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आमजन को साइबर अपराध और मोबाइल हैकिंग से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन हैक होने का अंदेशा होने पर बिना देरी किए जरूरी कदम उठाएं, ताकि बैंक खातों और अन्य वित्तीय संसाधनों से धनराशि निकाले जाने जैसी घटनाओं से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को संदेह हो कि उसका मोबाइल फोन हैक हो गया है, तो तत्काल सिम निकाल दें और मोबाइल फोन को फॉर्मेट कराएं। समय रहते सावधानी बरतने से संभावित आर्थिक नुकसान को रोका जा सकता है।

उन्होंने विशेष रूप से एपीके फाइलों को लेकर लोगों को सतर्क किया। डीएम ने कहा कि मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति अथवा अज्ञात स्रोत से प्राप्त एपीके फाइल को गलती से भी डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। ऐसी संदिग्ध फाइल प्राप्त होने पर उसे तत्काल डिलीट कर देना चाहिए।

सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की पदाधिकारियों के साथ मासिक बैठक



- पदाधिकारियो को एमएलसी चुनाव को लेकर सौंपे दायित्व और जिम्मेदारी

बाराबंकी। छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने सभी जिला पदाधिकारियों, फ्रंटल संगठन जिलाध्यक्षो, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, सेक्टर प्रभारियों को खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव मे पूरी ताकत से लड़ने तथा हर मतदाता से संपर्क कर उसको पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर निर्देशित किया।

उन्होने आगे कहा कि हर पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है जिसको जहां की जिम्मेदारी मिली है वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी मुस्तैदी से निभाते हुए कार्य करेगा। यह चुनाव आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव के लिए जितना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हम सबको स्नातक और शिक्षक एमएलसी के प्रत्याशियों के लिए हर संभव प्रयास करते हुए इनको चुनाव में विजय श्री दिलाने का काम कर आगामी 2027 विधानसभा की तैयारी को भी संपूर्ण करना है। बैठक मे जैदपुर विधायक, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, कामता प्रसाद यादव, विजय कुमार यादव, यशवंत सिंह यादव, नाहिदा बेगम, जिला सचिव लल्ला यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, पूनम यादव, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी, रमेश चंद्र यादव, दौलता कुमारी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने जनचौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



फिरोजाबाद। विकासखंड एका की ग्राम पंचायत पाढ़म में आयोजित जनचौपाल में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गांव.गांव पहुंचकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना और समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य खाद्यान्न पेंशनए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवासए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और स्वरोजगार सहित विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का तत्काल पंजीकरण कराकर उन्हें लाभ दिलाया जाए। उन्होंने राजस्व लेखपाल को सप्ताह में एक निर्धारित दिन ग्राम पंचायत भवन पर उपस्थित रहने तथा पंचायत सचिव को नियमित जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की शत.प्रतिशत उपस्थिति और बच्चों को मानक के अनुरूप पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। चौपाल में लगाए गए शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की जांच कर उपचार किया गया। पूरन सिंह अर्जुन सिंह भोले सिंह छाया देवीए जितेंद्र सिंहएसंतोष प्रतापएविद्या देवीए रेशमा देवी रनवीर सिंह ओमकारए सावित्री और अखिलेश कुमारी के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाए गए। ग्रामीणों की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। गांव में ढीले एवं जर्जर बिजली के तारों को दुरुस्त कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को कार्य शीघ्र पूरा कराने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने किसानों से जल्द फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने की अपील कीए ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का निर्बाध लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से जलभराव रोकनेए स्वच्छता बनाए रखने तथा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की। जनचौपाल के बाद जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

विंगस्टन होटल की दीवार गिरी, मलबे में दबकर मजदूर की मौत, दो की तलाश जारी

मथुरा। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के मसानी लिंक रोड स्थित विंगस्टन होटल में शनिवार दोपहर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। होटल में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान अचानक दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए। इस हादसे में एक मजदूर की मृत्यु हो गई है, जबकि दो अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। शनिवार दोपहर करीब पौने तीन बजे होटल परिसर में निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें करीब पांच मजदूर काम कर रहे थे। अचानक दीवार गिरने से मजदूर मलबे में दब गए। घटना के समय अली वसीम, अली कुरैशी, नदीम और आरिफ नाम के ठेकेदार काम करा रहे थे। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान गोवर्धन रोड के खामिनी गांव निवासी 35 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। चचेरे भाई राज ने बताया कि दिनेश के माता-पिता नहीं हैं और उनके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनकी परवरिश और जिम्मेदारी अब परिवार के सामने एक बड़ी चिंता बन गई है।

परिजनों और चचेरे भाई राजन का आरोप है कि हादसा होते ही ठेकेदार और अन्य लोग मौके से भाग निकले। यहां तक कि मृतक दिनेश को मलबे से पूरी तरह से दबी हुई स्थिति में खुद परिजनों और भाई ने हाथों से ईंटें हटाकर बाहर निकाला। वहीं घटना की सूचना मिलते ही खामिनी गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतक के परिजन आक्रोशित होकर होटल पहुंच गए। होटल प्रबंधन और ठेकेदार पर बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुस्साए लोगों ने होटल का मुख्य गेट तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर जमकर हंगामा किया। स्थिति के तनावपूर्ण होने की सूचना मिलते ही एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्र और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने किसी तरह समझा-बुझाकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने परिजनों से प्रार्थना पत्र ले लिया है। साथ ही, फरार ठेकेदार अली वसीम की तलाश की जा रही है ।

हत्या काण्ड में परिजनों का तीसरे दिन भी धरना जारी

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि बीते दिनों खुटहन थाना क्षेत्र के मुज्जकीपुर गांव निवासी दीपक विश्वकर्मा हत्या काण्ड में न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने जौनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में तीसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी है।परिजनों के अनुसार बताया जाता है कि बीते दिनों दीपक विश्वकर्मा 30 अगस्त को लापता हुए थे।इसके बाद 1सितंबर को उनका शव खेत में मिला था। घटना के बाद से परिजन मामले में न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। धरने पर बैठे परिजनों का कहना है कि मामले में अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में लगातार तीसरे दिन भी धरना देने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

ट्रकों से एसीएम डिवाइस चोरी करने वाले गिरोह पर्दाफाश

मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस और स्पेशल टास्क रिवार्डी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रकों से एसीएम डिवाइस चुराने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 7 लाख रुपये कीमत की 10 चोरी की एसीएम डिवाइस, एक अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, यह संयुक्त कार्रवाई 02 अक्टूबर 2026 को रात करीब 10:55 बजे मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एनएच-19 से बमूरी रोड स्थित पार्किंग के पास की गई। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान अलताफ पुत्र उमर मोहम्मद, निवासीरू गांव गोहपुर, थाना हथिन, जिला पलवल, हरियाणा, आरिफ (पुत्र इब्राहिम, निवासी गांव सडम्बा, थाना सदर, जिला नूह, हरियाणा, शरद पुत्र स्व. चन्द्र प्रकाश, मूल निवासी मोहल्ला चौक, थाना कोतवाली के पीछे, बड़ा बाजार, अमरोहा; हाल निवासी मकान नंबर-144, गली नंबर-01, गर्ग कॉलोनी पार्ट-02, बल्लभगढ़ सिटी, हरियाणा है। बरामद 10 डिवाइस की अनुमानित कीमत लगभग सात लाख रुपए है और पुलिस ने चाकू और बलेनो कार पुलिस ने जब्त की है। सीओ रिफाइनरी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाना रिफाइनरी में मु0अ0सं0-310/2026 के तहत धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5), 112 बीएनएस और 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इनके अन्य साथियों और नेटवर्क का भी खुलासा किया जा सके। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल (थाना रिफाइनरी), उ0नि0 विक्रान्त तोमर, रिवार्डी टीम प्रभारी उ0नि0 अमित कुमार, उ0नि0 तजेन्द्र सिंह, उ0नि0 रोहित उज्जवल, उ0नि0 पविन्द्र कुमार के साथ-साथ हेड कांस्टेबल दिवाकर चौहान और कांस्टेबल पवन भाटी, सोनू भाटी, व विशाल गौतम शामिल रहे।

संक्षेप

मतदाता सूची को अपडेट करने का अभियान शुरू

बांदा। निर्वाचक नामावलियों को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचक नामावली में ऐसे पात्र नागरिकों के नाम सम्मिलित किए जाने हैं जिनके नाम अभी तक दर्ज नहीं हैं। साथ ही अपात्र, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों का नियमानुसार सत्यापन एवं आवश्यकतानुसार विलोपन किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने कहा कि जनपद में ईपी रेशियो एवं जेंडर रेशियो मानक से कम होने के कारण इसे बढ़ाये जाने को निरंतर पुनरीक्षण अवधि में महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा विभाग, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण आदि विभागों के सहयोग से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य को बीएलओ सफल बनाएंगे। नाम न होने की स्थिति में फार्म-6, किसी त्रुटि की स्थिति में प्रारूप-8 पर अपना आवेदन संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। मतदाता सूची में नाम देखने के लिए वेब साइट पर क्लिक करके विवरण की पुष्टि कर सकते हैं।

दो नवंबर को होगी मंडलीय पेंशन अदालत

बांदा। आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में 2 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी। इस पेंशन अदालत में समस्त राजकीय कार्यालयों, बेसिक शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों, अध्यापकों व उनके आश्रितों के लंबित सेवा नैवृत्तिक लाभों पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि) से ही संबंधित वाद पत्र प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 15 अक्टूबर तक प्राप्त कराये जा सकते हैं।

प्रेस क्लब के संस्थापक को श्रद्धांजलि सभा

बांदा। वयोवृद्ध पत्रकार व प्रेस क्लब के संस्थापक रामेश्वर गुप्त का शुक्रवार को निधन हो गया। वह दैनिक कर्मयुग प्रकाशन के लंबे समय तक प्रधान संपादक रहे। उनके निधन से जनपद के पत्रकारों व बुद्धिजीवी वर्ग में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका लंबा जीवन निष्पक्ष पत्रकारिता को नए आयाम देने में समर्पित रहा। रामेश्वर गुप्त के निधन पर दैनिक वायस आफ लखनऊ कार्यालय में शोक सभा हुई। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार अवधेश द्विवेदी, पंकज शुक्ला, बीडी तिवारी, निर्मल शुक्ला, शिवकुमार उर्फ बड़कू, समाजसेवी कुलदीप शुक्ला व अनेक बुद्धिजीवियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लेखपाल संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में राजस्व प्रशासन की रीढ़ माने जाने वाले लेखपालों ने शासन और राजस्व परिषद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई न होने से आहत होकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने आगामी 17 अक्टूबर 2026 से पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से संपूर्ण कार्य बहिष्कार करने का बड़ा ऐलान किया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा सदर फतेहपुर द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा गया है। संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि आंदोलन के दौरान यदि प्रशासनिक कामकाज में कोई व्यवधान आता है या आम जनता को असुविधा होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं राजस्व परिषद की होगी। लेखपाल संघ की सबसे प्रमुख मांग विगत 10 वर्षों से लंबित 2800 ग्रेड पे की है। संघ का कहना है कि लेखपाल संवर्ग के कार्यों एवं दायित्वों में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसे देखते हुए प्रारंभिक वेतनमान लेवल-5 किया जाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही पिछले 8 वर्षों से लेखपालों के अंतर-मंडलीय स्थानांतरण पर रोक लगी हुई

बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन्न

बहराइच । तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 03 गर्भवती महिलाओं साबिया, सुधा गोस्वामी व शिवकुमारी की गोद भराई की ।

समय पर निपटायें आमजन की शिकायतें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता (वीओएल)



बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 192 शिकायती एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने उनके गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शनिवार को धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका नियमानुसार परीक्षण किया जाए तथा शिकायतकर्ता की समस्या का प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अवैध कब्जों एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर स्थलीय जांच कराने तथा नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण शासन एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा प्रत्येक प्रकरण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान भूमि की पैमाइश कराने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने, चक रोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, आवास योजना का लाभ दिलवाने, पेंशन का लाभ दिलवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 192 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग के पास पहुंचकर डीएम ने सुनी फरियाद

बहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अक्टूबर के प्रथम शनिवार को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, एसडीएम पयागपुर संजय कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय।

- कुशल क्षेम पूछा तथा पीएम आवास व ट्राई साईकिल से लाभान्वित करने के दिये निर्देश
- डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस
- आंधी-पानी से प्रभावित लोगों को अनुदान दिलाये जाने के दिये निर्देश

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी डीएम से शिष्टाचार भेंट की गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पयागपुर में जनसुनवाई के दौरान ग्राम असैला निवासी दिव्यांग करन को देखते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वयं कुर्सी से उतर फरियादी तक पहुंचकर उसकी समस्या को सुना तथा कुशल क्षेम भी पूछा। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि सर्वे कराकर दिव्यांग करन को प्रधानमंत्री आवास योजना तथा ट्राईसाइकिल से लाभान्वित कराया जाय। तहसील दिवस में ज्यादातर शिकायतें ऐसी प्राप्त हुई जिसमें आंधी-पानी के दौरान खेतों में गिरने वाले पेड़ों इत्यादि से सम्बन्धित थे। डीएम ने निर्देश दिया कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर ऐसे मामलों का निस्तारण कराये। इस सम्बन्ध में डीएम ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत, कृषि एवं उद्यान विभाग को निर्देश दिया कि आंधी-पानी के दौरान फसलों की क्षति, बाधित विद्युत आपूर्ति तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे कराकर उन्हें तत्काल दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें साथ ही मा. जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अनुदान का वितरण भी कराया जाय। सभी सम्बन्धित अधिकारियों को डे-बाई-डे मानीटरिंग किये जाने का भी निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें जिससे फरियादी को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाये जाने के साथ-साथ पात्रता के अनुसार विभागीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों को अमलीजामा पहनाये।



इस अवसर पर डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार सम्बन्धित बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में यहां पर प्राप्त हुए 152 प्रार्थना-पत्रों में से 18 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 27 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 18 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 34 के सापेक्ष 03, कैसरगंज में प्राप्त 72 के सापेक्ष 08 व महसी में प्राप्त 52 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

मासूम भाइयों की हत्या में पांच गिरफ्तार



बांदा/नरैनी। पुलिस ने दो मासूम भाइयों की हत्या कर शवों को गड्ढे में छिपा देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के ग्राम नंदवारा में दो सगे भाइयों के लापता होने के संबंध में पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर दोनो भाइयों के शव घर के पास मौजूद पानी के गड्ढे में बरामद किए थे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया।

बच्चों के पिता भईयाराम की तहरीर पर नौ लोंगों के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज किया गया। साक्ष्यों व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम का गठन किया गया। प्रभारी निरीक्षक नरैनी भास्कर मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पांच लोगों भवानीदीन पुत्र स्वामीदीन, अखिलेश पुत्र भवानीदीन, श्यामलली पत्नी भवानीदीन, लंबरी उर्फ रामप्रसाद पुत्र गयाप्रसाद, सुरेंद्र पुत्र भइयालाल निवासी ग्राम नंदवारा को पनगरा नहर पुलिया के पास हडहा कबौली मार्ग थाना नरैनी से गिरफ्तार कर लिया। इन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शेष की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

डीएम ने संभाली विद्युत व्यवस्था की कमान

बहराइच 03 अक्टूबर। विगत दिनों जनपद में आये तीव्र आंधी-तूफान एवं अतिवृष्टि के फलस्वरूप विद्युत आपूर्ति को लेकर आ रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विद्युत विभाग के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को कलेक्ट्रेट में तलब कर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि जल्द से जलद जनपद की विद्युत आपूर्ति व्यस्था को बहाल करायें जिससे आमजन को राहत मिल सके।

जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने अधीक्षक अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर कार्यवाही करते हुए जनपद के सभी मजरों में विद्युत आपूर्ति बहाल करायें। डीएम ने कहा कि मरम्मत कार्य के लिए आवश्यकतानुसार यांत्रिक व मानव संसाधन को बढ़ाकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जाय। डीएम ने कहा कि जनपद में यदि किन्ही स्थानों पर खड़ी फसलों के बीच गिरे हुए पोलों को उठाने में कोई समस्या आ रही है तो सम्बन्धित अवर अभियन्ता व ग्राम प्रधान बैठक कर समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए विद्युत पोल उठाने के कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए ग्रामवासियों व किसानों से



अपील कर लें। डीएम ने अधीक्षक अभियन्ता व अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि कराये जा रहे मरम्मत व अनुरक्षण कार्य की डे-बाई-डे मानीटरिंग की जाय। अधीक्षक अभियन्ता नवीन चन्द्र प्रसाद ने बताया कि पिछले दिनों जनपद बहराइच में आये तीव्र आंधी-तूफान एवं अतिवृष्टि के कारण विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यापक क्षति हुई है। प्राकृतिक आपदा के फलस्वरूप लगभग 4168 अदद विद्युत पोल, 474 विद्युत परिवर्तक एवं अन्य विद्युत परिसम्पत्तियों की क्षति हुई है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर गिरे हुए पेड़ों को हटाकर नए पोल खड़े करने और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलने हेतु 17 अदद टीमे व 15 अदद हाइड्रोलिक मशीन लगायी गयी है। जनपद बहराइच के कुल 37 उपकेन्द्रो में से 35 उपकेन्द्रो की 33 के.वी. लाइनो को बहाल कर दिया गया है एवं शेष 02 उपकेन्द्रो की 33 के.वी. लाइन एवं 11 के.वी. पोषको की बहाली हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। श्री प्रसाद ने बताया कि आज मुख्य अभियन्ता (वितरण) गोण्डा द्वारा विद्युत उपकेन्द्र रिसिया, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच द्वारा विद्युत उपकेन्द्र चिरैयाटांड तथा रंजीतपुर, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बहराइच द्वारा विद्युत उपकेन्द्र बक्शीपुरा एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कैसरगंज द्वारा विद्युत उपकेन्द्र विशेश्वरगंज तथा धनुही के अन्तर्गत चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया तथा कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये विद्युत आपूर्ति बहाल किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

समाधान दिवस, डीएम ने की छह शिकायतें निस्तारित



बांदा। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पैलानी तहसील में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी के समक्ष 85 प्रार्थना पत्र आए उन्होंने छह का मौके पर निस्तारण किया। शनिवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक राजेश सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गौरी कला गौशाला संबंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेकर शिकायतकर्ता विनय तिवारी ने कहा कि गौवंश के अनैतिक तरीके से विक्रय किए जाने, शव निस्तारण की समुचित व्यवस्था न होने, गौरीकला गौशाला में कीचड़, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित शिकायत की। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान गौशाला में 155 गोवंश पाए गए। वहां सभी व्यवस्थाएं समुचित मिली। दिवस में भूमि एवं राजस्व, खाद्य एवं रसद, पुलिस, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, जल निगम, बैंक सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें मिलीं।

भाजपा टीम में कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़: कल्लू सिंह



बांदा। भारतीय जनता पार्टी की इलाहाबाद-झांसी शिक्षक एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्यशाला बबेरू के एक मैरिज हाल में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने प्रत्याशी विनोद राठौर को जिताने के लिए कार्यकताओं को मतदाता के घर तक पहुंचने की बात कही। उपाध्यक्ष रामभवन उपाध्याय, विवेकानंद गुप्त ने स्नातक एमएलसी चुनाव के निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से चर्चा की। कहा कि कोई भी 2023 के पूर्व का मतदाता बनने से वंचित न रहे इसके लिए घर-घर सम्पर्क करना जरूरी है। अपने पक्ष के मतदाता को चिन्हित किया जाय और उन्हें मतदान प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी जाय। प्रथम वारीयता का वोट अपने प्रत्याशी को मिले। चुनाव से पूर्व मतदाता सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे जिसमें मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। भाजपा पदाधिकारी सौरभ शिवहरे, राकेश कुमार गुप्त लल्ला, अजय पटेल, सुधीर कुशवाहा ने 6 अक्टूबर को झांसी में प्रत्याशी के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंने की बात कही। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि की टीम में कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। बूथ जीतना ही चुनाव जीतना है। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्र- छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति लाइव प्रसारण भी देखा



महोबा। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर के छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत डीवीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति की धनराशि निदेशालय स्तर से अन्तरित की गई। शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार 3 अक्टूबर 2026 को पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महोबा में जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी तथा विधान परिषद सदस्य रणविजय सिंह के साथ मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारीए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारीए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद तथा विधालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे के कर कमलों द्वारा जनपद के कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति 729 सामान्य वर्ग 257 अन्य पिछड़ा वर्ग 932 अल्पसंख्यक वर्ग 126 तथा कक्षा 11 व 12 के अनुसूचित जाति 550 सामान्य वर्ग 157 अन्य पिछड़ा वर्ग 1017 अल्पसंख्यक वर्ग के 63 छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। शासन के निदेशानुसार मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरण का लाइव प्रसारण जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों में कराया गया। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह ने दी।

विशेष अभियान चलाकर पात्रों को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा: एडीएम

बिजनौर। अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय पत्र ईपी रेशियो एवं जेण्डर रेशियो मानक से कम है. जिसे बढ़ाया जाना आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि निदेर्शों के क्रम में जनपद में विभिन्न विभागों के सहयोग से विशेष अभियान चलाये जाने तथा कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य को साकार करने के लिए पात्र नागरिकों को शतप्रतिशत मतदाता सची में सम्मिलित किया जाना है। उक्त पत्र के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर से समस्त अर्ह युवा, छूटे हुए मतदाता, प्रथम बार मतदाता बनने की अर्हता रखने वाले, बेघर मतदाता, दिव्यांग सम्प्रति चल रहे निरन्तर पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत ईपी रेशियो एवं जेण्डर रेशियो को बढ़ाए जाने के उद्देश्य मतदाता तथा महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जायेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित होने से काई भी अर्ह मतदाता छूटने न पाए। इस कार्य में विभिन्न विभागों यथा-महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा विभाग, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण आदि का सहयोग लिया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो संबंधित मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु पदाभिहित स्थलों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों/बी0एल0ओ0/तहसील कार्यालयों/जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते है तथा ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 सबमिट कर सकते है।

पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, लोगों की उमडी भीड़, वन विभाग ने ली राहत की सांस



नगीना, बिजनौर। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में शनिवार की सुबह एक गुलदार कैद हो गया। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान छोड दिया है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के बढ़ापुर रोड के आसपास पिछले कई दिनों से गुलदार देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल था। वन विभाग ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता दिखाते हुए क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। वन विभाग की इस तत्परता से आज शनिवार सुबह गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के कैद होते ही मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुलदार को मेडिकल जांच के बाद जंगल में सुरक्षित छोड़ा जाएगा। स्थानीय लोगो ने वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

यातायात पुलिस ने हाईवे पर दौड रहे ई-रिक्शा चालकों पर की कार्रवाई

जिला संवाददाता (वीओएल)



बिजनौर। यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर ई-रिक्शा संचालन प्रतिबंधित होने के बाद शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। प्रतिबंध के बावजूद जनपद के विभिन्न राज्य मार्गों और हाईवे पर चले 35 ई-रिक्शाओं दौड़ाते मिले। यातायात पुलिस ने उन वाहनों के चालान किया तथा चार ई-रिक्शा सीज कर स्थानीय थानों में खड़े कराए है। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि यातायात पुलिस ने शुक्रवार को अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालकों और वाहन स्वामियों को शासन के निदेर्शों की जानकारी देते हुए प्रतिबंधित मार्गों पर संचालन न करने की हिदायत दी। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि हाईवे और राज्य मार्गों पर ई-रिक्शा चलने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। चालकों को निर्देश दिए गए कि ई-रिक्शाओं का संचालन केवल निर्धारित और अनुमन्य मार्गों पर ही करें। पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों और यात्रियों को जागरूक करते हुए कहा कि इन वाहनों का उपयोग मुख्य रूप से आसपास की छोटी दूरी की यात्रा तथा मुख्य परिवहन साधनों तक पहुंचने के लिए किया जाए। यातायात पुलिस ने कहा कि प्रतिबंधित मार्गों पर ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ आगे भी चेकिंग अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन मिलने पर चालान और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

ब्रह्मा गोंड के नेतृत्व में 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोवध के मामले में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, पिकअप वाहन और 1,320 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में

- गोवध के मामले में वांछित आरोपित दबोचा, तमंचा-कारतूस, पिकअप व नकदी बरामद

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड ने अपनी टीम के साथ ग्राम लौकाही में घेराबंदी कर शुक्रवार को आरोपित को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान



समसुद्दीन (30) पुत्र मो. हुसैन, निवासी शाहपुर कला, थाना मोतीपुर के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार वह मु0अ0सं0 418/26 में धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम के तहत वांछित था और उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तलाशी में आरोपित के पास से देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने पिकअप संख्या यूपी 40 सीटी 7213 और 1,320 रुपये भी बरामद किए। तमंचा बरामदगी के संबंध में मोतीपुर थाने में मु0अ0सं0 428/26, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रंजीत भारती, उपनिरीक्षक राज किशोर, हेड कांस्टेबल राम सजीवन, हेड कांस्टेबल दयानंद सिंह, कांस्टेबल दिनेश कसौधन, कांस्टेबल शिवा यादव और कांस्टेबल अमरेन्द्र गुप्ता शामिल रहे। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपित को न्यायालय बहराइच भेज दिया गया।

इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक से की औपचारिक भेंट

रूपईडीहा बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पवन सिंह से पत्रकार शेर सिंह कसौधन एवं भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भीम सेन मिश्र ने औपचारिक भेंट कर बैंक की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न बैंकिंग नियमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान शाखा प्रबंधक पवन सिंह ने बैंक से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं और नियमों की जानकारी दी। भेंट के दौरान बैंकिंग सेवाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

शेर सिंह कसौधन ने बताया कि शाखा प्रबंधक पवन सिंह का सरल स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सभी को प्रभावित करने वाला है। इस अवसर पर शेर सिंह कसौधन, पत्रकार एवं जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति तथा भीम सेन मिश्र, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूपईडीहा एवं बैंक के कर्मचारी और खाता धारक दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे रहे।

वैश्विक अनिश्चितता अब स्थायी चुनौती : सीतारमण

देशों से खुले और भरोसेमंद आर्थिक संबंध बनाये रखने का आह्वान

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता अब स्थायी स्थिति बन गई है और ऐसी नीतियां बनाने की जरूरत है, जो आर्थिक मजबूती बढ़ाएं। उन्होंने देशों से खुले और भरोसेमंद आर्थिक संबंध बनाए रखने का आह्वान किया।

सीतारमण ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अगले दशक के झटकों से निपटने के लिए भारत की चार प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं तैयार करने में आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने और निजी क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) समेत निवेश का नेतृत्व करने का समय आ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कामकाज की बदलती दुनिया के बीच कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और उसे लागू करने में उद्योग को बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। वित्त मंत्री ने यहां कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2026 में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता अब लगातार बनी रहने वाली स्थिति है और नीतियां इसी को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। हमें आगे बढ़ते हुए लगातार मजबूती बढ़ाते रहना होगा। यह एक बार किया जाने वाला प्रयास नहीं है। आने वाले वर्षों के लिए तैयारी जरूरी है और भारत इनका सामना मजबूती के साथ कर रहा



है। खुले, भरोसेमंद और नियम आधारित वैश्विक आर्थिक संबंधों की बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि देशों को एक-दूसरे के साथ संवाद और बातचीत के जरिये हुए समझौतों के माध्यम से जुड़ना चाहिए, न कि भू-राजनीतिक मतभेदों को व्यापार और निवेश में बाधा बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति में कारोबार के लिए अधिक निश्चितता होनी चाहिए, देशों की विकास संबंधी प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाना चाहिए और बाजारों को विभाजित करने वाले अनावश्यक प्रतिबंधों से बचना चाहिए। सीतारमण ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रणनीतिक क्षेत्रों में संरचनात्मक आत्मनिर्भरता की जरूरत बताते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं को इस तरह बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि एक ही स्रोत पर निर्भरता कम हो और घरेलू स्तर पर उत्पादन एवं आपूर्ति की क्षमता बढ़े। उन्होंने कहा कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर खर्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.83 प्रतिशत है, जबकि आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के देशों में यह 2.7 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के कुल अनुसंधान एवं विकास खर्च में निजी क्षेत्र का योगदान केवल 36 प्रतिशत है। निजी क्षेत्र से निवेश का नेतृत्व करने का आह्वान करते हुए सीतारमण ने कहा, निवेश का स्तर और निजी क्षेत्र की भागीदारी, दोनों बढ़ाना हमारी नवोन्मेष क्षमता को मजबूत करने के लिए जरूरी है। मंत्री ने कहा कि भारत के लिए मजबूती का अर्थ पिछले एक दशक में तैयार की गई बुनियादी संरचना पर आगे बढ़ते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज और व्यापक बनाना है। उन्होंने कहा आने वाले वर्षों में भारत की मजबूती की परीक्षा इस बात से भी होगी कि वह वैश्विक आर्थिक झटकों का सामना किस तरह करता है और इनका असर परिवारों और कारोबारी गतिविधियों पर कितना कम पड़ता है।

गंडक नदी के जलस्तर में अभूतपूर्व बढ़ोतरी

एजेंसी



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि गंडक नदी के जलस्तर में हुई अभूतपूर्व बढ़ोतरी और इसके कारण बिहार में आई बाढ़ को उपग्रह से मिले डेटा के जरिए दर्ज किया गया है।

इस बीच, भारतीय वायुसेना ने सूखे राशन के 5,600 से अधिक पैकेट में 28 टन से ज्यादा खाद्य सामग्री हेलीकॉप्टरों से सारण जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचाई। चौधरी ने दो अक्टूबर को प्रकाशित नासा पृथ्वी वेधशाला की रेंस स्वैप्म द गंडक रिवर शीर्षक वाली रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी देश नेपाल में हुई असाधारण रूप से भारी बारिश के बाद गंडक नदी का जलस्तर नेपाल और भारत के कुछ हिस्सों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 27 सितंबर के बीच नेपाल के पहाड़ी लुंबिनी और गंडकी प्रांतों में हुई भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुए और गंडक नदी का जलस्तर कई जगहों पर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। गंडक को नेपाल में नारायणी कहा जाता है। चौधरी ने कहा कि इसके बाद बाढ़ का पानी बड़े क्षेत्रों में फैल गया, कई जगहों पर पानी तटबंधों के ऊपर से बहने लगा और कई स्थानों पर तटबंधों में दरारें भी आ गईं। जल संसाधन विभाग का भी जिम्मा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 20 सितंबर और 29 सितंबर को नासा के उपग्रह से ली गई तस्वीरों की तुलना करने पर नदी के आसपास जलमग्न क्षेत्रों के विस्तार का पता चलता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के देवघाट में 27 सितंबर को गंडक नदी का जलस्तर 11.94 मीटर तक पहुंच गया। वहां 1960 के दशक में जलस्तर का माप शुरू होने के बाद यह अब तक का सर्वाधिक स्तर है।

संक्षेप

सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी टैब एस12

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज बताया कि उसकी गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज 7 अक्टूबर से भारत में उपलब्ध होगी। ग्रे और सिल्वर रंगों में आने वाले गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और टैब एस12+ सैमसंग का अब तक का सबसे सक्षम और वसेर्टाइल टैबलेट एक्सपीरियंस देते हैं। इनमें अल्ट्रा-थिन डिजाइन के साथ नए स्तर की परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई मिलता है गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा की शुरूआती कीमत 1,49,999 रुपये है, जबकि गैलेक्सी टैब एस12+ की शुरूआती कीमत 1,29,999 रुपये है। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा के प्रो कीबोर्ड कवर की कीमत 27,999 रुपये और गैलेक्सी टैब एस12+ के प्रो कीबोर्ड कवर की कीमत 26,499 रुपये में है।

मुंबई में द अर्थशॉट प्राइज का आयोजन

मुंबई। पर्यावरण पुरस्कार 'द अर्थशॉट प्राइज' ने आज 17 नवंबर 2026 को मुंबई में होने वाली अपनी 2026 अवाड्र्स नाइट के मंच पर नजर आने वाले संगीत, फैशन, फिल्म और खेल जगत के वैश्विक सितारों के नामों की घोषणा की। पर्यावरणीय नेतृत्व के इस ऐतिहासिक उत्सव में मुंबई में मौजूद 5,000 विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रहेगी। आज दुनिया की सबसे बड़ी कहानी सिर्फ हमारी धरती के सामने खड़ी चुनौतियाँ नहीं हैं, बल्कि उनका सामना करने के लिए आगे आ रहे लोगों का आंदोलन भी है। सितारों की असाधारण मौजूदगी के साथ पर्यावरणीय नेतृत्व का उत्सव मनाने वाली मुंबई की यह शाम अब तक की सबसे बड़ी और सबसे बेहतरीन अर्थशॉट प्राइज अवाड्र्स नाइट होगी। प्राइम वीडियो में हमारे शानदार पार्टनर्स का धन्यवाद, जिनकी बदौलत दुनिया भर के दर्शक इस पल का अनुभव कर सकेंगे और कदम उठाने के लिए प्रेरित होंगे।

पीयूष गोयल ने अमेरिकी कंपनियों संग की बैठक

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका की कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की और भारत में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। मंत्री पांच अक्टूबर तक अमेरिका में हैं। उन्होंने टारगेट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य कानूनी एवं अनुपालन अधिकारी ग्रांट मैक्गी के साथ बैठक की। टारगेट अमेरिका की एक प्रमुख खुदरा कंपनी है। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में वृद्धि करते विनिर्माण अवसरों का टारगेट के लिए और अधिक लाभ उठाने, देश में अपनी मौजूदगी बढ़ाने और भारत से खरीद बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने मोंडेलेज इंटरनेशनल के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी अमित बनाती से भी मुलाकात की। मोंडेलेज इंटरनेशनल चॉकलेट और बिस्कुट ब्रांड से जुड़ी कंपनी है। गोयल ने कहा हमने भारत में मोंडेलेज की सात दशक पुरानी मौजूदगी और उसके विनिर्माण, खरीद तथा निवेश का विस्तार करने के अवसरों पर चर्चा की।

एप्पल ने भारत के ऐप स्टोर से बिचैट हटाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। एप्पल ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की मांग के बाद ट्विटर (अब एक्स) के सह-संस्थापक जैक डोर्सी के ऑफलाइन मैसेजिंग ऐप बिचैट को भारत के ऐप स्टोर से हटा दिया है। डोर्सी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी

डोर्सी ने अपनी पोस्ट में एप्पल की ऐप समीक्षा टीम की ओर से भेजी गई एक सूचना का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा, भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर बिचैट को ऐप स्टोर से हटा दिया है। बिचैट पर इस साल जुलाई में भी सरकार की नजर पड़ी थी। उस समय गृह मंत्रालय के साइबर अपराध से जुड़े संगठन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने माइक्रोसॉफ्ट की कंपनी गिटहब को ब्लूटूथ आधारित इस मैसेजिंग ऐप को हटाने का निर्देश दिया था। डोर्सी ने शनिवार को एप्पल की ताजा सूचना को अपनी पोस्ट में टैग किया। एप्पल की सूचना के अनुसार, ऐप को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की मांग पर भारत के ऐप स्टोर से हटाया जा रहा है क्योंकि इसमें ऐसी सामग्री शामिल है जो भारत में अवैध है।

सेबी समापन नीलामी सत्र पर जल्द जारी करेगा रूपरेखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी को समापन नीलामी सत्र व्यवस्था, बाजार के कारोबारी समय और वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों के निपटान की पद्धति में प्रस्तावित बदलावों पर 20,000 टिप्पणियां मिली हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शनिवार को एक्स पर लिखा, आज तीन अक्टूबर, 2026 को शाम सात बजे तक मिली टिप्पणियों की संख्या 20,000 है।

सेबी ने समापन नीलामी सत्र (सीएएस), बाजार के कारोबारी समय और वायदा एवं विकल्प खंड के निपटान की पद्धति के कुछ पहलुओं की समीक्षा के प्रस्ताव पर जनता से तीन अक्टूबर तक टिप्पणियां मांगी थीं। परामर्श प्रक्रिया की अवधि समाप्त होने तक टिप्पणियों की संख्या 20,000 पहुंच गई, जो सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय द्वारा पहले बताए गए 3,500 से अधिक सुझावों की संख्या से काफी ज्यादा है। यह पूछे जाने पर कि सीएएस पर अंतिम रूपरेखा या परिपत्र कब तक जारी हो सकता है, पांडेय ने कहा कि नियामक टिप्पणियों की तेजी से समीक्षा कर आगे की प्रक्रिया शुरू करेगा। पांडेय ने सीपीएआई (कमोडिटी एंड कैपिटल मार्केट पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज अंतिम तारीख है और हम वास्तव में इन सभी टिप्पणियों को देखेंगे और आगे बढ़ेंगे, क्योंकि मुझे लगता है कि हमारे प्रस्ताव काफी स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि परामर्श पत्र में प्रस्ताव स्पष्ट रूप से परिभाषित होने के कारण टिप्पणियों को संकलित करने और उनका विश्लेषण करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस मामले में जल्द ही परिपत्र जारी किया जा सकता है, तो उन्होंने कहा, हां, ऐसा होगा। सेबी ने सितंबर में सीएएस व्यवस्था तथा सूचकांक और शेयर डेरिवेटिव (वायदा एवं विकल्प) के समाप्ति वाले दिन निपटान कीमत निर्धारित करने की पद्धति में बदलाव का प्रस्ताव किया था। यह समीक्षा इक्विटी नकदी खंड में सीएएस लागू किए जाने और डेरिवेटिव के निपटान मूल्य पर इसके प्रभाव को लेकर उठी चिंताओं के बाद की गई।

पेट्रोनेट एलएनजी के नये सीईओ बने संजय कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (विपणन) संजय कुमार को पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड का अगला प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति 13 मई, 2027 से प्रभावी होगी।

शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पेट्रोनेट के निदेशक मंडल ने दो अक्टूबर को हुई 15 मिनट की संक्षिप्त बैठक में शीर्ष स्तर की इस नियुक्ति को मंजूरी दी। कुमार 13 मई, 2027 को पदभार संभालेंगे। वर्तमान सीईओ ए के सिंह का विस्तारित कार्यकाल उसी समय समाप्त होगा। कुमार (59 वर्ष) का कार्यकाल पांच साल का होगा। भारत की सबसे बड़ी गैस आयातक पेट्रोनेट में बहुलांश हिस्सेदारी सरकारी तेल कंपनियों की है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है, लेकिन पेट्रोनेट एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत है। पेट्रोनेट कैग (सीएजी) या सीवीसी जैसी किसी भी सरकारी निगरानी संस्था के अधीन नहीं है और सूचना का अधिकार (आरटीआई) के दायरे से भी बाहर है।

बुनियादी ढांचे का विकास महत्वपूर्ण

एजेंसी



नागपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि भारत को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में बुनियादी ढांचे का विकास महत्वपूर्ण है और इसके लिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए एक अंतरराष्ट्रीय आचार संहिता तैयार की जानी चाहिए।

नागपुर में बुनियादी ढांचा विकास पर एशियाई परिदृश्य (एएसआईडी-26) सम्मेलन के उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत को अग्रणी अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने बुनियादी ढांचा विकास में वैकल्पिक और अनुपयोगी सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अब तक सड़क निर्माण में करीब 80 टन नगरपालिका कचरे का इस्तेमाल कर चुका है। इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट के नागपुर केंद्र के सम्मेलन में गडकरी ने कहा कि नागपुर-जबलपुर राजमार्ग के एक किलोमीटर लंबे हिस्से का निर्माण जैव-कोलतार का इस्तेमाल करके किया गया है। सड़क निर्माण में रबर के टायर के पाउडर, प्लास्टिक और विभिन्न प्रकार की अपशिष्ट सामग्री के इस्तेमाल पर शोध चल रहा है।

हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैकल्पिक सामग्रियों का इस्तेमाल करते समय गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना और अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, पारिस्थितिक संतुलन तथा नैतिकता का ध्यान रखना जरूरी है। गडकरी ने कहा कि ज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा विकास के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने नयी प्रौद्योगिकियां विकसित करने की जरूरत बतायी और कहा कि भारत प्रगति कर रहा है और भारतीय सामग्रियों की गुणवत्ता तथा नयी प्रौद्योगिकियों को अपनाए जाने के कारण उनकी भारी मांग है।

डर के साये में क्यों रहें महिलाएं : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने महिला विरोधी अपराधों के विरोध में आवाज उठाने वाली लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) और अन्य संस्थानों की छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को डर के साये में क्यों रहना चाहिए और उनके साथ अन्याय करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे एलएसआर और अन्य कॉलेजों की उन सभी लड़कियों पर बहुत गर्व है, जो हर दिन महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरोध में अपनी आवाज उठा रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि महिलाओं को डर के साये में क्यों रहना चाहिए और उन्हें अन्याय सहने के लिए क्यों कहा जाना चाहिए?

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर प्रदर्शन

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने शनिवार को इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया और मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग की।

छात्र संगठन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई के सदस्यों और छात्र कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा करने की मांग को लेकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठे हैं और निर्वाचन आयोग को नागरिकों तथा विपक्षी संगठनों की ओर से उठाई जा रही चिंताओं का जवाब देना चाहिए। एनएसयूआई के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रवि हनुमान पांडे ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है जो नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए जिम्मेदार है और निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठने की स्थिति में उसे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। पांडे ने कहा, एनएसयूआई मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे और गिरफ्तारी के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं की विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच की मांग करता है।

पेज एक का शेष

राष्ट्र निर्माण

ने बोस और अन्य ऐतिहासिक विभूतियों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले एक शताब्दी में कई लोगों ने परीक्षा प्रक्रिया को विश्वास की विरासत में बदल दिया और इस संस्था को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मोदी ने युवा अभ्यर्थियों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों से भारत की सिविल सेवा व्यवस्था की गहरी ऐतिहासिक यात्रा को समझने के लिए गैलरी देखने का आग्रह किया। यूपीएससी के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री ने एक विशेष स्मारक सिक्का, डाक टिकट और भारत में लोक सेवा आयोगों को आकार देने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों को दर्ज करने वाली एक पुस्तक भी जारी की।

एशियन गेम्स

प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 5-1 से जीत हासिल की। हॉकी टीम इस स्वर्ण पदक ने 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई कर गई। दिन के एक और स्वर्ण विजेता बेहद शांत स्वभाव वाले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत रहे। उन्होंने 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत का फिर लोहा मनवाया।

लेकिन प्रणवी और कुमकुम दिन की सबसे खास स्टार रहीं। कुमकुम व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला तीरंदाज बनीं जबकि प्रणवी ने गोल्फ में यह उपलब्धि हासिल की। दोनों ने दबाव के बीच शानदार संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। कुमकुम के लिए यह एशियाई खेलों में किसी सपने के पदार्पण से कम नहीं रहा। महाराष्ट्र की इस 17 वर्षीय तीरंदाज ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। इसके अलावा उन्होंने भारत के लिए ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत कोटा स्थान भी हासिल किया। प्रणवी ने भी एक से अधिक पदक अपने नाम किए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला गोल्फ टीम ने रजत पदक जीता।

छात्रवृत्ति तक

है, जबकि 2017 के पहले यह राशि और छात्रों की संख्या भी कम थी। पहले की सरकारें युवाओं को प्रोत्साहन नहीं देती थी और न समय से छात्रवृत्ति मिलती थी। सीएम ने बताया कि गत वर्ष अनुसूचित जाति-जनजाति के 26.26 लाख विद्यार्थियों को 2750 करोड़, अल्पसंख्यक वर्ग के 5.89 लाख बच्चों को 360 करोड़, पिछड़ा वर्ग के 37 लाख विद्यार्थियों को 3072 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। इसी क्रम में अल्प आय वर्ग वर्ग के 9.40 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई। सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण की समयसीमा तय की है। प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने के बाद छात्रवृत्ति की राशि खाते में भेजनी शुरू की गई। तय किया गया कि 2 अक्टूबर (अवकाश के कारण 3 अक्टूबर) तथा 26 जनवरी तक हर हाल में छात्रों तक धनराशि पहुंच जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जेईई, नीट की तैयारी के लिए युवा दूसरे राज्यों में जाते थे। अब युवा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के जरिए इसका लाभ उठा रहे हैं। सीएम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले महीने 50,000 मेधावी बच्चियों को स्कूटी देंगे। 2017 के पहले सैफई सिंडिकेट को लूट-खसोट से ही फुर्सत नहीं थी। अपने परिवार की सोचने वाले इन लोगों के लिए प्रदेश के अन्य लोग बेगाने थे, पर अब यूपी खुशहाली की राह पर चला है। सीएम ने समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से कहा कि हर महीने बच्चे के खाते में पैसा जाए, कोई भी पात्र बच्चा छूटने न पाए। पिछली बार कई कारणों से एससी-एसटी वर्ग के 4 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई। तब पोर्टल को ठीक कराया गया, अब उन वंचित बच्चों को भी छात्रवृत्ति मिलने जा रही है। धनराशि के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए। छात्रवृत्ति अल्प आय परिवार के छात्रों के लिए संबल बनेगी। सीएम ने कहा कि हर पात्र बच्चे तक छात्रवृत्ति पहुंचाएंगे। आज 4.60 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति मिल रही है। इसे 70 लाख बच्चों तक पहुंचाना है।

काशी के

की जानकारी दी गई। नमो घाट के साथ गंगा किनारे के संभावित भीड़ वाले क्षेत्रों को जोन और सेक्टर में विभाजित कर प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच सकते हैं। ऐसे में क्राउड मैनेजमेंट, यातायात, पार्किंग और लोगों के आवागमन की व्यवस्था पहले से स्पष्ट होनी चाहिए। दर्शकों के लिए पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छता और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर शो के दौरान केवल नमो घाट ही नहीं, बल्कि काशी के अन्य प्रमुख घाटों और आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों की भीड़ बढ़ सकती है। इसे देखते हुए घाटों पर भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, पार्किंग तथा जल और थल मार्ग से आवागमन की व्यवस्था को एकीकृत कार्ययोजना के तहत संचालित किया जाए। उन्होंने संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्थाओं की मॉकड्रिल कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्थिति में संबंधित टीमें तत्काल समन्वय के साथ कार्रवाई कर सकें।

एटीएस ने

संदिग्ध सामग्री जब्त किए जाने की जानकारी है। ध्यान रहे कि भारत सरकार ने पाकिस्तानी गैंगस्टर और सिंडिकेट ऑपरेटर शहजाद भट्टी को आतंकवादी घोषित किया था। उस पर सीमा पार से भारत में राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने, अवैध हथियारों की सप्लाई और स्थानीय आपराधिक गिरोहों का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए करने के आरोप हैं। एटीएस अधिकारियों के मुताबिक हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने की कोशिश जारी है।

चुनौतियों से

योजना है कि यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार चलता रहा, तो इसी वित्त वर्ष के अंत तक एमआरएफए सौदे को अंतिम रूप दे दिया जायेगा। भारत ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद पहल के तहत फरवरी में फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लंबित प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इस प्रस्ताव को मूल रूप से लगभग दो दशक पहले मंजूरी दी गई थी। परियोजना से संबंधित कीमतों पर बातचीत और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर फिलहाल चर्चा जारी है। उन्होंने भारत और फ्रांस के बीच जारी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा मुझे लगता है कि अगर सब कुछ ठीक रहा, तो हम इसी वित्त वर्ष में (एमआरएफए सौदे) पर हस्ताक्षर कर सकेंगे। मुझे यही उम्मीद है। लेकिन यह दोतरफा प्रक्रिया है।

अतिथि देवो

ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर तैयार करने, पर्यटन और तीर्थाटन को सुविधाजनक बनाने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए होम-स्टे जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ सौर ऊर्जा के उपयोग और सीमावर्ती इलाकों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग को विकास की प्रक्रिया से जोड़ना है। जरूरतमंद परिवारों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना तथा सरकारी सेवाओं में चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के युवाओं से अपने उत्तराखण्ड प्रवास की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान देखी गई संस्कृति, पर्यटन स्थलों और विकास कार्यों के बारे में अपने मित्रों एवं अन्य युवाओं को बताया जाए। सोशल मीडिया के जरिये उत्तराखण्ड के पर्यटन एवं तीर्थाटन, स्थानीय उत्पादों, मिलेट्स, हस्तशिल्प, होम-स्टे और महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी गतिविधियों को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाया जा सकता है।

उप्र विधान

प्रत्याशी शामिल हैं। वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रशांत कुमार, बेनी माधव, देव कुमार, चंद्रजीत सिंह यादव, ओम प्रकाश सिंह, मनोज कुमार वर्मा, और सुशील कुमार सिंह है। आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा हरि किशोर तिवारी व निर्दलीय मो. वासिम है। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय राजीव कुमार, राजिंद्र कुमार गंगवार, और नरेश कुमार शर्मा है। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय डॉ. शारदेंदु कुमार त्रिपाठी और राजीव यादव है। लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय श्रवण कुमार त्रिपाठी और शाह अल्लाम खान है। मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीयः डॉ. सुशील कुमार पुंडीर है। जबकि वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा से प्रमोद कुमार मिश्रा और निर्दलीय कपिल देव यादव व धर्मेंद्र कुमार ने नामांकन किया।

17 जिलों

फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा और सर्वोदय हॉस्पिटल, नोएडा की फार्मेसियों में लाइसेंस, बिक्री बिलों पर दर्ज पते तथा स्टॉक और बिक्री रिकॉर्ड से संबंधित अनियमितताएं मिलीं। वहीं, जावित्री हॉस्पिटल, लखनऊ में संचालित थोक फर्म में दवाओं के भंडारण और रख-रखाव से जुड़ी अनियमितता मिलने पर संबंधित औषधियों के विक्रय पर रोक लगाई गई। अभियान के दौरान अस्पतालों की फार्मेसियों में फार्मासिस्टों की उपलब्धता और उनकी मैपिंग की भी जांच हुई। वाराणसी हॉस्पिटल में फार्मासिस्टों की उपस्थिति और मैपिंग से जुड़ी कमियां मिलीं। विभाग ने संबंधित कमियों पर आवश्यक कार्रवाई शुरू की है। दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक भंडारण मानकों की भी पड़ताल की गई। टीएस मेडिकल कॉलेज, लखनऊ, क्लाउड नाइन, लखनऊ और फेलिक्स हॉस्पिटल, नोएडा में तापमान लॉगर अथवा कोल्ड चेन के रखरखाव से जुड़े मानकों में कमियां दर्ज की गईं।

यूपी में बड़ा

आयुक्त थे, अब प्रबंध निदेशक, पीसीएफ होंगे। डॉ. चन्द्र भूषण को प्रबंध निदेशक, पीसीएफ से अपर निदेशक, डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी बनाया गया है। सचिन कुमार सिंह को अपर निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद से विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

ध्रुव खाड़िया को मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर से मुख्य विकास अधिकारी, मऊ बनाया गया है। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्री



वेस्टइंडीज की पांच विकेट से जीत

10 नंबर की वेस्टइंडीज से हारी रैंकिंग टॉपर टीम इंडिया:351 रन का स्कोर डिफेंड नहीं कर पाई, राहुल की सेंचुरी बेकार गई

एजेंसी

मुल्लांपुर। क्रिकेट वनडे रैंकिंग में नंबर-10 पर मौजूद वेस्टइंडीज ने टॉप रैंक भारत को हरा दिया। टीम ने न्यू चंडीगढ़ में 5 विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 351 रन बनाए। केएल राहुल ने 87 बॉल पर नाबाद 129 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 92 रन की पारी खेली। उन्होंने बतौर ओपनर वनडे में 10 हजार रन भी पूरे किए। ऋतुराज गायकवाड ने 57 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 48.2 ओवर में 352 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। कप्तान शाई होप ने नाबाद 160 रन बनाए। उन्होंने 17 चौके और 3 सिक्स लगाए। 48.1 ओवर में नमन धीर की गेंद पर शाई होप ने फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।

अगली गेंद पर उन्होंने लॉन्ग ऑफ की ओर एक रन लेकर वेस्टइंडीज को 5 विकेट से जीत दिला दी। होप 162 रन पर नाबाद रहे। उन्होंने 143 गेंदों की पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए। वेस्टइंडीज ने 48.2 ओवर में 352/5 बनाकर जीत दर्ज कर ली। यह 2023 के बाद भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की पहली वनडे जीत है। 48वें ओवर में वेस्टइंडीज ने 22 रन बटोरकर मैच पूरी तरह अपनी ओर कर लिया। 47.3 पर गुरनूर बरार की नो-बॉल पर शाई होप ने चौका जड़कर 150 रन पूरे किए। इसके बाद होप ने एक चौका और एक रन लिया। ओवर की आखिरी दो गेंदों पर गुडाकेश मोटी ने पहले चौका और फिर छक्का जड़ दिया। 46वें ओवर में शाई होप ने गुरनूर बरार पर लगातार दो चौके लगाए और ओवर से कुल 15 रन आए। 46.1 पर होप ने बैकवर्ड पॉइंट और पॉइंट के बीच चौका जड़ा,



अगली गेंद पर कवर्स के बीच से बाउंड्री लगाई। इसके बाद एक रन लेकर स्ट्राइक मोटी को दी। मोटी ने आखिरी तीन गेंदों में 2 रन और चौका जड़ा। 47 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 323/5 है। होप 145 रन (137 गेंद, 15 चौके, 2 छक्के) पर नाबाद हैं। वेस्टइंडीज को 18 गेंदों में 29 रन चाहिए। 45.1 ओवर में कुलदीप यादव की फुल टॉस गेंद पर शाई होप ने एक पैर पर झुककर सीधा 83 मीटर का छक्का लगाया।

अगली ही गेंद पर कुलदीप की लाइन बिगड़ी और होप ने स्वीप करते हुए शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से चौका जड़ दिया। इन दो गेंदों से वेस्टइंडीज का स्कोर 300 के पार पहुंच गया। 43.3 ओवर में कुलदीप यादव ने मैथ्यू फोर्ड को 7 रन (12 गेंद, 1 चौका) पर आउट कर दिया। फोर्ड ने शॉर्ट गेंद पर पुल खेला, लेकिन डीप मिडविकेट पर नमन धीर को आसान कैच दे बैठे। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने पांचवां विकेट गंवा दिया। 41.5 ओवर में शाई होप ने अंशुल कंबोज की गेंद पर चौका जड़कर 117 रन पूरे किए। यह उनकी पारी में 41 गेंद बाद पहली बाउंड्री थी। 41.4 पर मैथ्यू फोर्ड का कैच भी छूटा, जब डीप फाइन लेग पर कुलदीप यादव के हाथ से गेंद निकल गई। 40.1 ओवर में गुरनूर बरार ने कीमो पॉल को 44 रन (35 गेंद, 5 चौके) पर आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। पॉल ने शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेला, लेकिन डीप स्क्वायर लेग पर नितीश रेड्डी को कैच दे बैठे। इसके साथ ही शाई होप के साथ उनकी 65 रन की साझेदारी टूट गई। वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड क्रीज पर आए। नीतीश ने 38वें ओवर में 6 रन दिए। पॉल और होप ने बड़े शॉट लगाने की कोशिश की। हालांकि 6 गेंद पर 6 सिंगल बटोर लिए। 35 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 236/3 है। शाई होप 103 रन (107 गेंद) और कीमो पॉल 18 रन (16 गेंद) पर नाबाद हैं। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 15 ओवर में 116 रन चाहिए। इस सीरीज में अब तक 10 सेंचुरी हो चुकी हैं, जो तीन मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में भारत-वेस्टइंडीज के नाम संयुक्त रूप से दूसरी सबसे ज्यादा हैं। 33.4 ओवर में शाई होप ने कुलदीप यादव की फुल गेंद को लॉन्ग-ऑन की ओर खेलकर सिंगल लिया और 21वीं वनडे सेंचुरी पूरी की।

यह उनकी लगातार दूसरी पारी में सेंचुरी है और भारत के खिलाफ उनकी 5वीं वनडे सेंचुरी है। 31वें ओवर में वेस्टइंडीज ने 6 रन बनाए। शाई होप ने दो सिंगल लेकर अपना स्कोर 98 रन किया और सेंचुरी से सिर्फ 2 रन दूर हैं। कीमो पॉल 10 रन पर पहुंच गए। 29.6 ओवर में नमन धीर ने शेरफेन रदरफोर्ड को 24 रन (25 गेंद, 2 चौके) पर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। अल्ट्राएज में स्पाइक दिखा, हालांकि गेंद बल्ले से लगी या बैट-पैड से, इसे लेकर स्थिति करीबी थी। रदरफोर्ड फैसले से खुश नहीं थे, लेकिन उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। इसके साथ ही वेस्टइंडीज का स्कोर 203/3 हो गया। 28.1 पर रदरफोर्ड ने सिंगल लेकर शाई होप के साथ 50 रन की साझेदारी पूरी की। होप ने 28.2 और 28.6 पर एक-एक रन लेकर अपना स्कोर 92 रन किया। 28वें ओवर में वेस्टइंडीज ने 3 रन बनाए। 27.4 पर शाई होप ने सिंगल लेकर 90 रन पूरे किए, जबकि रदरफोर्ड ने दो सिंगल लेकर अपना स्कोर 21 रन किया।

अमन के स्वर्ण, अंतिम के रजत से कुश्ती में भारत की झोली में छह पदक

नागोया। अमन सहरावत ने एशियाई खेलों में अपने कांस्य पदक को स्वर्ण में बदल दिया जबकि महाद्वीपीय खिताब जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय महिला पहलवान बनने की अंतिम पंघाल की कोशिश को जापान की मेई मियोका के हाथों हार के साथ निराशा का सामना करना पड़ा। मियोका ने शनिवार को यहां अंतिम को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी, जिससे भारतीय पहलवान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने कुश्ती प्रतियोगिता में छह पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) के साथ अपना अभियान समाप्त किया। यह 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में शीर्ष स्थान से चूकने के बाद भारत के इस प्रतियोगिता में सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक रहा। अमन ने पुरुषों के 57 किलेग्राम वर्ग में उत्तर कोरिया के चोंग सोंग हान को 10-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

यह कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक था। इससे पहले शुक्रवार को सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया था। भारत ने एशियाई खेलों में कुश्ती के दो स्वर्ण पदक 2018 के जकार्ता खेलों के बाद पहली बार जीते हैं। जकार्ता में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले अमन के सामने हान ने रक्षात्मक रवैया अपनाया। अमन ने अपना पहला स्कोरिंग मूव लगाते ही अंक हासिल करना शुरू किया और फिर एक और टेकडाउन करके स्कोर 4-1 कर दिया। उन्होंने बाएं पैर से हमला करते हुए हान को मैट पर पटक दिया और 6-1 की बढ़त बना ली।

इसके बाद हान ने अपने बाएं घुटने का उपचार कराया। खेल दोबारा शुरू होने के बाद उन्होंने लगातार तीन स्कोरिंग मूव बनाकर 7-6 की मामूली बढ़त हासिल कर ली। अमन ने अहम मौके पर अपना संयम बनाए रखा और दो और टेकडाउन करके 10-7 से जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इससे पहले इस 23 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में ताजिकिस्तान के ऐयाल बेलोल्यूब्स्की को 14-8 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने अपने अभियान की शुरुआत जापान के



यामातो ओगावा पर 20-9 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के नुरदानत ऐतानोव को हराया था। हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल इस बार अमन सहरावत की तरह स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सकीं। उन्हें महिलाओं के 53 किलेग्राम वर्ग में 2024 की विश्व चैंपियन जापान की मियोका के हाथों 1-9 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मियोका ने पूरे मुकाबले में अंतिम को कोई दमदार दांव लगाने का मौका नहीं दिया। दूसरे पीरियड में भारतीय पहलवान ने दाएं पैर से हमला करने की कोशिश की, लेकिन जापानी पहलवान ने तुरंत जवाबी हमला करते हुए बढ़त बना ली। इसके बाद मियोका ने 5-1 के स्कोर पर चार अंकों का दांव लगाकर अपनी बढ़त 9-1 कर ली, जो निर्णायक साबित हुई।

संक्षेप

भारत थाईलैंड से 2-3 से हारकर छठे स्थान पर

नागोया। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम शनिवार को यहां पांचवें और छठे स्थान के लिए खेले गए मैच में थाईलैंड से 2-3 से हार गई और इस तरह से उसने एशियाई खेलों में छठे स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया। एक घंटे और 56 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम 19-25, 25-17, 21-25, 25-17, 15-17 से हार गई। भारत की तरफ से जेरोम विनीत ने 22 और जोएल बेंजामिन जेबराज ने 17 अंक बनाए। अश्वल राय (14 अंक) और चिराग यादव (11) ने भी अपना योगदान दिया। थाईलैंड की ओर से सुवित महासिरियोथिन ने 25 और थानेट बमरुंगफाकडी ने 19 अंक बनाए।

भारतीय महिला रग्बी टीम छठे स्थान पर रही

नागोया। भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां रग्बी-सेवन्स के क्लासिफिकेशन मैच में कजाखस्तान से 0-20 से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह एशियाई खेलों में छठे स्थान पर रही। इससे पहले भारतीय टीम ने सिंगापुर को 22-5 से हराकर पांचवें-छठे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में जगह बनाई। इस हार के साथ ही एशियाई खेलों में भारत के रग्बी अभियान का समापन भी हो गया।

हॉकी खिलाड़ियों को 11.11 लाख का पुरस्कार का ऐलान

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के हर खिलाड़ी के लिये 11 लाख रूपये नकद पुरस्कार का ऐलान किया है। प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को साढे पांच लाख रूपये दिये जायेंगे। भारत ने चीन को 1.0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई भी किया। ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण मांझा ने भारतीय महिला हॉकी टीम के हर सदस्य को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर 11 लाख रूपये और सहयोगी स्टाफ को साढे पांच लाख रूपये देने का फैसला किया है। ओडिशा सरकार 2018 से भारतीय पुरूष और महिला हॉकी की प्रायोजक है और यह करार 2036 तक है। ओडिशा सरकार 2018 से भारतीय पुरूष और महिला हॉकी की प्रायोजक है और यह करार 2036 तक है।

कुमकुम ने महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण जीता

एजेंसी

नागोया। सत्रह वर्ष की कुमकुम मोहाद ने दबाव में संयम के साथ खेलते हुए एशियाई खेलों की महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा में कोरिया की ओ येजिन को शूटआउट में हराकर स्वर्ण पदक जीता।

कुमकुम एशियाई खेलों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला तीरंदाज बन गई। स्कोर 5.5 से बराबर रहने के बाद कुमकुम ने शूटआउट में 10 स्कोर किया जबकि येजिन आठ ही स्कोर कर सकी। इससे पहले चीन की जिंगयी झू को हराकर फाइनल में पहुंचने के साथ कुमकुम ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के दो कोटा स्थानों में से एक हासिल कर लिया। यह कोटा देश को मिलता है। कुमकुम ने झू को 28-27, 30-30, 29-29, 29-28 से हराया और



ओलंपिक कोटा भी हासिल किया

महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय रिकर्व तीरंदाज बन गई। कुमकुम ने पहला सेट 9, 10 और 9 के स्कोर से जीता। दूसरे सेट में दोनों तीरंदाजों ने तीनों निशाने इनर 10 में लगाये। तीसरा सेट भी बराबरी पर रहा। आखिरी सेट में कुमकुम ने 29.28 से जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग को क्वार्टर फाइनल में 6.4 से हराया था।

नीरज ने व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

नागोया। भारतीय तीरंदाज नीरज चौहान ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में अपने हमवतन धीरज बोम्मादेवरा को 6-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। नीरज ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मैच में धीरज को 29-26, 27-28, 28-29, 30-28, 29-28 से हराया। इस तरह से वह तरुणदीप राय के बाद एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रिकर्व पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त धीरज सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली वू से ओक से 3-7 से हार गए, जबकि नीरज को अंतिम चार के मैच में जापान के तीरंदाज जुन्या नाकानिशी से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज ने क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के अमीरखोन सादिकोव को 6-2 (29-27, 29-27, 28-28, 28-28) से, जबकि नीरज ने भूटान के लाम दोरजी को 7-1 (26-20, 27-24, 26-26, 28-27) से पराजित किया था।

अदिति ने लोकशिता संग जीता युगल खिताब

खेल संवाददाता

लखनऊ। अदिति झा व लोकशिता यादव ने किरन अग्रवाल मेमोरियल लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में उम्दा खेल दिखाते हुए बालिका अंडर-11 युगल का खिताब अपने नाम कर लिया। अदिति व

मेगन, अर्णवी, सार्थक, प्रशस्ति व तेजस भी दो वर्गों के फाइनल में पहुंचे

लोकशिता की जोड़ी ने इस वर्ग के फाइनल में अन्विका व कशिका खन्ना को 11-15, 16-14, 15-11 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर में आयोजित चैंपियनशिप में शनिवार को



क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। अदिति ने बालिका अंडर-11 एकल के फाइनल में भी जगह बनाई।

वहीं मेगन प्रकाश ने बालिका अंडर-17 व अंडर-15 एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अर्णवी पाठक, सार्थक यादव, प्रशस्ति शर्मा, तेजस प्रताप सिंह ने भी दो वर्गों के फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालिका अंडर-17 एकल के सेमीफाइनल में मेगन प्रकाश ने अपराजिता घोषाल को 15-9, 15-7 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मे अर्णवी पाठक ने सारा अली को 15-8, 15-11 से शिकस्त दी। मेगन ने फिर बालिका अंडर-15 एकल के सेमीफाइनल में ऋद्धि दुबे को 15-9, 16-18, 15-12

किरन अग्रवाल मेमोरियल लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप

से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में अर्णवी पाठक ने सारा अली को 12-15, 15-4, 15-3 से हराकर खिताबी मुकाबलों में प्रवेश किया। बालिका अंडर-11 एकल के सेमीफाइनल में अदिति झा ने अन्विका को 15-13, 15-8 से हराया जबकि किमाया सिंह ने लोकशिता यादव को 15-6, 15-8 से शिकस्त दी।

दीपक पूनिया ने 97 किग्रा कुश्ती में जीता कांस्य पदक

नागोया। भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने शनिवार को यहां मंगोलिया के गनखुयाग गनबातार को 2-1 से हराकर पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया। इसके साथ ही दीपक ने एशियाई खेलों में अपना दूसरा पदक हासिल किया। इस 27 साल के पहलवान ने इससे पहले 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। वह इस बार फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। सेमीफाइनल में उन्हें उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव के हाथों कड़े मुकाबले में 8-9 से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले 86 किग्रा में चुनौती पेश करने वाले दीपक ने इन खेलों में 97 किग्रा भार वर्ग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उन्होंने चीन के जुनपेंग झोउ को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया।

माही वर्मा एशियाई खेलों में डिंगी स्पर्धा में आठवें स्थान पर

आइची। भारत की 16 वर्षीय सेलर माही वर्मा शनिवार को लड़कियों की डिंगी स्पर्धा की शुरूआती सीरीज की 12वीं रेस में आठवें स्थान पर रहीं और यहां एशियाई खेलों में कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहीं। माही ने पहली रेस से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने बाकी सभी रेस में हिस्सा लिया लेकिन उनके कुल अंक 75 और नेट अंक 57 रहे। एशियाई खेलों में नौकायन स्पर्धाएं अंतरराष्ट्रीय लो-पॉइंट फ्लीट रेसिंग प्रारूप का पालन करती हैं जिसमें सबसे कम स्कोर वाले सेलर प्रतियोगिता जीतते हैं। इस प्रकार स्वर्ण पदक थाईलैंड की पिनचानोक क्लायसोम्बून (25 कुल अंक) ने जीता।

अखिलेश यादव ने पिकलबॉल प्रीमियर लीग का किया उद्घाटन

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के आईआईएम रोड स्थित अवियान रिजॉर्ट में गुरुवार, 2 अक्टूबर को 'क्रेसेंट प्रेजेंट्स पिकलबॉल प्रीमियर लीग' (पीपीएल) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष, कन्नौज से सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर पिकलबॉल खिलाड़ी, फ्रेंचाइजी मालिक, प्रायोजक, पार्टनर और खेल समुदाय से जुड़े लोग मौजूद रहे। तीन दिन तक चलने वाली इस लीग में विभिन्न कौशल स्तर के खिलाड़ी टीम फॉर्मेट में मुकाबले कर रहे हैं। प्रतियोगिता में



कुल 10 लाख रुपये का पुरस्कार रखा गया है। लीग का आयोजन 4 अक्टूबर तक होगा। अंतिम दिन नॉकआउट मुकाबलों के बाद पहले 'क्रेसेंट प्रेजेंट्स पीपीएल' चैंपियन का फैसला होगा। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन केवल पिकलबॉल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है। इसे खेल और लाइफस्टाइल फेस्ट के रूप में भी तैयार किया गया है। यहां मैचों के साथ लाइव म्यूजिक, मनोरंजन, खान-पान, शॉपिंग, इंटरैक्टिव गेम्स और परिवार के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। फेस्टिवल में वेलनेस जोन भी बनाया गया है, जहां पिलेट्स और फिटनेस से जुड़ी गतिविधियां होंगी। आयोजन का उद्देश्य लखनऊ में पिकलबॉल को अधिक लोगों तक पहुंचाना और खिलाड़ियों, कोर्ट मालिकों, खेल समुदायों, ब्रांड्स तथा दर्शकों को एक मंच पर लाना है। प्लेवल स्पोर्ट्स वेंचर्स की ओर से आयोजित यह लीग 3 और 4 अक्टूबर को भी अविवान रिजॉर्ट में जारी रहेगी। इस दौरान दर्शकों को पिकलबॉल मुकाबलों के साथ मनोरंजन और वेलनेस गतिविधियों का भी अनुभव मिलेगा।

एशियाई खेल : भारत ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

निशिन। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतकों की मदद से भारत ने हसन नवाज की आक्रामक पारी के बावजूद रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर शनिवार को यहां एशियाई खेलों के

अभिषेक और तिलक ने की धुआंधार बल्लेबाजी

पुरुष क्रिकेट में अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। अभिषेक ने 28 गेंद पर 61 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। तिलक वर्मा ने आखिरी ओवरों में 22 गेंद पर नाबाद 51 रन की पारी खेली जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्हें शिवम दुबे का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 15 गेंद पर 27 रन बनाए।

इससे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी भारतीय टीम ने छह विकेट पर 211 रन का बड़ा स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से अहमद दानियाल और अराफात मिन्हास ने दो-दो विकेट लिए। पाकिस्तान खराब शुरुआत के बावजूद हसन नवाज की 51 गेंदों पर 96 रन की पारी से मुकाबले में बना रहा लेकिन आखिर में वह छह विकेट पर 192 रन तक ही पहुंच पाया। नवाज जब चार रन पर थे तब वैभव सूर्यवंशी ने उनका कैच छोड़ दिया था। नवाज ने अपनी पारी में पांच चौके और सात छक्के लगाए। भारत की तरफ से अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए। भारत की महिला



क्रिकेट टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता था और इस तरह से वह इस खेल में दोहरी सफलता हासिल करने में सफल रहा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशिया कप के फाइनल में भी पाकिस्तान को हराया था। बड़े लक्ष्य का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इस दौरान उसने विकेट भी गंवाए। स्पिनर अक्षर और वाशिंगटन ने उसके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वाशिंगटन ने कप्तान साहिबजादा फरहान (10) को डीप मिडविकेट पर कैच कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। अक्षर ने इसके बाद नए बल्लेबाज उस्मान खान (03) को तुरंत ही पवेलियन की राह दिखा दी। उन्होंने माज सदाकत (23) के तीखे तेवरों पर भी विराम लगाया, जिससे पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 39 रन हो गया।

भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

हरमनप्रीत सिंह की टीम ने एशियाई हॉकी का स्वर्ण बरकरार रखा

एजेंसी

काकामिगाहारा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने शनिवार को मलेशिया को एकतरफा फाइनल में 5.1 से हराकर एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण बरकरार रखा और 2028 ओलंपिक के लिये भी क्वालीफाई कर लिया। इससे एक दिन पहले महिला टीम ने गत चैम्पियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1.0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण जीता और ओलंपिक का टिकट कटाया था। यह पहली बार हुआ है कि एक ही एशियाई खेलों में भारत की महिला और पुरूष दोनों टीमों ने स्वर्ण जीता है।

पिछले महीने नीदरलैंड और बेल्जियम में विश्व कप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहने के बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम ने शानदार वापसी की। कप्तान हरमनप्रीत (11वें और 57वें मिनट), जुगराज सिंह (23वें मिनट), हार्दिक सिंह (42वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (54वें मिनट) ने भारत के लिये गोल दागे। मलेशिया के लिये एकमात्र गोल 14वें मिनट में शेलो सिल्वेरियस ने किया। हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में



सर्वाधिक 12 गोल दागे। इसके साथ ही वह लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए। भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह तीन एशियाई खेलों में खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बन गए। वह 2014 और 2022 खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम का भी हिस्सा थे। भारत को मैच में 14 जबकि मलेशिया को दो बार पेनल्टी कॉर्नर मिले। इस जीत के साथ लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाला पाकिस्तान के बाद भारत दूसरा देश बन गया। भारत ने 1966, 1998, 2014 और 2022 में खिताब जीता था। पहले हाफ में मलेशियाई खिलाड़ियों ने अपनी चपलता से भारतीयों को काफी परेशान किया लेकिन दूसरे हाफ में भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा। पहले क्वार्टर में भारतीयों में तालमेल की कमी दिखी और ट्रैपिंग भी खराब थी।

सर्कल के भीतर भी अच्छे पास नहीं दे पा रहे थे। भारत को छठे मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन विवेक सागर प्रसाद की रिवर्स हिट गोल के ऊपर से चली गई। दो मिनट बाद हार्दिक सिंह को सर्कल के भीतर नीलाकांता शर्मा ने पास दिया लेकिन शॉट इतना कमजोर था कि मलेशिया ने आसानी से बचा लिया। भारत को 11वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर हरमनप्रीत ने गोल दागा। गोल गंवाने के बाद मलेशिया ने जवाबी हमले बोले और फैजल सारी भारतीय सर्कल में कई बार घुसे। मलेशिया के लिये बराबरी का गोल शेलो ने 14वें मिनट में दागा।

एमपी में नहीं बचेगी नशे की कोई जगह

प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक तीन वर्ष में न्याय दिलाने का पूरा काम हो जायेगा : शाह

एजेंसी

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत की न्याय व्यवस्था कभी तारीख पर तारीख के लिए जानी जाती थी, लेकिन नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक तीन साल में न्याय दिलाने का पूरा काम हो जाएगा। राज्य की राजधानी भोपाल के भेल इलाके में स्थित दशहरा मैदान में नए आपराधिक कानूनों पर केंद्रित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद शाह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणालियों में शामिल होगी।



शाह ने देशभर में नशे के खिलाफ जारी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ऐसी योजना पर काम कर रही है, जिससे 31 दिसंबर 2029 के बाद मध्यप्रदेश में नशे के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। उन्होंने कहा, भारत की न्याय व्यवस्था कभी तारीख पर तारीख के तानों के लिए जानी जाती थी, लेकिन अब नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक तीन वर्ष में न्याय दिलाने का पूरा काम हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तीन नए कानूनों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समाहित करते हुए फॉरेंसिक जांच के प्रावधान किए गए हैं और इनके माध्यम से महिला सुरक्षा, मॉब लिंचिंग (भीड़ हिंसा), गुमशुदा बच्चों और आतंकवाद से नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानूनी प्रावधान किए गए हैं। भारत में एक जुलाई 2024 को भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रभावी हुए थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून उनके शासन को बचाने के लिए थे, जबकि तीन नए आपराधिक कानून भारत के नागरिकों के सम्मान, संपत्ति और शरीर की रक्षा के लिए हैं। शाह ने कहा, इन कानूनों का मूल मंत्र न्याय है, दंड नहीं।

दंड का प्रावधान केवल अपराधियों को अपराध करने से रोकने के लिए है। इन कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद हमारी आपराधिक न्याय व्यवस्था दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणालियों में शामिल होगी। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आजादी के बाद से कृषि व्यवस्था, ग्रामीण विकास और सहकारिता से जुड़े लोग अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग करते रहे, लेकिन तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी ने 75 वर्षों तक अलग सहकारिता मंत्रालय नहीं बनने दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलग सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर सहकारिता क्षेत्र को नयी दिशा दी। इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे गोपालकों को मिलेगा। खुले बाजार में दूध बेचने पर बिचौलिए लाभ का बड़ा हिस्सा ले जाते हैं, लेकिन सहकारिता मॉडल में उनके लिए कोई जगह नहीं बची है।

दिल्ली में 100 एकड़ की जमीन खाली कराई गयी : रेखा गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को ओखला, गाजीपुर और सिंघोला कूड़े के पहाड़ वाली जगह पर कचरा प्रसंस्करण सुविधाओं की आधारशिला रखी। गुप्ता ने कहा कि सरकार ने पिछले डेढ़ साल में शहर के तीन कूड़े के पहाड़ वाली जगहों से 100 एकड़ जमीन खाली कराई है। इन सुविधाओं का उद्देश्य कूड़े और निर्माण एवं तोड़फोड़ से निकलने वाले कचरे का प्रसंस्करण करना और शहर में कचरे के नए पहाड़ बनने से रोकना है। रेखा गुप्ता ने ओखला में कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से कहा कि सरकार दो मोर्चों पर काम कर रही है, मौजूदा कूड़े के पहाड़ वाली जगह से पुराने कचरे को हटाना और यह सुनिश्चित करना कि रोजाना निकलने वाले कचरे का



ढेर लगाए बिना उसका प्रसंस्करण किया जाए। उन्होंने कहा, आज ओखला में हमने जनवरी 2025 से पहले मौजूद लगभग पूरा पुराना कचरा प्रसंस्कृत कर दिया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि रोजाना करीब 3,000-4,000 मीट्रिक टन कचरा इस स्थल पर पहुंचता है और नयी इकाई के जरिये उसका नियमित रूप से प्रसंस्करण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार मौजूदा कचरे के पहाड़ों को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, लोग देख रहे हैं कि कूड़े के पहाड़ लगातार छोटे हो रहे हैं और जल्द ही ऐसा समय आएगा जब ये पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि कचरा प्रसंस्करण सुविधाओं से बायोगैस, हरित ऊर्जा और खाद का भी उत्पादन होगा। रेखा गुप्ता ने कहा कचरा सिर्फ कचरा नहीं रहना चाहिए, दिल्ली को इसका इस्तेमाल संपदा के रूप में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कचरे को अलग करने और उसके प्रसंस्करण के लिए नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में तकनीक आधारित कचरा प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने के प्रयासों के तहत कचरे और पशुओं के गोबर का इस्तेमाल बायोगैस और खाद बनाने में किया जाएगा।

संक्षेप

होर्मुज जलडमरूमध्य में टैंकर पर हमले, 5 भारतीय को बचाया



दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य में कुवैत के झंडे वाले एक टैंकर पर प्रक्षेपास्त्र हमले के बाद पांच भारतीय नागरिकों को बचाया गया। ओमान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने एमटी काजिमाह 3 पर सवार पांच भारतीयों को बचाने के अभियान में मदद की और उन सभी को सुरक्षित रूप से किनारे पर पहुंचाया गया। उसने बचाव अभियान में लगातार सहयोग और मदद के लिए ओमान के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। दूतावास ने इस घटना के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। यह घटना खाड़ी क्षेत्र में बढ़े हुए तनाव के बीच हुई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद से भारतीय नाविकों वाले कई वाणिज्यिक जहाजों पर हमले हुए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्र का एक संकरा रास्ता है जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।

पीएम 3 नवंबर को बारामती स्थित प्रेरणा स्थल का करेंगे उद्घाटन : शरद पवार

एजेंसी

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को बारामती का दौरा करेंगे और नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे, जहां भगवान बुद्ध की चार टन वजनी प्रतिमा स्थापित की गई है। पवार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विद्या प्रतिष्ठान में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार, सीरम इंस्टीट्यूट के साइरस पूनावाला तथा माइक्रोसॉफ्ट के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। पवार इस शैक्षणिक ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुबह करीब 10 बजे बारामती हवाई अड्डे पहुंचेंगे और वहां से सीधे विद्या प्रतिष्ठान जाएंगे। वहां वह नक्षत्र गार्डन में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा वाले प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे। परिसर में कई प्रमुख हस्तियों के चित्र और तस्वीरें भी प्रदर्शित की जाएंगी।

काठमांडू में 3,500 सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल ने आगामी विजयदशमी, दीपावली और छठ पर्व को लेकर विशेष सुरक्षा योजना तैयार की है, जिसके तहत काठमांडू घाटी में करीब 3,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के प्रमुख दिलीप घिमिरे ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्दी के अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पर्व के दौरान चोरी, धोखाधड़ी, लूट और सार्वजनिक स्थानों पर दुर्व्यवहार को प्रमुख सुरक्षा चुनौतियों के रूप में चिह्नित किया है।

घिमिरे ने कहा कि पुलिसकर्मियों को 22 अलग-अलग तरह की ड्यूटी पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा जांच बढ़ाई जाएगी तथा



निगरानी के लिए खोजी कुत्तों और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों, बाजारों और अन्य ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां पर्व के दौरान लोगों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। काठमांडू जिला पुलिस रेंज ने पर्व के दौरान घाटी से अपने गृह नगर जाने वाले लोगों के लिए 13 बिंदु सुरक्षा सलाह भी जारी की है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर में कीमती आभूषण, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज न छोड़ें तथा जहां संभव हो, उन्हें बैंक लॉकर में रखें।

पुलिस ने लोगों से जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने तथा शराब का सेवन करने के बाद झगड़े, अनावश्यक शोर और असामाजिक व्यवहार से बचने की अपील की है। ऑनलाइन खरीदारी करने वालों को फर्जी वेबसाइट, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के जरिये प्रसारित आकर्षक प्रस्तावों से सावधान रहने को कहा गया है। सलाह में लोगों से फर्जी टिकट, धोखाधड़ी और अवैध लेनदेन के प्रति सतर्क रहने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने को भी कहा गया है।

नाइजीरिया में सड़क हादसे में 20 की मौत

अबूजा (नाइजीरिया)। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य स्थित प्लेट्यू राज्य में कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी। संघीय सड़क सुरक्षा आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि शुक्रवार को हुए इस हादसे में चार वाहन शामिल थे और प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ब्रेक फेल होना सामने आया है। यह हादसा प्लेट्यू को राजधानी अबुजा से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग हावान किबो-जोस मार्ग पर हुआ। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नइजीरिया में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, जिसकी एक वजह सड़कों की खराब हालत और यातायात नियमों को सख्ती से लागू न करना है।

भारत के युद्धविराम प्रस्ताव पर विचार के लिए यूक्रेन की सहमति

एजेंसी

कीव। यूक्रेन ने रूस के साथ संभावित युद्धविराम के लिए भारत के प्रस्ताव को कीव को मिले चार प्रस्तावों में से सबसे व्यापक बताया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि उनका देश ऊर्जा बुनियादी ढांचे और काला सागर को लेकर युद्धविराम के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार है। अखबार यूरोपियन प्रावदा के अनुसार सिबिहा ने शुक्रवार को कीव में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास चार प्रस्ताव हैं।

इनमें सबसे व्यापक भारत का प्रस्ताव है। हम ऊर्जा क्षेत्र और काला सागर को लेकर युद्धविराम के लिए तैयार हैं, लेकिन केवल दोनों को एक साथ लागू किए जाने की स्थिति में। रूस-यूक्रेन युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस युद्ध में हजारों नागरिकों



की मौत हुई है, लाखों लोग विस्थापित हुए हैं और मकानों तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। ये टिप्पणियां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के एक दिन बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन संघर्ष का सभी पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास बहुत अच्छे विचार हैं। सिबिहा ने कहा कि संभावित युद्धविराम के प्रस्ताव भारत, तुर्किये, मिस्र और अमेरिका की ओर से आए हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्धविराम के विभिन्न प्रारूपों पर विचार करने के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी समझौते में केवल सैन्य अभियानों को ही नहीं, बल्कि ऊर्जा और बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे पर हमलों तथा काला सागर की स्थिति को भी शामिल किया जाना चाहिए। पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी, करीबी रिश्ते होने के बावजूद, संघर्ष खत्म करने का मुद्दा लगातार उठाते हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, पुतिन ने वाल्दाई अंतरराष्ट्रीय चर्चा क्लब की वार्षिक बैठक में कहा, पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी के पास बहुत अच्छे विचार हैं।

रूस के हमले में यूक्रेन में छह लोगों की मौत

कीव। रूस के हमले में शनिवार को यूक्रेन में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कीव का एक अहम पुल क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस पुल और बुनियादी ढांचे पर हमलों के जरिये यूक्रेन की राजधानी कीव में सामान्य जनजीवन को प्रभावित करना चाहता है। हाल के दिनों में रूस ने आवासीय इमारतों, सुपरमार्केट के गोदामों, गैस स्टेशन और डेटा केंद्रों सहित अन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। कीव के महापौर विताली क्लित्स्को ने कहा कि हमले में पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यातायात रोकना पड़ा।

उत्तरी कोरिया ने समुद्र की ओर प्रक्षेपास्त्र दागा : दक्षिण कोरिया

एजेंसी

सियोल। दक्षिण कोरियाई सेना ने शनिवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर कम से कम एक प्रक्षेपास्त्र दागा। सीमा पर बारूदी सुरंग में विस्फोट के कारण दक्षिण कोरिया के तीन सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों पक्षों में बढ़े तनाव के बीच उत्तर कोरिया का यह नवीनतम हथियार परीक्षण है। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि यह प्रक्षेपास्त्र पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर दागा गया। हालांकि, उसने तत्काल यह नहीं बताया कि यह कितनी दूर तक गया या यह बैलिस्टिक मिसाइल थी या कोई अन्य हथियार। यह परीक्षण उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन की बहन द्वारा दक्षिण कोरिया की उन मांगों को हास्यास्पद बताने के एक दिन बाद हुआ, जिनमें सीमा पर हुए बारूदी सुरंग विस्फोट के लिए उत्तर कोरिया से माफी मांगने को कहा गया था।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका के नेतृत्व वाले संयुक्त राष्ट्र कमान का कहना है कि ये विस्फोट सीमा के दक्षिण में उत्तर कोरिया द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों के कारण हुए थे।

इंटरटेनमेंट...

'दृश्यम 3' ने ओपनिंग डे पर बनाये रिकॉर्ड

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 66.75 करोड़ रुपए कमाए। यह अजय देवगन के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी यह फिल्म शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अजय देवगन विजय सलगांवकर के रोल में लौटे हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारत में 15,759 शोज से 66.75 करोड़ रुपए नेट कमाए।



इसका ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। विदेशों में फिल्म ने 15 करोड़ रुपए कमाए। इससे इसकी कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कमाई 95.10 करोड़ रुपए हो गई है। 'दृश्यम 3' इस साल किसी हिंदी फिल्म की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। यह सिर्फ 'धुरंधर द रिवेंज' से पीछे है। यह बॉलीवुड इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म भी बन गई है। इससे आगे सिर्फ 'धुरंधर 2' और 'जवान' हैं। फिल्म ने रणवीर सिंह की 'धुरंधर' की 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग को पीछे छोड़ा। इसने शाहरुख खान की 'पठान' की 57 करोड़ रुपए और रणबीर कपूर की 'एनिमल' की 63 करोड़ रुपए की ओपनिंग भी पार कर ली। वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म ने 'कल्कि' की 95 करोड़ रुपए और 'सालार' की 91 करोड़ रुपए की कमाई को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में जबरदस्त डिमांड देखी गई थी। बुकिंग शुरू होने के सात दिनों में फिल्म ने भारत में 60.17 करोड़ रुपए ग्रॉस कमाए। इसमें ब्लॉक की गई सीटों की कमाई भी शामिल है। ब्लॉक सीटों को हटाकर एडवांस ग्रॉस कलेक्शन 49.29 करोड़ रुपए रहा। फिल्म ने 51,570 शोज में करीब 18.02 लाख टिकट बेचे।

वर्ल्डवाइड कमाई हुई 95 करोड़, धुरंधर, पठान-एनिमल के रिकॉर्ड टूटे, अजय देवगन की सबसे बड़ी ओपनिंग

अजय देवगन के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्मों में दृश्यम 3: द कन्क्लूजन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। फिल्म ने पहले दिन ?66.75 करोड़ कमाई के साथ अजय देवगन की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की। इससे पहले यह रिकॉर्ड सिंघम अगेन के नाम था, जिसने पहले दिन ?43.50 करोड़ कमाए थे। शुक्रवार को ओपनिंग डे पर हुई कमाई के बाद वीकेंड में फिल्म की कमाई में उछाल आने के अनुमान हैं।

गाने 'चुट्टामल्ले' के डीपफेक वीडियो पर भड़के जूनियर एनटीआर

मुंबई। साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर ने उनकी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' के अक से बनाए गए मॉर्फ्ड (डीपफेक) वीडियो को लेकर भड़क गए। यह गाना जान्हवी कपूर के साथ फिल्माया गया था। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, ?यह बेहद घिनौना, शर्मनाक और निंदनीय है। जिस देश में महिलाओं को मां और देवी के रूप में सम्मान दिया जाता है और 'मातृदेवो भव' हमारी संस्कृति का हिस्सा है, वहां कुछ लोग एआई का इस्तेमाल कर एक महिला का इस तरह अपमान कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर ने मॉर्फ्ड 'चुट्टामल्ले' वीडियो बनाने और उसे फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने लिखा कि 'चुट्टामल्ले' के इस मॉर्फ्ड वीडियो को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ मैं हर संभव कानूनी कार्रवाई करूंगा।

174 लोगों को बचाने वाले पायलट को बॉलीवुड का सलाम

मुंबई। फ्लाईदुबई की फ्लाइट में को-पायलट के हमले के बाद भी 174 यात्रियों की जान बचाने वाले भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी पर कई बॉलीवुड सेलेब्स ने रिएक्शन दिया है। लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने मांग की है कि कैप्टन स्मित को देश का दूसरा सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'महावीर चक्र' दिया जाना चाहिए। वहीं, परेश रावल, रवीना टंडन, रवि किशन, विजय देवरकोंडा और आर माधवन समेत कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कैप्टन की हिम्मत और सूझबूझ की तारीफ की है।

सलमान खान की 'मातृभूमि' को सरकार से एनओसी

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार से एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को सीबीएफसी की मंजूरी का इंतजार है। भारत-चीन के बीच 2020 में हुए टकराव पर बनी इस फिल्म में कई बदलाव किए गए हैं। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी देश के सम्मान को ठेस न पहुंचे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूचना और प्रसारण मंत्रालय को मेकर्स के दिए 'मातृभूमि' के नए वर्जन से कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद इस वॉर-ड्रामा फिल्म को एनओसी दे दी गई है। एनओसी मिलने के बाद फिल्म इस साल के

सीबीएफसी की मंजूरी बाकी, भारत-चीन रिश्तों को ध्यान में रखकर फिल्म में हुए कई बदलाव, जानिए क्यों अटकी फिल्म

आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, सलमान खान और उनकी टीम इसे 13 नवंबर को रिलीज करने पर विचार कर रही है। उनका



मानना है कि दिवाली के बाद का फेस्टिव माहौल फिल्म की रिलीज के लिए सही रहेगा। फिल्म की सेंसर प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। मेकर्स जल्द ही फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के पास जमा करेंगे। अगर सीबीएफसी से मंजूरी मिल जाती है और यह प्रक्रिया इसी महीने पूरी हो जाती है, तो सलमान और उनकी टीम फिल्म को 13 नवंबर को रिलीज कर सकती है। सीबीएफसी से सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार मानी जाती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 10 दिनों में फिल्म की स्थिति पूरी तरह साफ हो जाएगी। फिल्म जिस घटना पर आधारित है, वह चीन से तनावपूर्ण रिश्तों के बीच घटी थी, हालांकि अब चीन के साथ सुधरे रिश्तों को देखते हुए सरकार ने फिल्म के कुछ हिस्सों पर आपत्ति जताई थी। सरकार ने मेकर्स को उनमें बदलाव करने का सुझाव दिया। इसके बाद 'मातृभूमि' को ओरिजिनल वर्जन की तुलना में काफी बदला गया है। अब फिल्म में भारत और चीन के रिश्तों को सकारात्मक नजरिए से दिखाया जाएगा।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com